CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 04°C

मेरठ, सोमवार 12 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 223 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



किस एसआईआर को सही माना जाए: अखिलेश
पेज 2



साइड स्ट्रेन के कारण पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर
खेल टाइम्स



क्या ईरान के लिए अब परमाणु परीक्षण जरूरी है
सम्पादकीय



ट्रम्प को बताया गया ईरान पर हमले का प्लान
पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वतखोरी मामले में डब्ल्यूसीएल के अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के नीलजाई उप क्षेत्र स्थित नाइगांव ओपन कास्ट खदान के प्रभारी फोरमैन को 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक जायसवाल के रूप में हुई है। सीबीआई ने कहा कि उसने आरोपियों के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर नौ जनवरी को मामला दर्ज किया था। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार यह मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता (जो स्वयं भी डब्ल्यूसीएल कर्मचारी है) के माध्यम से दो डब्ल्यूसीएल कर्मचारियों के आपसी तबादले में सुविधा प्रदान करने के लिए 50,000 रुपये (प्रत्येक 25,000 रुपये) की रिश्वत की मांग की थी। उन कर्मचारियों में से एक शिकायतकर्ता का रिश्तेदार था।

### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, सेहत में सुधार

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन प्रमुख सोनिया गांधी को रविवार शाम सर गंगाराम अस्पताल से सेहत में सुधार होने के बाद छुट्टी मिल गई। ठंड और दिल्ली प्रदूषण के कारण अस्थमा से जुड़े लक्षण बढ़ने पर श्रीमती गांधी को पांच जनवरी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में तेज़ी से हो रहे सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई है। श्रीमती गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली प्रदूषण की वजह से कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उर्वरकों पर जीएसटी पांच प्रतिशत हो :आईएमएमए

**नई दिल्ली।** इंडियन माइक्रो- फर्टिलाइजर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमएमए) ने केंद्र से आग्रह किया है कि 'फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर' के तहत अधिसूचित सभी उर्वरकों पर वस्तु एवं सेवा कर की दर को समान रूप से घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए। एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपनी बजट पूर्व सिफारिशों में उर्वरक क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए बड़े नीतिगत सुधारों की मांग की है।


### हिंदी में संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनने की क्षमता

**नई दिल्ली।** भारत-जापान सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने वाले पद्मश्री सम्मानित प्रोफेसर तोमियो मिजोकामी ने कहा है कि हिंदी भाषा में वह क्षमता है कि एक दिन यह संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बन सकती है। प्रो. मिजोकामी ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम में एक बार फिर यह संदेश दिया कि हिंदी अब केवल भारत की भाषा नहीं रही, बल्कि वैश्विक भाषा बनती जा रही है।

# पीएसएलवी-सी 62/ईओएस-एन1 मिशन की उल्टी गिनती शुरू

**चेन्नई, वार्ता**

- मिशन सोमवार सुबह 10:17 पर आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा
- नए साल में इसरो का यह पहला लॉन्च



**आंध्र प्रदेश स्थित** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र में पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन 1 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' अभियान और 15 अन्य उपग्रहों के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती रविवार सुबह शुरू हो गई है।

यह मिशन सोमवार सुबह (आज) 10:17 पर यह श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा। नए साल में इसरो का यह पहला लॉन्च होगा। ईओएस-एन1, जिसे अन्वेषा भी कहा जाता है, एक भारतीय हाइपरस्पेक्ट्रल अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट है, जिसे डीआरडीओ ने रणनीतिक रक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ कृषि, शहरी मानचित्रण और पर्यावरण मूल्यांकन में नागरिक निगरानी के लिए बनाया है। इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड (एलएबी) की मंजूरी मिलने और मिशन तैयारी समीक्षा (एमआरआर) से प्रक्षेपण की अनुमति मिलने के बाद, रविवार दोपहर 12:17 बजे 22 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो गई। इस अवधि के दौरान चार चरणों वाले इस रॉकेट में प्रणोदक (ईंधन) भरा जाएगा। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मिलिए पीएसएलवी-सी62 से - यह पीएसएलवी की 64वीं उड़ान और पीएसएलवी-डीएल संस्करण का 5वां मिशन है। इसरो ने कहा कि वाहन और उपग्रहों के एकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है और प्रक्षेपण-पूर्व जांच और अंतिम जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी रही हैं। पीएसएलवी-सी62 मिशन सोमवार सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। पीएसएलवी 44.4 मीटर ऊंचा और 260 टन उड़ान द्रव्यमान वाला चार चरणों वाला रॉकेट है, जो ठोस और तरल प्रणोदकों (ईंधन) से संचालित होता है। यह इसरो का बहुमुखी, सबसे भरोसेमंद और सबसे अधिक काम आने वाला प्रक्षेपण यान है। ईओएस-एन1 और 14 अन्य उपग्रहों को 505 किमी की ऊंचाई पर 97.5 डिग्री के झुकाव के साथ सूर्य तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जबकि केआईडी कैप्सूल को पुन: प्रवेश पथ पर भेजा जाएगा।

## कपसाड़ हत्या-अपहरण कांड

# ACJM की कोर्ट में हुए रूबी के बयान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मेडिकल चेकअप भी कराया, पुलिस ने चुपचाप पेश किया, किसी को नहीं लगी भनक

**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में हुई दलित महिला सुनीता की हत्या और उनकी बेटी रूबी के अपहरण के मामले में रविवार शाम कोर्ट में पेशी हुई।

रूबी को पुलिस ने चुपचाप एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। करीब 50 मिनट तक रूबी के बयान दर्ज किए गए, जो कि सीलबंद लिफाफे में केस के विवेचक को सौंपे जाएंगे। यूपी के मेरठ जिले के सरधना के कपसाड़ गांव में पारस सोम ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुनीता की हत्या कर दी थी और उनकी बेटी रूबी का अपहरण कर लिया -शेष पृष्ठ दो पर


# देश में मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें आज भी मौजूद: पीएम मोदी

## सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर प्रधानमंत्री का तीखा प्रहार

**सोमनाथ/राजकोट। वार्ता**

**गुजरात** के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई।

दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया। मोदी ने कहा आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, एक हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया। ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के एक हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निर्माण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत। जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है, लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे।



- कहा : हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं

> आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, एक हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था, उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया...- **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर: मोदी

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने कहा कि 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है और सुखद इसलिए भी है, क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में सिर झुकाकर शुरू हुई है और अब मैं राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं यानी विकास भी विरासत भी, ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# उत्तराखंड में माइनस 22 डिग्री सेल्सियस तापमान, पांच जिलों में नदी-झरने जमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी राज्यों में लोगों को कंपा रही हैं। राजस्थान और दिल्ली में इस सीजन सबसे ज्यादा सर्दी रिकॉर्ड हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान माइनस 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी और झरने जम चुके हैं।

दूसरी तरफ, राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर में माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसके कारण कई हिस्सों में गाड़ियों पर बर्फ जम गई। यूपी में सर्द हवाएं लोगों को कंपा रही हैं। गोरखपुर, जौनपुर, बस्ती समेत 20 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। सड़कों पर 10 मीटर दूर भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। शनिवार को आजमगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां का पारा 3.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोहरे के कारण गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 25 से ज्यादा ट्रेनें 5 से 10 घंटे लेट रहीं। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी एयरपोर्ट पर 10 से ज्यादा फ्लाइटें लेट पहुंचीं। कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीनगर में -5.7 डिग्री पारा रहा। यहां डल लेक सहित कई झीलों में पानी जम गया है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान -7.8 डिग्री और गुलमर्ग में -6.8 डिग्री रहा।



- राजस्थान के फतेहपुर में -3.4 डिग्री सेल्सियस पारा, गाड़ियों पर बर्फ जमी
- दिल्ली में दो दिन भीषण शीतलहर
- यूपी में सर्द हवाएं लोगों को कंपा रहीं

### पालम क्षेत्र में रविवार सुबह सबसे ठंडी रही

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पालम क्षेत्र में रविवार सुबह को हाल के वर्षों में जनवरी की सबसे ठंडी सुबहों में से एक दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2010 के बाद यह पालम में दर्ज किया गया दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान है। इस अवधि में इससे अधिक ठंडा दिन सात जनवरी 2013 को रहा था, जब तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पालम में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 जनवरी 1967 को दर्ज किया गया था, जब पारा शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शीतलहर की स्थिति दर्ज की गई। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि कई मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान काफी नीचे दर्ज किया गया। आईएमडी के मुताबिक, पालम, रिज और आयानगर मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो शहर में शीतलहर की स्थिति के मानकों को पूरा करता है। मौसम विभाग ने कहा कि ठंड का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

# ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- सूत्रों का दावा: एक्स ने गलती मानी
- 3,500 कंटेंट ब्लॉक किए, 600 से ज्यादा अकाउंट डिलीट

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी। सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से अधिक अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं।

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन एक्स से कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक्स ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है। कंपनी ने कहा कि वह यहां के नियमों का सम्मान करेगी। यह कदम कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत बनाएगा। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर इस मामले में फिर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से उत्तेजक इमेज जनरेशन को पूरी तरह से रोकने की बजाय केवल पेड यूजर्स तक सीमित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिससे उन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है। इससे पहले एक्स के मालिक एलन मस्क ने 3 जनवरी को कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसे है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पेन को दोष देना। कलम यह तय नहीं करती कि क्या लिखा जाएगा। यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। मस्क ने कहा कि ग्रोक भी उसी तरह काम करता है। आपको क्या मिलेगा, यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसमें क्या इनपुट देते हैं। क्योंकि जिम्मेदारी टूल की नहीं, उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल पर आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव को लेटर लिखा था। सोशल मीडिया खासकर एक्स पर, एआई के ग्रोक फीचर का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और एआई से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। यह सिर्फ फेक अकाउंट तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं। यह बहुत गलत है और एआई का गंभीर दुरुपयोग है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ग्रोक इस तरह की गलत डिमांड को मान रहा है। इससे महिलाओं की प्राइवेसी का उल्लंघन हो रहा है और उनकी तस्वीरों का बिना अनुमति इस्तेमाल किया जा रहा है।

# ईरान में विरोध प्रदर्शन तेज अब तक 538 लोगों की मौत

**तेहरान, वार्ता**

**ईरान में सत्ता** के खिलाफ जारी देशव्यापी प्रदर्शनों के बीच तनाव और बढ़ गया है। ईरान में लगभग दो सप्ताह से जारी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और दमन की कार्रवाई में अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है।

इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद होने से हालात की स्वतंत्र पुष्टि करना मुश्किल हो गया है। कार्यकर्ताओं के मुताबिक, प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 10,670 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में इंटरनेट और फोन सेवाओं के बंद होने के कारण विदेश से प्रदर्शनों की स्थिति का आकलन करना मुश्किल हो गया है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के अनुसार प्रदर्शनों में जान गंवाने वालों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। एजेंसी के अनुसार, मृतकों में 450 से अधिक प्रदर्शनकारी और 41 सुरक्षा बलों के सदस्य शामिल हैं। ईरान सरकार ने प्रदर्शनों में हताहतों की संख्या जारी नहीं की है। विदेश में मौजूद लोगों को आशंका है कि सूचनाओं पर पाबंदी के कारण सुरक्षा बलों के सख्त रुख को बढ़ावा मिल सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका मदद के लिए तैयार है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि लोगों की चिंताएं हैं, हमें उनके साथ बैठकर उनकी चिंताओं का समाधान करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान एनएसयूआई व पुलिस में झड़प

**वाराणसी।** कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) द्वारा रविवार को 'मनरेगा बचाओ मार्च' निकाला जाना था। यह मार्च एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर से शुरू होकर प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय तक जाना प्रस्तावित था। पुलिस ने कई थानों की फोर्स और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिसर के अंदर ही सभी को रोक दिया। कई छात्रों को हिरासत में भी ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार इस कार्यक्रम के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। छात्रों को रोकने पर वे पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। काफी समझाने-बुझाने के बावजूद वे रुकने को तैयार नहीं हुए। इस कारण कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुछ देर पहले पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने स्वयं फोर्स के साथ परिसर में मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

### लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और उनके नेतृत्व, सादगी और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में उनके योगदान को याद किया। शाह ने एक संदेश में कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय दिया गया श्री शास्त्री का मशहूर नारा 'जय जवान, जय किसान', भारत की सेना की ताकत और देश की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में किसानों की मुख्य भूमिका के बीच एक गहरा संतुलन दिखाता है।

# किस एसआईआर को सही माना जाए: अखिलेश

## केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन के आंकड़े उलझाने वाले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



चुनाव आयोग पर उठाए सपा सुप्रीमो ने गंभीर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया।

उन्होंने पूछा है कि जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, तो फिर कौन सा एसआईआर सही है। रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से सीधा सवाल पूछा कि दोनों में कौन सा एसआईआर सही है और अगर एक ही प्रदेश में एक ही बीएलओ के जरिये किए गए एसआईआर में इतने विरोधाभासी आंकड़े सामने आ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है और वोटर लिस्ट के नाम पर मताधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा के दबाव में आप वोट लूट का एक्वेशन इक्वल करना भूल गए और आपकी पोल पूरी तरह से खुल गई। उन्होंने मांग की कि एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और चुनाव आयोग तुरंत इस विरोधाभास पर स्थिति स्पष्ट करे, ताकि लोकतंत्र की निष्पक्षता और जनता के वोट के अधिकार की रक्षा हो सके।

# एनसीएपी को कानूनी रूप से और सशक्त बनाकर निधि बढ़ाने की जरूरत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने कहा है कि वायु प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या बन गई है इसलिए इसकी निगरानी के लिए बने राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम (एनसीएपी) का कानूनी आधार और मज़बूत कर अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही इसका तत्काल पुनर्गठन किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में एनसीएपी की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सैटेलाइट डेटा आधारित इस अध्ययन के अनुसार देश के 4,041 नगरों में से 1,787 शहर बीते पांच वर्षों में लगातार राष्ट्रीय मानकों से अधिक प्रदूषित रहे है। इसके बावजूद एनसीएपी के तहत केवल 130 शहरों को शामिल किया गया है, जो गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों का महज चार प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि एनसीएपी को 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह एक 'नोशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' बनकर रह गया है। इससे जुड़े 130 शहरों में से 28 शहरों में आज तक वायु गुणवत्ता मापन के निगरानी स्टेशन नहीं हैं और जहां हैं, वहां भी प्रदूषण का स्तर बेहद चिताजनक है। कांग्रेस नेता ने एनसीएपी कानूनी दर्जा देने की मांग की और कहा कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन की सख्त व्यवस्था के साथ ही एनसीएपी की मौजूदा फंडिग व्यवस्था को बढ़ाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि वर्तमान में इसके लिए लगभग 10,500 करोड़ रुपये के बजट को 131 शहरों में बांटा जा रहा है, जबकि वास्तविक ज़रूरत इससे 10 से 20 गुना अधिक की है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीएपी को कम से कम 25,000 करोड़ रुपये देकर देश के 1,000 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों और कस्बों वह इसके दायरे में लाया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का प्रदर्शन मापने का पैमाना पीएम2-5 स्तर होना चाहिए।

# केरल की सत्ता के लिए मैच फिक्सिंग करते हैं वामपंथी-कांग्रेस: शाह

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता**



केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर तीखा हमला करते हुए उन पर 'मैच फिक्सिंग', परस्पर समझौते और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि केरल में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी।

शाह ने यहां स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ दशकों से राजनीतिक नाटक कर रहे हैं और जब भी चुनावी गणित की जरूरत पड़ी, दोनों एक-दूसरे के बचाव में खड़े हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच दशकों से यह चलन बना हुआ है कि जब कांग्रेस बहुमत हासिल नहीं कर पाती, तो वामपंथी उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह जब त्रिपुरा में वामपंथियों को राजनीतिक समर्थन की जरूरत पड़ी, तो कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। शाह ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल और केरल में एक साथ चुनाव होने के कारण ही कांग्रेस और कम्युनिस्ट वहां औपचारिक गठबंधन में नहीं आए, अन्यथा दोनों वहां भी साथ चुनाव लड़ते। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों शून्य सीटों की ओर बढ़ रहे हैं और वहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है। केरल में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अब तक 30 ग्राम पंचायतें और दो नगरपालिकाएं जीती हैं।

## एफआईआर दर्ज कराने से लेकर 27 तरह की पुलिस सेवाएं घर बैठे मिल रही

# यूपीकॉप एप से बदली यूपी पुलिस की कार्यशैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल अब आमजन के लिए थाने का डिजिटल विकल्प बनकर उभर रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में पुलिसिंग का तरीका तेजी से बदला है। तकनीक को आधार बनाकर शुरू की गई स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल अब आमजन के लिए थाने का डिजिटल विकल्प बनकर उभर रहा है। एप के जरिए नागरिक घर बैठे एफआईआर दर्ज कराने से लेकर 27 तरह की पुलिस सेवाएं बिना थाने जाए प्राप्त कर रहे हैं, जिससे लोगों को बार-बार थाने के चक्कर लगाने से बड़ी राहत मिली है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिसिंग को जनकेंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए टेक्नोलॉजी को प्रभावी तरीके से जोड़ा गया। इसका ही नतीजा है कि यूपीकॉप एप आज डिजिटल पुलिस स्टेशन के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एप के आने से न केवल सेवाएं आसान हुईं, बल्कि निस्तारण में लगने वाला समय भी काफी घटा है। डीजीपी के अनुसार यूपीकॉप एप पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करना, एफआईआर कॉपी डाउनलोड करना, खोए सामान की रिपोर्ट लिखाना, चरित्र सत्यापन, किराएदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन और कर्मचारी सत्यापन जैसी अहम सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक 50 लाख से अधिक लोगों ने इस एप को डाउनलोड किया है। वहीं एप के जरिए 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर की कॉपी डाउनलोड की जा चुकी है और 7.3 लाख से अधिक लोग खोए सामान की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। यूपीकॉप एप को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए इसमें रीयल टाइम नोटिफिकेशन जोड़ा गया है, जिससे आवेदन की स्थिति तुरंत पता चल जाती है। यह एप हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। आपात स्थिति में मदद के लिए एसओएस बटन और लोकेशन ट्रैकिंग को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा मैप पर नजदीकी थाना देखने की सुविधा भी दी गई है, जो संकट के समय मददगार साबित हो रही है। डीजीपी ने बताया कि सत्यापन प्रक्रियाओं में समय की बड़ी बचत हुई है। चरित्र सत्यापन अब करीब 6 दिन में, किराएदार सत्यापन लगभग 8 दिन में और कर्मचारी सत्यापन करीब 5 दिन में पूरा हो रहा है, जबकि पहले इन्हीं सेवाओं में कई गुना अधिक समय लगता था। राजीव कृष्ण ने कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से पुलिसिंग अधिक जवाबदेह हो रही है और नागरिकों को त्वरित न्याय व राहत देना ही स्मार्ट पुलिसिंग का उद्देश्य है।

### भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील होगी: राजीव कृष्णा

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के छठें स्थापना दिवस पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर, महानगर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तर प्रदेश राजीव कृष्णा ने कहा कि लखनऊ पुलिस ने 2020 के बाद साइबर अपराधों को तकनीकी प्राथमिकता के रूप में विकसित किया है। इसके तहत समर्पित साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। अपने सम्बोधन में डीजीपी राजीव ने उप निरीक्षकों को साइबर ठगी एवं आईटी एक्ट से जुड़ी विवेचनाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील और जन-विश्वास आधारित होगी। तकनीक साधन है, लेकिन सफलता की असली कसौटी आम नागरिक को शीघ्र न्याय और राहत देना है।



**सेंसेक्स** 85683.30
**निफ्टी** 26140.75



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो



# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह 2.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणामों और वैश्विक कारकों पर होगी।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) के आंकड़े आने शुरू हो गए हैं। सोमवार 12 जनवरी को प्रौद्योगिकी कंपनियों एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा समूह की टीसीएस के वित्तीय नतीजे जारी किए जाने हैं। इसके बाद 15 जनवरी को इसी क्षेत्र की इंफोसिस और 16 जनवरी को टेक महिंद्रा के नतीजे आएंगे। 17 जनवरी को एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे आएंगे। कुछ और प्रमुख बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी किए जाने हैं। इसके अलावा निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी व्यापार और भू-राजनीतिक उथल- पुथल पर भी नजर बनाए हुए हैं।

इस सभी कारकों का असर बाजार पर देखा जाएगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,185.77 अंक (2.55 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 645.25 अंक यानी 2.45 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 25,683.30 अंक पर आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.34 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 3.08 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट रही। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में और अन्य 11 के हरे निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 9.82 प्रतिशत टूट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 7.36 प्रतिशत लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक में 6.24 फीसदी, इंडिगो में 5.13, पावरग्रिड में 4.61, एनटीपीसी में 4.53, भारती एयरटेल में 3.77, आईटीसी में 3.73 और अडानी पोर्ट्स में 3.59 फीसदी की गिरावट रही।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,63,412 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,63,412 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य तीन का एमकैप 41,599 करोड़ रुपये बढ़ा।

बाजार पूंजीकरण के मामले में लंबे समय से शीर्ष पर रहने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को सप्ताह के दौरान 1,58,533 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और सप्ताहांत पर उसका एमकैप घटकर 19,96,446 करोड़ रुपये रह गया। सप्ताह के दौरान उसका शेयर 7.36 प्रतिशत गिरा था। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का एमकैप 96,154 करोड़ रुपये गिरकर 14,44,150 करोड़ रुपये रहा। वह अब भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे नंबर पर बरकरार है। बाजार पूंजीकरण के मामले में भारती एयरटेल बीते सप्ताह 45,275 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ तीसरे स्थान से फिसलकर चौथे स्थान पर आ गई। अब 11,60,682 करोड़ रुपये के साथ टीसीएस ने शीर्ष तीन में जगह बना ली है। हालांकि उसे भी 15,232.14 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान उठाना पड़ा। बजाज फाइनेंस का एमकैप 18,730 करोड़ रुपये और एलएंडटी का 18,729 करोड़ रुपये घट गया। इंफोसिस को 10,761 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। फायदे में रहने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 34,902 करोड़ रुपये और हिदुस्तान यूनीलिवर का 6,097 करोड़ रुपये बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक के एमकैप में 600 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी, खाद्य तेल में साप्ताहिक तेजी, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 52 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,756 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं आठ रुपये कमजोर हुआ और सप्ताहांत पर 2,854 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा चार रुपये महंगा हुआ और 3,319 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 225 रुपये और पाम ऑयल की 101 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 81 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल के भाव में 72 रुपये और सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी दर्ज की गई सप्ताह के दौरान चना दाल औसतन 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 887 रुपये और तुअर (अरहर) दाल की 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7715.18 रुपये, मसूर काली 8095.66 रुपये, मूंग दाल 10052.51 रुपये, उड़द दाल 10402.37 रुपये, तुअर (अरहर) दाल 10532.05 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.09 रुपये और चावल 3756.25 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3319.02 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी- गुड़: चीनी एस 4324.94 रुपये और गुड़ 4983.02 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17718.89 रुपये, मूंगफली तेल 17873.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 15902.29 रुपये, सोया तेल 137795.51 रुपये, पाम ऑयल 12514.77 रुपये और वनस्पति 14517.06 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का होगा ऑनलाइन संचालन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। योजना के डिजिटलीकरण की समय सीमा फरवरी 2026 तय की गई है। मुख्य सचिव की बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि प्रक्रिया के पूरी होने के बाद योजना के संचालन को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे किसान परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आसानी से घर बैठे मुआवजा मिल सके। साथ ही डिजिटलीकरण से योजना का संचालन और अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के मुताबिक राजस्व परिषद योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण कर रहा है। इसके लिए एनआईसी की मदद से एक आधुनिक वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, स्वीकृति और लाभ वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। पहले भी योजना के लिए आवेदन एनआईसी के वेब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता था, लेकिन अन्य प्रक्रियाएं भौतिक सत्यापन के द्वारा पूरी होती थीं, जिससे किसान परिवारों को समस्या का सामना करना पड़ता था।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कपसाड़ हत्या और...**

था। तीन दिनों से जारी तनाव के बीच शनिवार देर शाम पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया था। मेरठ और सहारनपुर पुलिस के संयुक्त अभियान में अपहृत युवती रूबी को हरिद्वार से सुरक्षित बरामद कर लिया था। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि रिमांड पर लेकर पारस सोम से पूछताछ की जाएगी। रूबी का रविवार को जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराया गया। वहीं पारस का मेडिकल टेस्ट होना बाकी है। बताया जा रहा है कि इस केस में रूबी की गवाही अहम होगी, क्योंकि उसके सामने ही मां की हत्या होने का आरोप पारस सोम पर लगाया गया था। पहले कहा जा रहा था कि दोनों की पेशी सीजेएम कोर्ट में होगी। इसकी सूचना फैलते ही मीडिया का जमावड़ा सीजेएम कोर्ट के बाहर लगा रहा। मगर पुलिस ने चुपचाप रूबी को एसीजेएम द्वितीय की कोर्ट में पेश कर दिया। गवाही के बाद पुलिस रूबी को अपने साथ ले गई। रूबी के बयान सीलबंद हो गए हैं, जो कि केस के विवेचक को ही सौंपे जाएंगे।

# निजी कॉलेजों में पारदर्शी एडमिशन पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ अब उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनका प्रवेश निजी शिक्षण संस्थानों में पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ होगा। योगी सरकार ने पात्र विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और दुरुपयोग को रोकने के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली-2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। यह बदलाव अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर भी समान रूप से लागू होगा। योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। समाज कल्याण उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह के मुताबिक संशोधन का मुख्य उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक पारदर्शी, स्पष्ट और जवाबदेह बनाना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचे और मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन जैसी व्यवस्थाओं के जरिए फर्जी या गैर-मानक प्रवेश कर योजना का गलत फायदा न उठाया जा सके।

# केरल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में विधायक को किया गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता**



झूठे वादों के साथ करीबी से रिश्ता बनाया

केरल पुलिस ने रविवार को पलक्कड़ के विधायक राहुल ममकूटथिल को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ईमेल के ज़रिए मिली शिकायत के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है। ममकूटथिल के खिलाफ दुष्कर्म का यह तीसरा मामला है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पठानमथिट्टा पुलिस की टीम ने विधायक को पलक्कड़ के केपीएम होटल गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों और महिला कर्मियों सहित टीम रात करीब 12.30 बजे होटल पहुंची। विधायक ने शुरू में दरवाज़ा खोलने में देरी की, लेकिन बाद में पुलिस के साथ सहयोग किया। उन्हें हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ तथा कानूनी प्रक्रियाओं के लिए पठानमथिट्टा ले जाया गया, जहां शुरुआती पूछताछ के बाद उनकी औपचारिक गिरफ्तारी हुई। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि श्री ममकूटथिल ने झूठे वादों के तहत शिकायतकर्ता के साथ करीबी रिश्ता बनाया, कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे वित्तीय, भावनात्मक शोषण, जबरदस्ती और धोखे का शिकार बनाया। रिपोर्ट के अनुसार, शिकायत में जबरन गर्भपात के आरोप भी शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें दुष्कर्म और धोखाधड़ी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि श्री ममकूटथिल को पहले लगे इसी तरह के आरोपों के बाद कांग्रेस से निकाल दिया गया था। वह पिछले कुछ महीनों से कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। कम से कम दो पिछले मामलों में उन पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात के आरोप शामिल हैं। उन्होंने केरल उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा और अग्रिम जमानत हासिल की थी। गिरफ्तार विधायक को तय समय के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा कि जांच शुरुआती चरण में है और पूछताछ तथा सबूत इकठा करने के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले ने पूरे राज्य में व्यापक राजनीतिक ध्यान खींचा है।

# सड़क हादसे मे बाइक सवार की मौत, छाया मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जनपद मे सड़क हादसों का सिलसिला जारी है। दुर्घटनाओं मे लगातार जनहानि हो रही है। देर शाम भोपा- मुज़फ्फरनगर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टककर से काद. ीपुर निवासी बाईक चालक की मौत हो गयी। पोस्ट मार्टम के बाद रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीण की मौत से परिवार मे मातम छा गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव काद. ीपुर निवासी 55 वर्षीय राकेश उर्फ़ राका पुत्र वीरेन्द्र सिंह शनिवार की देर शाम बाईक द्वारा कादीपुर से मुज़फ्फरनगर जा रहे थे। जैसे ही



मुज़फ्फरनगर मार्ग पर कासमपुर के पास श्रीगुरुद्वारा साहिब के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक मे टककर मार दी। एम्बुलेंस द्वारा घायल राकेश को भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी अनीता पुत्र वासु व शादीशुदा पुत्री कीर्ति को छोड़ गया है। वहीं परिवार मे माता उर्मिला भाई प्रशांत, राघव व आका हैं। परिवार के ही अजय कुमार ने बताया की राकेश का परिवार मुज़फ्फरनगर के पटेल नगर मे रहता है। शनिवार की देर शाम वह कादीपुर से दूध लेकर बाईक द्वारा पटेल नगर जा रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है ।

# सिलेंडर लीक होने से आगजनी चिंता का विषय

## कमलनगर में सिलेंडर लीक होने से लगी आग, दमकल विभाग मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद में गैस सिलेण्डर लीक होने से दर्दनाक घटनाएं हो रही है। इसमें जहां जनहानि हो रही है तो लोगों को सम्पत्ति का भारी नुकसान भी हो रहा है। अब सवाल यह है कि सिलेण्डर लीक में उपभोक्ताओं की लापरवाही है या फिर सिलेण्डर बेचने वालों की कमी है वजह कुछ भी रही हो पर एक माह में गैस सिलेण्डर लीक से कई स्थानों पर सम्पत्ति को भारी नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं मण्डी क्षेत्र में तो तीन लोगों की जान भी चली गई। एक ओर मामला मण्डी क्षेत्र के मौहल्ला कमल नगर का सामने आया है जहां अचानक ही आग लगने से मकान में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। यहां भी गैस सिलेण्डर लीक होने की बात कही जा रही है, हालांकि आग लगने की सूचना पर कुछ ही देर बाद दमकल विभाग मौके पर पहुंच चुका था और आग पर काबू पा लिया था, लेकिन इस समय तक मकान स्वामी को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है।

बता दे कि जनपद के कई स्थानों पर सिलेण्डर लीक होने से जनहानि होने के साथ सम्पत्ति को भारी नुकसान होने की घटनाए देखने को मिली है। रविवार की सवेरे नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला कमलनगर निवासी विनोद कुमार के मकान में अचानक ही आग लग गई। जिसके बाद यहां शोरगुल हुआ तो आसपास के लोग मौके की ओर दौड पड़े। सूचना के कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची और उन्होने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। कुछ देर बाद ही दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया, लेकिन इस समय तक मकान स्वामी को हजारों रूपये की सम्पत्ति का नुकसान हो चुका था। फिलहाल यह भी कहा जा रहा है कि यदि जल्द ही आग पर काबू न पाया तो शायद गंभीर घटना भी घट सकती थी। अब सवाल यह है कि आखिर सिलेण्डर लीक होने के पीछे किसकी लापरवाही है घर पर सिलेण्डर बेचने वालों की या फिर सिलेण्डर खरीदने वालों की, वजह कुछ भी हो लेकिन इस तरह की कई घटनाए हो चुकी है। बता दे कि विगत दिवस शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव तावली में सवेरे उस वक्त सिलेण्डर लीक होने से उस वक्त आग लग गई थी जब ग्रामीण की पत्नी नाश्ता तैयार कर रही थी। उस समय भी सिलेण्डर लीक होने की घटना सामने आई थी और घटना से कुछ देर पहले ही मकान मालिक ने सिलेण्डर खरीदा था।

नई मंडी क्षेत्र में तो दिल दहलाने वाली घटना हुई जहां अंगीठी की आग लीक सिलेण्डर ने पकडी और पूरा घर तबाह हो गया था यहां तक की दो सगे भाई और उनकी मां की दर्दनाक मौत हो गई थी। गौर किया जाए तो ऐसी ही घटना और भी घट चुकी है।

## बाइक फिसलने सें युवक की मौत

**पुरकाजी।** चौधरी चरण सिंह कावड़ मार्ग पर बाइक फिसलने से युवक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के गांव टोडा निवासी 40 वर्षीय आसिफ पुत्र इश्तियाक अपनी मोटरसाइकिल द्वारा भोपा की ओर से अपने गांव लौट रहा था। कम्हेडा गंग नहर पर अचानक से बाइक का संतुलन खराब हो गया और बाइक पर फिसल गई। जिससे युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके परि. जनों को सूचना देकर कार्यवाही शुरू कर दीं।

# मनरेगा बचाव संग्राम के तहत कांग्रेसियों ने रखा एक दिवसीय उपवास

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के कांग्रेसियों ने आज कचहरी के गेट के निकट डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के अंतर्गत एक दिन का उपवास (प्रतीकात्मक विरोध) रक्खा । 'मनरेगा बचाओ संग्राम' उपवास कार्यक्रम के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल कटारिया ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार कांग्रेस द्वारा चलाई गई जनहित योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें कमजोर करने के काम के अलावा अन्य कोई देश हित का काम नहीं कर रही है।

मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोऑर्डिनेटर राकेश पुंडीर ने कहा मनरेगा का नाम पलटकर केंद्र सरकार ने गरीब मजदूरों का हक छीनने क्या काम किया है, यह सरकार जनता को ठगने का काम कर रही है और हम इसके लिए धरना प्रदर्शन कर गरीब मजदूर भाइयों के लिए लड़ाई लड़ेंगे। मनरेगा के लिए आज उपवास कार्यक्रम है कल12 तारीख से 29 जनवरी तक जनपद में ब्लॉक एवं नगर स्तर पर मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए धरना प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

पत्रकारों से बात करते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेश महासचिव कमल मित्तल ने कहा कि मनरेगा अपने लक्ष्य से भटक गई है , सरकार ने इसके नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाकर इसे कमजोर करने की कोशिश की है।

नए कानून में रोजगार की गारंटी खत्म कर दी गई है और ठेकेदारी प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है मनरेगा गरीबों और मजदूरों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना थी, लेकिन सरकार इसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। सरकार की मंशा गरीबों के अधिकारों को कम करना है और उन्हें उनके हक से वंचित करना है।



आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। आज़ उपवास कार्यक्रम में उपवास कार्यक्रम में बिल्किस चौधरी, ज़फ़र महमूद, रिज़वान अहमद , विनोद धीमान, ममनून अंसारी, सद्दाम सिद्दीकी, नरेश भारती, राशिद चौधरी, हर्षवर्धन त्यागी, अजय चौधरी, मुकुल शर्मा, रविंद्र बालियान, आखिर राणा, तारिक कुरैशी , मुर्तजा सलमानी, सतीश सहरावत,मदन शर्मा,रंकजय आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## किशोरी के साथ दुराचार, मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना/फुगाना।** एक नाबालिग किशोरी के साथ रेप किया गया। इस मामले में फुगाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है। मिली जानकारी के अनुसार एक नाबालिक किशोरी काफी समय से फुगाना थाना क्षेत्र के एक गांव में मेहमानदारी में अपने मामा के यहां पर रह रही थी। इस नाबालिक किशोरी के साथ मौका पाकर गांव के ही एक नवयुवक ने रेप किया। घटना की जानकारी किशोरी ने अपनी मामा को दी तो पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। इस घटना के बाद किशोरी काफी डरी हुई थी लेकिन बाद में उसने हिम्मत जुटाकर अपने परिजनों को पूरी बात बताई। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन फुगाना थाने पहुंचे और लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया। उधर फुगाना सीओ ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच पूरी सतर्कता और निष्पक्षता के साथ हो रही है। उधर फुगाना पुलिस आरोपी आसिफ की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिशें दे रही है और साथ ही पीड़िता और उसके परिजनों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। अब अधिका. रियों ने अश्वासन दिया है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के सामने आने के बाद गांव में तनाव आक्रोश का माहौल बना हुआ है।



मुजफ्फरनगर: आग लगने के बाद जला हुआ सामान।

# नगर की सुरक्षा व यातायात सुधार को लेकर मंत्री कपिल देव सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव ने नगर क्षेत्र मे स्ट्रीट लाइट एवं पोल रिफ्लेक्टर लगाए जाने के लिए जिला. धिकारी, सचिव विकास प्राधिकरण, अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया।

प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री तथा मुज़फ्फरनगर सदर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने जिले में नागरिक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम पहल की है। उन्होंने जिला. धिकारी मुज़फ्फरनगर, सचिव मुज़फ्फरनगर विकास प्राधिकरण तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुज़फ्फरनगर को पत्र लिखकर नगर के प्रमुख, व्यस्त एवं राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े मार्गों पर पर्याप्त स्ट्रीट



लाइट एवं पोल रिफ्लेक्टर लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि शिव चौक मुज़फ्फरनगर का हृदय स्थल और प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहाँ से विभिन्न दिशाओं में जाने वाले मार्ग राष्ट्रीय राजमार्गों तक पहुँचते हैं।

इन मार्गों पर प्रतिदिन हजारों नागरिकों, व्यापारियों, वाहन चालकों एवं बाहरी यात्रियों का आवागमन होता है। रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के अभाव में आमजन, पैदल यात्रियों एवं वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ ही अंधेरे के कारण असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है, जो कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सचिव विकास प्राधिकरण एवं ई ओ नगर पालिका को विशेष रूप से निर्देशित किया है कि शिव चौक से वहलना चौक तक, शिव चौक से पिन्ना बाईपास तक दोनों ओर, शिव चौक से भोपा बाईपास तक, शिव चौक से जानसठ बाईपास तक तथा शिव चौक से रामपुर तिराहा तक जाने वाले मार्गों पर आवश्यकतानुसार डिवाइडर एवं साइड में स्ट्रीट लाइट व पोल रिफ्लेक्टर लगाए जाएँ, जिससे रात्रिकालीन ख्रश्यता बेहतर हो और दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। मंत्री कपिल देव ने मंडलायुक्त सहारनपुर से वार्ता कर नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतों की शीघ्र जाँच एवं निस्तारण किये जाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार शहरों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और मुज़फ्फरनगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# बाबा का नाम शाहजहांपुर में गूंजा

## डी-फार्मा के नाम पर लाखों की वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जब कहीं फर्जी डिर्गी या कोई अन्य फर्जी प्रमाण पत्र का जिक्र आता है या कोई थाने में कोई शिकायत होती है तो कुछ घटनाओं में बाबा का नाम आना कोई चौकाने वाली बात नहीं है अब मुजफ्फरनगर के बाद बरेली और शाहजहां के नव युवकों ने भी बाबा द्वारा चलाई जा रही फर्जी डिग्री की कम्पनी का नाम सामने आया है। बरेली और शाहजहांपुर के युवकों को फर्जी प्रमाण पत्र के बारे में उसवक्त जानकारी हुई जब वह प्रमाण पत्रों की जांच कराने पहुंचे और उनके दस्तावेज फर्जी पाए गए।

बता दे कि जनपद में फर्जी डिग्री देने के नाम रकम वसूलने के मामले में कई बार बाबा इंस्ट्रीयूट ऑफ फार्मेसी का नाम चर्चाओं में रहा है। नगर के कई थानों का रिकॉर्ड देखा जाए तो सिविल लाइन कोतवाली में भी इस फार्मेसी पर मुकदमा दर्ज मिलेंगे। अब बरेली और शाहजहांपुर के नव युवकों ने भी एक इस संस्था के संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए है। आरोप है कि 2022 में कुछ युवकों को उनके दो वर्षीय डी-फार्मा पाठ्यक्रम के लिए करीब पौने चार लाख रूपये प्रति छात्र से फीस के नाम पर वसूली की गई। पीडितों की माने तो 2022 में वह कॉलेज मैनेजमेंट के सम्पर्क में आए और प्रबंधन, चेयरमैन सहित तीन लोगों न कोर्स पूरा कराने औरमान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र देने का यकीन दिलाते हुए उनसे किनारा कर लिया था आरोप है कि फीस तो जमा कराई गई, लेकिन उनकी परीक्षा दिलाने में कोई भी दिलचस्पी नहीं ली गई। जिसके बाद छात्रों में परेशानी का सबब शुरू हुआ। पता चला कि जो मार्कशीट और डिप्लोमा छात्रों को दिया गया वह किसी भी तरह फर्जी नहीं लगा जिसे पाकर छात्रों में खुशी का माहौल था, लेकिन जब एक्सपर्टो व संबंधित विभागने उनको चैक किया तो परीक्षा विवरण में गडबड झाला पाया गया। कुछ समय तो छात्र इसे छोटी-मोटी कमियां मानकर चलते रहे,लेकिन कुछ दिनों बाद यह बडा फर्जीवाडा सामने आया। बताया जाता है कि माजिद अली और अन्य छात्राओं ने अपने दस्तावेज रजिस्ट्रेशन कराने के लिएयूपी फार्मोसी काउंसिलिंग लखनऊ पहुंचे तो काउंसलिंग ने जांच में कागजों को फर्जी पाते हुए रजिस्ट्रेशन खारिज कर दिया। पीड़ित छात्रों का कहना था कि जब उन्होने कॉलेज मैनेजमेंट में इस संबंध में बात की तो उनको धमकी मिलने लगी। इसके बाद पीड़ित छात्र कोर्ट पहुंचे और एक वाद दायर कराया। अब सवाल यह है कि बाबा का नाम मुजफ्फरनगर के बाद बरेली और शाहजहांपुर में भी गूंजने लगा है।

# मुजफ्फरनगर प्रीमियम लीग ट्रायल में शामिल हुए 269 क्रिकेटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए आज स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल संपन्न हुआ जिसमें सभी पंजीकृत खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बाहर से बुलाए गए चयनकर्ता पूर्व रणजी खिलाडी प्रशांत गुप्ता, हर्ष माथुर और विकास चौधरी द्वारा लगभग चार घंटे तक सभी खिलाड़ियों की गेंदबाजी बल्लेबाजी क्षेत्र रक्षण और विकेट कीपिंग का बारीकी से देखा गया।

ट्रायल में मुजफ्फरनगर के 164 सहारनपुर के 35 शामली के 62 और मेरठ के 23 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आज इन सभी जिलों सें कई बी सी सी आई ट्रॉफी खिलाड़ियों मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए आज स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल संपन्न हुआ जिसमें सभी पंजीकृत खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बाहर से बुलाए गए चयनकर्ता पूर्व रणजी खिलाडी प्रशांत गुप्ता, हर्ष माथुर और विकास चौधरी द्वारा लगभग चार घंटे तक सभी खिलाड़ियों की गेंदबाजी बल्लेबाजी क्षेत्र रक्षण और विकेट कीपिंग का बारीकी से देखा गया

आज इन सभी जिलों सें कई बी सी सी आई ट्रॉफी खिलाड़ियों नें भी अपना ट्रायल दिया। एम पी एल मे भाग लेने वाली कई टीमों के ऑनर कोच और मार्की प्लेयर भी आज स्टेडियम मे मौजूद रहे अध्यक्ष भूपेंद्र यादव सचिव मनोज पुंडीर,उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह और अरविन्द भारद्वाज, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, जॉइंट सचिव ओमदेव सिंह, विकास राठी, रोहित चौधरी, डॉ हेमंत डॉ यश अग्रवाल, अमित गर्ग, रोहन त्यागी मोहमद अरशद पलक शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### 13 तक बंद रहेंगे कक्षा-8 तक के विद्यालय

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षाधिकारी ने शीत लहरको दृष्टिगत रख जिले के कक्षा आठ तक के समस्त विद्यालयों में 12-13 जनवरी को भी अवकाश घोषित किया है। गौरतलबहै कि कडाके की ठंड के कारण न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे चल रहा है। शीत लहर के कारण बच्चे ही नहीं बड़े भी परेशन है और जगह-जगह दिन में भी अलाव जलाए जा रहे है।

# यूपी की अंडर-14 क्रिकेट टीम में खेलेगा विराट चौधरी

**मुज़फ्फरनगर।** उदयमान क्रिकटर विराट चौधरी का चयन प्रदेश की अंडर 14 क्रिकेट टीम मे हो गया है जो राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी मे भाग लेने जाएगी.

उत्तर प्रदेश पिछली बार की बिजेता टीम भी है। मुज़फ्फरनगर के ही विकास राठी इस टीम के गेंदबा. जी कोच भी बनाये गए है। आज कानपुर मे टीम 3 दिन के कैंप के बाद टीम की घोषणा की गई। मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर नें बताया की टीम कल लखनऊ सें इंदौर के लिए रवाना होंगी विराट की इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों मे उत्साह है। एस डी पब्लिक़ स्कूल के छात्र विराट के पिता विकास भी मुज़फ्फरनगर के सीनियर खिलाडी है जो ग्राम किनोनी के रहने वाले है। विराट स्टेडियम मे कोच अंकुर के पास क्रिकेट सिख रहे है। अध्यक्ष भूपेंद्र यादव चेयरमैन भीम कंसल मनोज पुंडीर, सहित संजय शर्मा ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, कुशल पाल सिंह इन्दर माथुर रोहन त्यागी विनीत आदि नें विराट के चयन पर हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है। विराट चौधरी का चयन बल्लेबाज के तौर पर टीम मे किया गया है।



# अपर आयुक्त और डीएम ने किया कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

## सभी बूथों पर पढ़कर सुनाई गई मतदाता सूची, नए वोट भी बनने शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 11 जनवरी ड्राफ्ट मतदाता सूची को पढ़कर वार्ड कमेटी एवं ग्राम सभा के समक्ष समस्त बूथों पर सुनाया गया। समस्त बूथों पर फार्म-6, व 7 व 8 भरे जा रहे हैं।

इस मौके पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पटेल कन्या, रामलीला टील्ला का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त बीएलओ को निर्देश दिए गए कि वोटर लिस्ट की गहनता से जाँच करें यदि किसी मतदाता का फोटो स्पष्ट नहीं है तो उसे बी एल ओ एप पर जाकर




अपडेट कर दें। साथ ही सभी अर्ह नागरिकों के फॉर्म 6 भरने के लिए निर्देशित किए गया तथा मतदाता सूची में प्रविष्टियों के सुधार के लिए फार्म 08 भी भरने को कहा गया। मौके पर उपस्थित आम जन / मतदाताओं से जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के बारे में पूछा गया। इसमें बी. जे. पी. से राधे वर्मा, पूर्व सभासद नरेश, सपा से मोहम्मद उमर बी.एल.ए. उपस्थित रहे। ए. ई आर. ओ. राहुल तेवतिया तथा सुप. रवाइजर अमरजीत सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## समाजसेवी के निधन से शोक छाया

**चरथावल।** प्रमुख समाजस. ेवी व सहकारी समिति के पूर्व डायरेक्टर रहे सुनीलदत्त त्यागी का निधन होने से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी सुनील त्यागी की बाईपास सर्जरी हुई थी लेकिन हालत मे सुधार नहीं हो पाया जिसके चलते सुनीलदत्त त्यागी का निधन हो गया निधन से परिवार सहित क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी, सुनील त्यागी समाजसेवा के कार्यो मे अग्रहणी रहते थे और वह एक मिलनसार व्यक्ति थे चेयरमेन मास्टर इस्लाम, पूर्व डायरेक्टर भूरा आढ़ती, गौरव त्यागी, प्रमुख समाजसेवी डाक्टर नौशाद, अभिषेक बंशल, काला मेंबर, आलम त्यागी सहित अनेको ने शोक व्यक्त किया है ।



# कोतवाली से चंद कदमों पर फिल्मी अंदाज में दो युवकों का अपहरण

**बिना नंबर की काली कार से उठा ले गए बदमाश**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली से कुछ ही कदमों की दूरी पर रविवार को दिनदहाड़े फिल्मी अंदाज में दो युवकों के अपहरण की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बिना नंबर की काली कार में सवार चार हथियारबंद लोग जीटी रोड स्थित एक बाइक मिस्त्री की दुकान पर पहुंचे और पिस्टल दिखाकर दो युवकों को जबरन कार में डालकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना से आक्रोशित पीड़ितों के परिजनों व स्थानीय लोगों ने कोतवाली का घेराव कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम शिकायती पत्र सौंपते हुए इंसाफ और युवकों की सुरक्षा की गुहार लगाई।




जीटी रोड निवासी इस्लाम पुत्र नूर अहमद ने बताया कि उसका छोटा भाई इरफान पुत्र छोनी कोतवाली के पास जीटी रोड पर मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान करता है। रविवार को वह दुकान पर काम कर रहा था, तभी काले रंग की बिना नंबर की कार वहां आकर रुकी। कार से उतरे चार लोगों के हाथों में पिस्टल थीं। आरोप है कि उन्होंने इरफान और उसके साथ मौजूद आसिफ उर्फ बबलू को जबरन उठाकर कार में डाला और फरार हो गए।

इस्लाम ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई, लेकिन जब कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आई तो परिजन और स्थानीय लोग कोतवाली पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित युवकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। दिनदहाड़े कोतवाली के समीप हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत लेकर घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान कर चल रही है। वही कुछ लोग और पुलिस अधिकारी इस मामले को क्राइम ब्रांच से भी जोड़ कर चल रहे है लोगों का कहना था कि उक्त चारो लोग क्राइम ब्रांच टीम के सदस्य भी हो सकते है जिन्होंने किसी मामले को लेकर दोनों युवकों को उठाया होगा।

# किसान एवं मजदूर सम्मेलन में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव हरियाखेड़ा में रविवार को किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसान एवं मजदूर महा सम्मेलन हुआ। जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। यहां सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गयी और किसानों की दयनीय हालत पर चिंता जताई गयी। मुख्य अतिथि ठाकुर पूरण सिंह ने कहा किसानों को एक ही बैनर तले संगठित होना पड़ेगा। तभी उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने किसानों से संबंधित मुद्दों को उठाते हुए कहा कि बजाज शुगर मिल कभी भी वायदे पर पैमेंट नहीं करता जो कि एक शर्मनाक बात है। हर महकमे में जबरदस्त भ्रष्टाचार है। किसानों से उनके खेती संबंधी काम के लिए श्वित तक ली जाती हैघ। उन्होंने समाजिक मुद्दों पर भी बात की और कहा कि युवा वर्ग को नशा छोड़ना पडेगा नहीं तो आगामी समय में इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जो दूध हम पी रहे हैं। मिठाई में मावा खा रहे हैं और पनीर खा रहे हैं वो सब नकली है। जिस दिन दूध में मिलावट खत्म हो जाएगी ठीक उसी दिन किसान की भी आए बढ़ जाएगी।

किसान पैदावार कर रहा है और दूधिए मिलावट कर मौज ले रहे हैं। किसान के लिए और इससे शर्मनाक क्या होगा कि मिलावट करने वाले मौज कर रहे हैं और पैदावार करने वाले डोब भर रहे हैं। उन्होंने मृत्यु भोज को भी गलत बताते हुए इस पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की। उन्होंने गांव बिराल से लेकर गांव खेड़ा मस्तान तक के लिए सर्विस रोड की मांग दोहराई। यहां सम्मेलन आयोजक अनुज ठाकुर को किसान मजदूर संगठन युवा का बुढाना तहसील अध्यक्ष व संजय सिंह राजपुर को बुढ़ाना ब्लाक का नया अध्यक्ष बनाया। यहां बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष ठाकुर कृष्ण कुमार ने भी अपने विचार रखे। यहां राष्ट्रीय प्रवक्ता ललित राणा, जिला अध्यक्ष लोकेश राणा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष अन्नू मलिक, युवा जिलाध्यक्ष बिल्लू राणा, अजय प्रधान, पूर्व चौबीसी अध्यक्ष घासीराम, नरेन्द्र सिंह व सतेन्द्र सिंह कुरालसी आदि कार्यकर्ता मोजूद रहे।



# सिविल इंजीनियरिंग छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज राम पॉलिटेक्निक के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा छात्रों को शैक्षणिक उद्देश्य से औद्योगिक भ्रमण कराया गया। यह औद्योगिक भ्रमण वसुंधरा इंफ्र बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, मुजफ्फरनगर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया। औद्योगिक भ्रमण को व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने हेतु छात्रों को 4-4 छात्रों के समूहों में विभाजित किया गया, जिसमें कुल 28 छात्रों ने सहभागिता की।



भ्रमण के दौरान छात्रों को शहरी विकास, आधुनिक निर्माण तकनीकों, स्मार्ट सिटी परियोजना, गुणवत्ता नियंत्रण तथा परियोजना प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही छात्रों ने साइट पर प्रायोगिक सर्वे कार्य भी किया, जिसमें ऑटो लेवल द्वारा स्टाफ सर्वे, रेफरेंस लेवल (आरएल) का निर्धारण, हाई ऑफ इंस्ट्रूमेंट की गणना, बेंचमार्क की पहचान, गुनिया लेवल का समायोजन, इंस्ट्रूमेंट की सेंटरिंग एवं लेवलिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहे। छात्रों ने इन सभी कार्यों को स्वयं करके मापन प्रक्रिया को समझा, जिससे उनकी फील्ड नॉलेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर अमित चौधरी ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की रूपरेखा, निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं निर्माण क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। कंपनी के इंजीनियर कमल एवं इंजीनियर सागर ने साइट पर चल रहे निर्माण कार्यों का चरणबद्ध निरीक्षण कराते हुए सर्वे एवं निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं को सरल भाषा में समझाया।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष (एचओडी) जोनी कुमार, विभाग के प्रवक्ता मुकुल पुलस्त्य ने बताया कि इस प्रकार के फील्ड वर्क से छात्रों की तकनीकी समझ मजबूत होती है।

# कैबिनेट मंत्री की भाजपा कार्यकर्ता परिचय बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भाजपा मंडल महामंत्री विपिन गोयल के निजी निवास स्थान सत्य बिहार कालौनी मे रविवार को केबिनेट मंत्री की उपस्थित में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें संगठन का बूथ स्तर तक मजबूती पर बल दिया गया है साथ ही एसआई आर के महत्व और जागरुकता पर जोर दिया गया है ।

पुरकाजी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा रविवार को कस्बे के सत्य विहार कालोनी मे भाजपा मंडल महामंत्री के आवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी पुरकाजी मंडल एवं कस्बे के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्य कर्त्ताऔर क्षेत्र के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया यह बैठक भाजपा के पांच मॉडल मंडलों में से एक मन्डल मे सम्पन हुई है बैठक मे संगठन को और मजबूत बनाने पर विस्तार से गहन चर्चा हुई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा सभी से एस ए आर पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। बैठक के प्रमुख बिंदुरू संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक बेहतर समन्वय पर विस्तृत मंथन और जन समस्याओ के त्वरित समाधान के लिएकार्यकर्ताओं की शिकायतें सून कर संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए। - मजबूत संगठन को सुशासन और जनश्विास की नींव बताते हुए सभी से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। एसआई आर अभियान के तहत सभी को जागरूक किया गया। अपील की गई कि हर पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूचि में अवश्य दर्ज कराए, ताकि लोकतंत्र और मजबूत हो सके। इस अवसर पर बैठक मे मंडल अध्यक्ष अजय पंवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा . रालोद नेता अमित गोयल श भाजपा नेता संदीप गोयल . निर्दोष जैन .डॉ0 रंजीत गोरसी . सुशील वर्मा नीटू प्रधान .पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोधा . हर्ष वाल्मीकि सुनीलमाहेश्वरी . आयुष गोयल . विक्की पंवार .सोमपाल फौजी . रविंदर . रॉबिन गोयल .सचिन प्रधान नदीम अहमद गौड़ . दीपक त्यागी . रजत गोयल .निर्दोष जैन .नवीन गोयल आदि दर्जनों समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अखिल भारतीय बार परीक्षा में सफल अधिवक्ताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार को जमुना बिहार स्थित मास्टर सुनील शर्मा के प्रतिष्ठान पर एक गरिमामय अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन युवा अधिवक्ता विभू शर्मा द्वारा किया गया। समारोह में अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) उत्तीर्ण करने वाले खतौली क्षेत्र के अधिवक्ताओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहतसिब उर्फ सन्नी काज़ी ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 के बाद विधि परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले वे अधिवक्ता जिन्होंने ऑल इंडिया बार परीक्षा पास नहीं की है, वे न तो किसी मामले में वकालतनामा दाखिल कर सकते हैं और न ही बार एसोसिएशन के चुनाव में मतदान करने के पात्र होते हैं।

इस अवसर पर विभू शर्मा एडवोकेट ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य न केवल परीक्षा में सफल युवा अधिवक्ताओं का सम्मान करना है, बल्कि उन्हें विधिक क्षेत्र में सक्रिय, जागरूक और सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना भी है। वहीं अभिषेक गोयल एडवोकेट ने जानकारी दी कि बैठक में सर्वसम्मति से खतौली के युवा अधिवक्ताओं को संगठित करने के लिए युवा अधिवक्ता एकता संगठन के गठन का निर्णय लिया गया है। यह संगठन युवा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ उनकी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने का मंच बनेगा। समारोह में एयाज मुस्तफा, महेश कुमार, सावन कुमार, आकाश सैनी, शाहज़ेब इकबाल, अनुज जैन, दानिश काज़ी, निकुंज गुर्जर, अनस चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतू लगाया गया शिविर

**मीरापुर।** टिकोला में एफएएमई संस्था की ओर से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्था के फील्ड ऑफिसर गौरव चौधरी ने पशुपालकों को एफ ए एम ई संस्था के उद्देश्य एवं उसके द्वारा किए जा रहे सामा. जिक कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। गौरव चौधरी ने बताया कि एफ ए एम ई संस्था लघु उद्योगों को बढ़ावा देने, स्वरोजगार के अवसर सृजित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिविर के दौरान डॉ. ललित कुमार द्वारा पशुओं में चल रही विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

# सैयदा ने की ऑल इण्डिया एग्जामिनेशन परीक्षा पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ऑल इण्डिया एग्जामिनेशन में जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम कान्हाहेडी की निवासी सैयदा खातून पुत्री गुलशेर अहमद ने पहली बार में ही 80 प्रतिशत नम्बर लाकर परीक्षा पास की है। उनकी मेहनत और लगन से उन्होने यह डिग्री हासिल की है उनकी इस उपलब्धी पर अधिवक्ताओं परिवार, रिश्तेदार व परिचितों ने उनको बधाई दी है। बातचीत करने में उन्होने बताया कि उन्होने तीन वर्ष वाली एलएलबी पूरी की और अब वह एलएलएम कर रही है, लेकिन इसके लिए उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। इस डिग्री में उनका कहना है कि यह उनके मा-बाप की दुओं का असर है। परीक्षा पास करने से उनके मा-बाप और गांव का नाम रोशन हुआ है।



# जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर हो सकती है कार्यवाही

**सरकारी जमीनों को हड़पने वालों पर जल्द चलेगा अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर जहाँ जमीन पर अवैध कब्जा करने के गोरखधंधे पर लगाम लगी है स अब आम आदमी को आस जगी है की पूर्व मे जमीनो पर अवैध कब्जा करने वाले व सरकारी जमीनो को फर्जी तरिके से बेचने वाले आरोपियों पर योगी सरकार मे कानूनी कार्यवाही हो सकती है वही क्षेत्र मे जमीनो पर अवैध कब्जे के मुकदमेधारियों मे हलचल पैदा हो गयी है और जो जमीनो पर अवैध कब्जे के मुकदमो मे नामजद थे वह भूमिगत होने शुरू हो गए है और यह अवैध कब्जाधारी दुसरो के नाम फर्जी तरिके से सरकारी जमीनो का बैनामा तक कर देते थे क्योंकि पूर्व की सरकारों मे इन्हे खुला संरक्षण प्राप्त थास और यह भूमाफिया शिकायतकर्ता को फर्जी मुकदमे तक मे फसा देते थे और पूर्व सरकारों का रोब दिखाते थे वही चरथावल थाने मे भी जहाँ इन भूमाफियाओ के खिलाफ मुकदमे तक दर्ज हुए थे वही जहाँ बड़े बड़े भूमाफिया जेलों की हवा खा रहे है और चरथावल के इन भूमाफियाओ पर अब योगी सरकार मे क्या कानूनी कार्यवाही होंगी यह सवाल क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि इन भूमाफियाओ द्वारा शिकायतकर्ताओ से समझौता कर अपने आप को कानूनी कार्यवाही से बचा लेना व हिलाहवाली कर पूर्व की सरकारों मे अपने आप को बचा लिया गया है वही अब ज़ब इन भूमाफियाओ द्वारा अवैध जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गयी या फर्जी लाभ लेने के लिए अपराध किया गया है तो इन पर अब तक कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की गयी है यह सवाल क्षेत्र मे पूरी तरह गूंज रहा है अब योगी सरकार मे पूर्व की सरकारों मे जमीनो पर अवैध कब्जा करने वालों पर कानूनी कार्यवाही होने की आस क्षेत्रवासियो को जगी है और इन भूमाफियाओ पर कानूनी कार्यवाही होने से आम आदमी को न्याय की आस जगी हैस और पूर्व की सरकारों के भूमाफियाओ पर अब कानूनी शिकंजा कसा जाने की चर्चा से आम आदमी का श्विास बढ़ेगा और आम आदमी की सरकार के प्रति श्विनीयता मे और बढ़ोतरी होंगीस और भूमाफियाओ पर गाज गिरेगी अब इन भूमाफियाओ पर कानूनी कार्यवाही होने की आशंका के चलते इनमे हलचल सी पैदा हो गयी है और यह जमीनो को अवैध तरिके से बेचने वाले भूमाफिया इधर उधर परिक्रमा करते नजर आ रहे है वही क्षेत्र मे यह सवाल गली गली मे गूंज रहा है की क्या योगी सरकार मे भी इन भूमाफियाओ को पनाह मिलेगी या फिर सरकारी जमीनो को बेचने वाले यह आरोपी कानूनी शिकंजे मे जकडे जायेगे यह चर्चा आम हो चली है ।

# छुरी से किया वार, दुकानदार बाल-बाल बचा

**दुकानदार ने फिल्मी स्टाइल में खुद को बचाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक ने एक दुकानदार पर हत्या की नीयत से धारदार छूरी से वार करना चाहा तो मीट दुकानदार ने फिल्मी स्टाइल में बड़ी फुर्ती दिखाकर अपने आपको बचा लिया। मौके पर डायल नंबर 112 की पुलिस आई तो मौके पर झगड़ा करते हुए मिले आरोपी को पुलिस ने नहीं पकडा बस उल्टे दुकानदार को नसीहत करके बैरंग लौट गयी। पुलिस के जाने के बाद आरोपी फिर दुकानदार के घर पर गया और जमकर हंगामा काटा। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार सद्दाम पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला दक्षिणी भटवाडा बुढ़ाना रविवार की सायं पडोसी शोयब शेख पुत्र शाकिर की मुर्गे की दुकान पर आया और बोला कि मुझे सौ रुपये दे दो। मैं तुम्हारे फोन पेय पर अभी डाल रहा हूं। उसने फोन में पैसे डाल दिए तो शोयब दुकान से जाने लगा तो शोयब ने अपने पैसे मांगे तो सद्दाम ने गाली गलौच व मारपीट की। शोयब के विरोध करने पर सद्दाम शोयब की दुकान के अन्दर से धारदार छूरी निकालकर लाया और शोयब पर वार किया तो शोयब ने पीछे हटकर किसी तरह जान बचाई। घटना पर कुछ लोग मौजूद भी थे। सोएब ने डायल 112 पर भी कॉल किया। सद्दाम बहुत लडाकू किस्म का व्यक्ति है आए दिन किसी ना किसी घटना को अंजाम देता रहता है। ऐसी घटना कई बार घटित कर चुका है।

# लखनऊ से आई टीम ने सीएचसी का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से रविवार के दिन आई स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने आकस्मिक छापेमारी की लेकिन सब कुछ सही मिलने पर टीम ने सीएचसी प्रभारी को शाबाशी दी।

इस दौरान जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया भी उपस्थित रहे। मिली जानकारी के अनुसार आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में राज्य स्तर से आई एक टीम के द्वारा भ्रमण किया गया।

साफ सफाई, सेवाएं, एफआरयू की गुणवत्ता, स्टॉप का व्यवहार और दवाइयों की स्थिति की जांच की। मानव संसाधन का भी अवलोकन किया गया। इस टीम के भ्रमण के दौरान यहां पर जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया, डीपीएम विपिन कुमार, बुढ़ाना ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक शशांक त्यागी, ब्लॉक कम्युनिटी प्रक्रिया मैनेजर हरविंदर सिंह, सहायक शोध अधिक. ारी पीयूष गर्ग और सभी स्टाफ मौजूद रहा। टीम अस्पताल से संतुष्ट रही और अपनी रिपोर्ट शासन को प्रेषित करने की भी बात कही। इस दौरान हड़कंप मचा रहा लेकिन सब कुछ सही मिलने पर स्टाफ ने राहत की सांस ली।




# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

**खतौली।** अपराधियों के खिलाफ चल रहे सख्त अभियान के तहत रतनपुरी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जो जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के पास से अवैध हथियार, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में रतनपुरी थाना पुलिस रतनपुरी राधना मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर कच्चे रास्ते से भटे की ओर भाग निकला।

पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश की बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद वह ईख के खेतों में छिप गया। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण की चेतावनी देने पर भी उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की सूझबूझ भरी फायरिंग से बदमाश के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान हसन पुत्र मौजूद्दीन निवासी ग्राम नंगला रियावली, थाना रतनपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भतह्र कराया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी थाना रमाला, जनपद बागपत से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था इस साहसिक कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उपनिरीक्षक शैलेंद्र चौधरी, उपनिरीक्षक मोिं. हत कुमार सहित कांस्टेबल नवीन, गजेंद्र मावी, प्रशांत चौधरी और प्रमोद कुमार शामिल रहे। एसएसपी ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए इसे अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता बताया है।

# सीएमओ ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य मेलों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य मेलों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरबा. लियान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोयला,नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरालसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सो. हजनी तगान,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटबा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरसौली का भ्रमण कर वहां आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य मेलों की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेलों में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, ओपीडी व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाएं, पंजीकरण प्रक्रिया तथा चिकित्सकीय परामर्श की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक लाभार्थी को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। डॉ. सुनील तेवतिया ने विशेष रूप से यह निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य मेलों का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके नजदीक नि:शुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं गंभीर रोगियों को प्राथमिकता के आधार पर परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य मेलों के माध्यम से सरकार की मंशा है कि जनसामान्य को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले और आम लोगों का स्वास्थ्य स्तर बेहतर हो। इस अवसर पर संबंधित सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



### आयरा हॉस्पिटल में फ्री मेडिकल कैम्प लगा

**मीरापुर।** कस्बे के बिजलीघर के निकट स्थित आयरा हॉस्पिटल में रविवार को एक फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में डॉ नवाज़िश खान एवं महिला डॉ रुबीना द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। इस शिविर में मीरापुर कस्बे सहित आसपास के गांव मुझेड़ा, वलीपुरा, गढ़ी रसूलपुर, चुड़ियाला कुतुबपुर, सम्भलहेड़ा, सिकंदरपुर, किथोड़ा, हाशममपुर, खेड़ी सराय, जड़वड़, कटिया एवं सालारपुर आदि क्षेत्रों से 225 मरीज पहुंचे।

इसके साथ ही मरीजों की खून जांच भी पूरी तरह नि:शुल्क की गई, स्थानीय लोगों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की। इस अवसर पर डॉ रियाज़, शरफूदीन, कैफ, हिमनी सिंह, निक्की सिंह, शावेज, शायमा, सीबा एवं आयशा सहित अस्पताल के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की कार्यकारिणी हुई घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा का एक भव्य कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरो. हा ने शिरकत की। प्रेस को सम्बोधित करते हुए चौधरी सचिन सरोहा ने कहा कि आज जाट समाज सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर हुआ है। केन्द्रीय सेवा में जाट आरक्षण समाज की आवश्यकता है जो कि वर्तमान सरकार की कमजोर पैरवी के कारण कोर्ट में निरस्त हुआ है। राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के पदाधिकारी जाट समाज के सांसदों व विधायकों से मिलकर इस मांग को ससंद एवं विधानसभाओं में उठाने की मांग करेंगे।





राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह नीलकंठ ने 25 जनवरी को सभी साथियों से जाट आरक्षण आन्दोलन में सजा काट रहे हरियाणा के युवाओं के साथ अमानवीय व्यवहार के खिलाफ भारी संख्या में रोहतक पहुंचने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन में कई लोगों को महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी।

# डेयरी वाले सैकड़ों लोग नालों में बहा रहे हैं गोबर





**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** गांव रसूलपुर दभेडी में एक सौ के करीब छोटी और बडी दूध की अवैध डेयरियां हैं। इनमें हजारों पशु बंधे हैं। जिनका गोबर पेशाब रोज कई टाइम सबमर्सिबल चलाकर नालियों में बहाया जाता है। गोबर एक दिन में इतना हो जाता है कि गांव की गलियां पूरी तरह से अट जाती है और फिर आने जाने वाले ग्रामीणों को पूरे दिन भारी असुविधा उठानी पड़ती है। रविवार को दूसरे दिन भी सैकड़ों ग्रामीणों ने डेयरी मालिकों के विरुद्ध गंदगी के पास खड़े होकर जोरदार प्रदर्शन कर जबरदस्त विरोध जताया और आज कल में गांव का रोड बंद कर धरना देने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि जब हमने डेयरी मालिकों को नालियों में गोबर बहाने से मना किया तो कहते हैं कि कहीं और मकान ले लो। हम तो नालियों में गोबर बहाएंगे। इससे गांव में संचालकों ग्रामीणों के बीच कभी भी टकरावघ हो सकता है। ग्रामीण अधिकारियों को कई कई बार शिकायत कर चुके लेकिन गांवों की गलियों व नालों में गोबर का बहना बंद नहीं हुआ है। पशुओं के गोबर पेशाब ने पूरे गांव की गलियां व नाले सब चोक कर दिए। यहां तक खेतों की जमीनें व उसमें खड़ी फसलें भी खराब हैं। संचालकों पर डेयरी चलाने का कोई लाइसेंस नहीं है। दूध की ये सभी डेयरियां अवैध रूप से संचालित हैं। आरोप है कि उमरपुर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी डेयरी संचालकों से प्रतिमाह रकम वसूलते हैं तभी तो संचालकों के हौंसले बुलंद हैं। शिकायत के बाद भी इनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं होती है।

**गांव की हालत देख रिश्ते वाले भागे:** गांव रसूलपुर दभेडी के विकास जाटव ने डेयरी संचालकों पर अपना नजला उतारते हुए गुस्से में बताया कि परसों जिला शामली के गांव थावड़ी से उसका रिश्ता आया था।

गांव की हालत देखकर लड़की वालों ने उसका रिश्ता अपनी बेटी से करने से इंकार कर दिया हालांकि उन्होंने उसे पसंद कर लिया लेकिन वे गांव की हालत देख रिश्ते रखने से इंकार कर चलते बने। यही समस्या गांव के अन्य अविवाहित युवकों के साथ आ रही है।

**बिजली आते ही मचता है उधम:** अब बीते कल से गांव का एक विद्युत ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है। उसकी वजह से गांव के एक हिस्से में लाइट नहीं आ रही। जिसकी वजह से डेयरी संचालक सबमर्सिबल चला नहीं पा रहे। जब लाइट आएगी तो बीते कल से सभी डेयरियों पर जितना गोबर इकट्ठा हुआ है वह सब गोबर सबमर्सिबल चलाकर बहा दिया जाएगा। इससे आने जाने वालों को फिर भारी असुविधा उठानी पडेगी।

**ग्राम प्रधान करवाते हैं रोजाना सफाई:** अगर गांव के लोगों की बातों पर यकीन किया जाए तो मोजूदा ग्राम प्रधान जहीर हसन डेयरी संचालकों की करनी को रोजाना भर रहे हैं। वे रोजाना गलियों में फैले गोबर को ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर हटवाने का काम करते हैं लेकिन अगले दिन फिर गोबर से गलियां अट जाती हैं।

# रेहड़े-बाइक की टक्कर में दोनों चालक घायल

■ **घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रेहड़े और मोटर साइकिल की भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गये। दोनों घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस ने हस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर के निवासी रविंद्र सिंह रविवार की सायं अपने रेहड़े पर गांव जौला से सब्जी बेंचकर अपने घर लौट रहा था। तब गांव जौला से बुढ़ाना किसी काम मोटर साइकिल पर जा रहे गांव जौला निवासी शाबान पुत्र साबिर जो कि तेज रफ्तार बाइक चला रहा था उसने गढ़ी राजकीय स्कूल के पास पीछे से रेहड़े में मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों ही वाहनों के चालक असंतुलित होकर अलग अलग दिशा में जा गिरे। सब्जी से भरा हुआ रेहड़ा पलट गया जबकि मोटर साइकिल का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

आते जाते राहगीरों ने इस घटना की सूचना थोड़ी ही दूर पर स्थित गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी तो उन्होंने तुरन्त घटनास्थल की और दौड़ लगाते हुए मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराकर घटना की सूचना दोनों घायलों के परिजनों को दी। परिजन भी अस्पताल में आ गये थे। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गलती मोटर साइकिल चालक की है। वैसे इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

# मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार पर हुआ हमला

■ **दुकान में की जमकर तोड़फोड़, भारी नुकसान**

**बुढ़ाना।** मोबाइल फोन ठीक करने के बाद जब एक दुकानदार ने ग्राहक से अपनी मेहनत के पैसे मांगे तो ग्राहक ने गुस्से में आकर दुकानदार से गाली गलौज की और फोन कर अपने भाई व दोस्तों को मौके पर बुलाकर दुकानदार के साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ कर फरार हो गये। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पटी लुहसाना रोड पर नसीम कस्सार पुत्र इशाक अपनी दुकान पर खराब मोबाइल को रिपेयर करने का काम करता है। उसके पास बीते शनिवार की देर शाम समीर अपना मोबाइल ठीक कराने आया। मोबाइल ठीक होने के बाद जब नसीम ने समीर से पैसे मांगे तो आरोपी ने गाली गलौच शुरु कर दी। नसीम ने गाली गलौच का विरोध किया तो समीर ने फोन कर अपने भाई शाहवेज, शोकीन व भूरा पुत्र इल्हाउद्दीन निवासी लुहसाना रोड बुढ़ाना व 3 अज्ञात लोगों को बुला लिया। आरोप है कि सब आरोपी मौके पर पहुंचते ही नसीम के साथ मारपीट करने लगे और इसके बाद दुकान पर पथराव कर दिया। पथराव व तोड़फोड़ से दुकान में रखे मोबाइल, रिपेयर का सामान, काउंटर व अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ। मामले की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना का 18 सैकेंड का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# धूप खिली मगर शीतलहर ने आमजन की कंपकपी छुड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर सहित क्षेत्र भर रविवार का दिन भी घने कोहरे और शीतलहर के नाम रहा है । जिसके चलते दिनभर भगवान सूर्यदेव के दर्शन होने भी दुर्लभ रहे हैं । दिनभर घने कोहरे की चादर से घिरा कस्बा और क्षेत्र अंधकार मे डूबा रहा लोग दिनभर बफह्वली तेज हवा की ठिठुरन से कापते रहे । दिनभर लोग गर्म कपडो और अलाव का सहारा लेते दिखायी दिये तथा शाम होते ही लोग घरो मे कैद हो गये है जिससे सडको और गली मौहल्लो में दिन ढलते ही सन्नाटा पसर गया उधर दिन भर सडको पर वाहन भी लाईटो के सहारे धीरे धीरे रेंगते रहे। विगत दिनो से जारी कोहरे और शीतलहर ने वाहनो के पहियो की रफ्तार थामदी है तथा आमजन का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है ।

रविवार दिनभर कोहरे और शीतलहर के नाम रहा है । क्योंकि रविवार को भी प्रात 6 बजे चारो ओर कोहरे की फैली चादर ने आमजन के जीवन कि रफ्तार पटरी से उतारकर आमजन का जीवन ही अस्त व्यस्त कर दिया है। जिससे रविवार का दिन अंधकार के साय मे गुजरा है । सडको पर सभी वाहनों का लाईटो के सहारे धीरे धीरे ही रेंगना पड़ा है। जिन्हे अपनी मंजिलो पर काफी बिलम्ब से ही पहुंचना पड़ा है ।



घने मोहरे के चलते दिनभर सडको पर चलना जोखम भरा रहा है । कोहरे की दस्तक और शीतलहर से मोसम ने भी अपना मिजाज बदल दिया है जिससे दिनभर ठिठुरन से आमजन कांपते रहे तथा दिन गर्म भर गर्म कपडो और अलाव मे आग तापते रहे। तथा लोग दिन ढलते ही अपने अपने घरो में कैद हो गये तथा गली मौहल्लो से लेकर सडको तक सन्नाटा पसर गया।

# पिता ने ससुरालियों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया

**छपार।** मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी के गांव शेरनगर निवासी बहादुर की पुत्री शिवानी की शादी गांव सिसोना निवासी अरुण के साथ कुछ वर्ष पूर्व हुई थी। आरोप है कि उसके ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते आ रहे थे ओर शिवानी को प्रताड़ित करते थे। एक जनवरी को उसका शव रस्सी से लटका मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के पिता बहादुर ने 10 दिन बाद उसके पति अरुण, पिता राजेश,सास सत्तो,जेठ व देवर विजय, अंकुर, जेठानी रितु के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जतिन वशिष्ट बनाए गए विद्यार्थी सेना के नए जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में शिव सेना के छात्र संगठन विद्यार्थी सेना को नया जिला अध्यक्ष मिल गया है। संगठन की एक आवश्यक बैठक रविवार को जिला कार्यालय, प्रकाश चौक पर सम्पन्न हुई, जिसमें जतिन वशिष्ठ को विद्यार्थी सेना का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में संगठन विस्तार अभियान के तहत करीब 85 विद्यार्थियों को शिवसेना की सदस्यता भी दिलाई गई, वहीं अमित मित्तल को युवा जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने की, जबकि बैठक का संचालन मंडल प्रमुख शरद कपूर ने किया। बैठक में शिवसेना जिला अध्यक्ष बिटू सिखेड़ा ने संगठन के फैसले की जानकारी देते हुए कहा किजतिन वशिष्ठ लगातार छात्र वर्ग के बीच सक्रिय रहे हैं और संगठन के लिए मेहनत कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में विद्यार्थी सेना को नई दिशा मिलेगी और जिले में संगठन पहले से अधिक मजबूत होगा। संगठन का उद्देश्य युवाओं को जोड़कर राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की विचारधारा को सशक्त बनाना है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जतिन वशिष्ठ ने पदभार संभालते हुए कहा कि मैं शिवसेना की नीतियों और विचारधारा का जिले में पूरी मजबूती से प्रचार-प्रसार करूंगा।



विद्यार्थी सेना को गांव-शहर, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों तक मजबूत किया जाएगा। हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं रहने दूंगा। बैठक के दौरान शिवसेना पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण करने वाले छात्रों को संगठन की नीतियों, अनुशासन, राष्ट्रसेवा तथा सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई। पदाधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थी सेना आने वाले समय में जिलेभर के कॉलेजों में सदस्यता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगी। बैठक में संजीव शंकर, मुकेश त्यागी, पूनम चौधरी, नरेंद्र ठाकुर, प्रदीप जैन, राजेंद्र पाल, विकास चौहान, योगेंद्र सैनी, ललित रहेला, आलोक अग्रवाल, देवेंद्र चौहान, उज्ज्वल पंडित, मंगतराम, बाबूराम, अरविंद शर्मा, संजीव वर्मा, अतुल, वैभव, अक्षय, अरुण, आकाश, मनोज चौधरी, सजल वर्मा, प्रिंस वर्मा, वंश तोमर, करण ठाकुर, शैलेंद्र, दाताराम, नंदू कश्यप, अजय सैनी, वेदांत सिंगल, सत्येंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं छात्र मौजूद रहे।

# खाटू चुलकाना धाम रवाना हुए दर्जनों श्रद्धालु

**बुढ़ाना।** रविवार की अल सुबह दर्जनों श्रद्धालु एक डीलक्स बस में सवार होकर बुढाना कस्बे के पारसी बस अढे से खाटू नरेश चुलकाना धाम के लिए रवाना हुए। इस बस को बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन मति उमा त्यागी कौशल के सुपुत्र एडवोकेट अभिनव त्यागी ने अपने कर कमलों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर उक्त गंतव्य के लिए रवाना किया और सभी श्रदालुओ की सकुशल वापसी की ईवर से कामना की।

चुलकाना धाम पहुंचने पर सबसे पहले सभी श्रदालुओ ने सरोवर में स्नान किया। फिर मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करके प्रसाद चढाया और माथे पर तिलक लगाया।



इस मोके पर चुलकाना धाम जाने वाले सभी श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना रजिस्टर्ड नगर ईकाई के अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, जगराम सिंह, विनोद शर्मा, संजय गर्ग, चन्दा गर्ग, जीएल सैनी, राजवीर कश्यप, अमित गर्ग, राहुल एडवोकेट बडकता, शान्ति देवी बडकता, प्रदीप कुमार अलीपुर अटेरना, तानी सुडियान, दक्ष, ईशा, गौरी, अपिति, वंशिका, माधव, सुमन, मान्यता, मिर्थन, शेखर जैन और शरवर जैन आदि श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

# पीआर स्कूल में द आर्ट ऑफ़ लिविंग- हैप्पीनेस प्रोग्राम सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** के पचेंडा रोड स्थित पी.आर पब्लिक स्कूल में द आर्ट ऑफ लिविंग शाखा की ओर से तीन दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ट ऑफ़ लिविंग प्रशिक्षक डॉक्टर नीलम राय धर्मपत्नी एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा ,मिसेज निवेदिता धर्मपत्नी एसपी ट्रैफिक मुजफ्फरनगर अतुल कुमार चौबे, स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल जी, अतुल कुमार बालियान, डॉ राजीव द्वारा मां सरस्वती तथा गुरुदेव रविशंकर जी की वंदना के साथ किया गया ।इस कार्यक्रम के तहत योग, ध्यान, सुदर्शन प्रक्रियाओं के माध्यम से जीवन जीने की कला का व्यवहारिक ज्ञान सिखाया गया। रोग मुक्त शरीर, तनाव मुक्त मन, कंपन मुक्तश्वास, हिंसा व नशा मुक्त समाज के साथ-साथ ही भोजन लेने के तरीको की जानकारी दी गई। प्रशक्षिक नीलम राय ने कहा कि आर्ट आफॅ लिविंग की स्थापना 1981 में रवि शंकर जी महाराज द्वारा कराया गया था। वर्तमान में बहुत से देशों में संस्था लोगों को सांस लेने की तकनीक, ध्यान और योग पर आधारित कई तनाव उन्मूलन और आत्म विकास कार्यक्रम चला रही है। हमारी संस्था शरीर और मन को जोड़ती है। यह एक तनाव मुक्त और पूर्ण जीवन का रहस्य रखता है। स्कूल प्रबंधक अनघ सिंघल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि- दैनिक जीवन की भागदौड और तनाव से अपने आप को मुक्त करने के लिए योग और सुदर्शन क्रिया बहुत ही हितकारी है। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने उपस्थित सभी गण मान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेट करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, शंकर शर्मा प्रज्ञा सिंधी, शिखा ठाकुर, राखी पाल दीपक मलिक, विशांक त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा।



# 78 लोगों ने अपनी स्वैच्छा से किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत बाईपास रोड पर स्थित शनि धाम मंदिर के समीप शिक्षण संस्था सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुढ़ाना में स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर शिविर का शुभारंभ किया गया। यहां शिवम शर्मा, भव्य, आयुष एवं नगर प्रचारक स्वदेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी ने मां भारती व भारतीय संस्कृति को किस प्रकार से विदेशों में फैलाया। हम सभी को भी उनसे यही प्रेरणा लेनी चाहिए और अपनी भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहिए। ब्लड बैंक शामली से आई टीम में शिवम, महिमा, योगेश एवं मोहित रहे।




इस शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर प्रचारक स्वदेश, शिवम, मंदिर के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शर्मा, भव्य व आयुष ने अपने कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यहां 78 लोगों ने रक्त दान किया।

प्रत्येक डोनर को डोनर कार्ड व मेडल से सम्मानित करने के बाद डोनर के रक्त की जांच पी में की गयी। शिविर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक चला। शिविर स्वामी विवेकानन्द जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर लगाया गया था।

# ठगों ने चार लोगों के 64 हजार रुपये किए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने पूर्व की भांति अपने सफल प्रयास से चार ठगों के कब्जे में गयी चार लोगों की लगभग 64 हजार रुपये की धनराशि वापस करवा दी। धनराशि वापस मिलते ही चारों पीड़ितों की बांछे खिल गयी और उन्होंने क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह को काफी दुआएं दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने कम्प्यूटर आपरेटर विपिन कुमार और महिला कांस्टेबल दीपा की सहायता से ओनलाइन साईबर फ्राड करने वाले अपराधियों के मिशन को नेस्तानाबूद करते हुए पीडित मौहम्मद हसीन पुत्र शहजाद अहमद निवासी बुढ़ाना के दस हजार रुपये जो बीती 2 जनवरी को उसके खाते से ठगों ने गायब कर दिए थे। इसके अलावा बीती छह जनवरी को गांव बिराल निवासी दुर्गेश पुत्र श्यामलाल शर्मा के 26 हजार 758 रुपये, बीती 06 जनवरी को ही गांव कुरथल निवासी आकाश पुत्र राजवीर सिंह के 03 हजार 900 रुपये और बीती 07 जनवरी में बिटावदा गांव के निवासी याकूब पुत्र यामीन के 23 हजार उसके खाते में वापस करा दिए। ठगों के द्वारा खातों से गायब किया गया पैसा वापस खाते में आते ही चारों पीड़ितों की बांछे खिल गयी। इसके लिए सभी ने बुढ़ाना पुलिस की जमकर प्रशंसा की।

# एसआईआर के तहत नई मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

## बुढ़ाना, मीरापुर तथा मोरना में मतदाता दिखा रहे हैं विशेष उत्साह, सूची में अपना नाम देखकर हो रहे हैं खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन एसआईआर के तहत नई मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसे समस्त बीएलओज के द्वारा अपनी अपनी भाग संख्या के अंतर्गत आने वाले बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड सभासद और गणमान्य लोगों को आमंत्रित करके मतदाता सूची को पढ़ा गया।

जिससे सभी मतदाताओं को अच्छी तरह से मालूम हो जाये कि किसका नाम मतदाता सूची में अंकित है और किसका नाम मतदाता सूची में अंकित नही है। सभी लोगो ने मतदाता सूची को ध्यानपूर्वक सुना और सभी से अपील की गई कि जो भी मतदाता अब 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वह सब अपने डॉक्यूमेंट बीएलओ को फार्म 06 भरकर अपनी वोट बनवा लें और साथ ही जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में गलत है वो अपना फार्म 08 भरकर अपने बीएलओ को दे दें जिससे उसका नाम शुद्ध हो सके। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से सुपरवाइजर सुशील सैनी, रमेश चंद पंवार, राखी जैन, रचना शर्मा, दीपक कुमार, मीनाक्षी, इमराना, सीमा, अमित कुमार, अनुपमा, असमा अली और जेनूबा आदि बीएलओ और बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन के सभासद सलीम कुरैशी, बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरु कुरैशी, सोमपाल, प्रताप नारायण त्यागी, गौरी शंकर, इंतजार अहमद, शाहिद अहमद, अरुण जाटव और अनुज जाटव सहित अन्य कई लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

**मोरना।** भोकरहेड़ी मे बीएलओ द्वारा नवीन मतदाता सूची का प्रकाशन प्रशासनिक अधिकारियो की मौजूदगी मे किया गया। इस दौरान कस्बे के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

भोकरहेड़ी स्थित इंटर कॉलिज मे रविवार को आयोजित कार्यक्रम मे बीएलओ विनय कुमार ने बताया की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भोकरहेड़ी के सभी बीएलओ द्वारा वोटर लिस्ट की ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन किया गया। सभी बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाये गये व संबंधित जानकारी दी गयी। मतदाताओं को जानकारी देकर बताया गया की जिन लोगों का नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं है वह मतदाता फार्म-6 भरकर नई वोट बनवा सकते हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, सुपरवाइजर अमित कुमार, अजय कुमार चेयरमैन, मौ.अफजल काजी, जोरासन, बोबीन,रवि आर्य, विपुल, संदीप कुमार व बीएलओ मनोज कुमार, दीपक कुमार, राखी, चित्रा शर्मा, शिल्पा पंवार, प्रवेश देवी, रेणु, विपिन, अजय सैनी, लविशा, सुभाष, उपासना, मंजूषा देवी मौजूद रहे।

**मीरापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत कस्बे के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मेहता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक नायब तहसीलदार अजय सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश गौड़ के संरक्षण में संपन्न हुई।

इस अवसर पर प्रत्येक मतदान केंद्र की मतदाता सूची को मतदाताओं के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। साथ ही बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को एकत्रित किया गया और उन्हें मतदाता सूची दिखाई गई। मतदाताओं ने सूची का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया तथा निर्वाचन विभाग की इस पहल की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखना और किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते दूर करना है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नई वोटर आईडी बनवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है, वे अपने क्षेत्र के संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से नया मतदाता पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा जिन मतदाताओं के नाम, पता या आयु में कोई त्रुटि है अथवा जिनका निवास स्थान परिवर्तित हो चुका है, वे फॉर्म-8 भरकर आवश्यक संशोधन करा सकते हैं। अधिकारियों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में भाग लेने की अपील की, ताकि मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिरहित और अद्यतन बनाया जा सके।

**शाह टाइम्स**
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।










# नए वोटर पंजीकरण के दौरान दिखी अव्यवस्था, बूथ परिवर्तन बना कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए थाना भवन क्षेत्र के विभिन्न मतदान स्थलों पर आज बूथ लेवल ऑफिसर द्धठस्व्ऋ द्वारा फार्म वितरित किए जाने थे। इस दौरान कुछ मतदान स्थलों पर ठस्व की अनुपस्थिति देखी गई, जिससे नए वोट बनवाने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।थाना भवन क्षेत्र के प्रमुख मतदान स्थलों में लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती पब्लिक स्कूल, किसान इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय नम्बर 1 तथा प्राथमिक विद्यालय नम्बर 2 शामिल हैं। कई केंद्रों पर मतदाता फार्म लेने पहुंचे, लेकिन ठस्व के समय पर न पहुंचने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

इस संबंध में सुपरवाइजर विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में कुछ नए बूथ बढ़ाए गए हैं तथा कुछ बूथों के नंबरों में परिवर्तन किया गया है। इसी कारण व्यवस्था में अस्थाई रूप से समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी बूथों पर स्थिति सामान्य कर दी जाएगी और नए वोटर पंजीकरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि पात्र मतदाता बिना किसी असु. विधा के अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

## मतदान बूथों पर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सूची का पठन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को जनपद शामली के सभी मतदान बूथों पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का पठन किया गया। शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज, जैन कन्या इंटर कालेज, वीवी इंटर कालेज, आरके इंटर कालेज, नंदूप्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरातियान बालिका विद्यालय में कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने बूथों पर पहुंचे और सूची में अपना नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार वोटर बनने के पात्र थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं का नाम सूची में नहीं मिला या जिनके विवरण में त्रुटि पाई गई, उन्होंने मौके पर ही आपत्तियां दर्ज कराईं।रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ बूथों पर पहुंचे और सूची का अवलोकन किया। कई जगहों पर बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। बीएलओ ने घर-घर जाकर भी लोगों को जागरूक किया और बताया कि मतदाता सूची में सही नाम होना लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली हामिद हुसैन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें और यदि कोई त्रुटि या कमी हो तो समय रहते उसे ठीक कराएं, ताकि आगामी चुनावों में निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## नए वोट के लिए भी भरे फार्म

**चौसाना।** विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण . 2026 के तहत मतदान स्थलों पर कैंप का आयोजन किया गया ।जिसमें पहुंचकर ग्रामीणों ने एसआईआर के दौरान अपनी वोट की जांच की तथा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरे कर चुके नए वोटरों के फॉर्म भरे गए।चौसाना मे भाग 1-12 तक में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य चार नवंबर से 26 दिसंबर तक चला। इस बीच में 11500 मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। इसमें लगभग पन्द्रह सौ मृतक, स्थानातंरितध्अनुपस्थित और एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाता पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 400 मतदाता नो मैपिंग वाले मतदाता चिह्नित किए गए हैं।

चौसाना में रविवार को मतदान स्थल सरकारी स्कूल में विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ और सुपरवाइज उपस्थित रहे ।मतदाताओं ने नवीन मतदाता सूची का अवलोकन किया।सुपरवाइजर अरविंद सैनी ने बताया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नवीन मतदाताओं के लिए फॉर्म संख्या 6 तथा नवविवा. हताओं के नवीन वोट के फॉर्म भरे गए।लगभग 90 नए वोटर्स के फॉर्म भरे गए।इसी के साथ लोगों ने मतदाता सूची में अपने नाम की जांच भी की। पठानपुरा सरकारी स्कूल में बीएलओ संदीप सैनी मौजूद रहे लगभग 20 फार्म नवीन मतदाताओं के लिए फॉर्म संख्या 6 भरे गए। इस दौरान बीएलओ इसरार अहमद,पूजा पाल, अरुणा, करण सिंह आदि उपस्थित रहे।




## झिंझाना में मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची का वाचन, नए मतदाता जुड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे एसआईआर अभियान के तहत कस्बे के आरएसएस इंटर कॉलेज एवं जय सीताराम इंटर कॉलेज में बनाए गए मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया गया।

रविवार को बीएलओ ने उपस्थित नागरिकों के समक्ष मतदाता सूची पढ़कर सुनाई और नाम, पता व अन्य विवरणों की जांच कराई, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधारा जा सके। अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन पत्र भी भरवाए गए। युवाओं एवं पात्र नागरिकों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई। बीएलओ ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और सूची को त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान किसी भी मतदाता द्वारा सूची को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। मौके पर बीएलओ सुभाष चंद्र, संजीव कुमार, प्रमोद शर्मा सहित सभी वार्डों के बीएलओ अपने-अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहे और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

# धोखाधड़ी व जमीन हड़पने के मामले में तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार



**झिंझाना।** क्षेत्र में धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने तथा पीड़ित के साथ जातिसूचक गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव मंसूरा निवासी सोनू ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि यामीन पुत्र सद्दीक व उसके अन्य साथियों ने साजिश के तहत उसके साथ धोखाधड़ी कर जमीन पर कब्जा कर लिया। जब पीड़ित ने अपने रूपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संगीन धाराओं सहित एससीध्एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा वांछित आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने रविवार को मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों यामीन ,नसीम, नदीम निवासी गांव मंस. ूरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## एक नजर

### मिशन शक्ति फेस-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना थानाभवन की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक लोकेश कुमार, महिला कांस्टेबल गीता एवं महिला हेड कांस्टेबल विनीता ने बाजारों में भ्रमण कर बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। टीम द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी एवं बाल अपराध जैसे गंभीर विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना झिझक संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें और कानून का सहयोग लें।

### नेशनल हाईवे पर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शामली से बाइक पर सवार होकर कैराना लौट रहे अधेड़ को नेशनल हाईवे पर अज्ञात कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की शाम रामबीर (50) पुत्र कृष्ण, निवासी गांव लिलौन, बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर स्थित गांव एरटी के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रामबीर सड़क पर गिर पड़े और उन्हें सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के माध्यम से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। हादसे के बाद अज्ञात कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन ने टक्कर मारकर खंभा तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के वीवी इंटर कालेज रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नगर पालि. का का पॉल क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कुत्ते की भी मौत हुई है। नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पॉल को ठीक कराया है। रविवार सवेरे शहर के वीवी इंटर कालेज रोड पर डिवाईडर के बीच लगे नगर पालिका के पॉल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक कुत्तें की मौत हुई। जबकि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पॉल क्षतिग्रस्त होकर सडक पर गिरने से काफी समय से यातायात भी प्रभावित हुआ हालाकि बाद में क्षतिग्रस्त पॉल को सडक से हटाया गया। नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पॉल को ठीक किया, जिससे यातायात पूरी तरह से सामान्य हो सका। पॉल के क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें लगी दो स्ट्रीट लाईट भी टूट गई है।

### बाइक सवार को बचाने के प्रयास में इको गाड़ी पलटी, पिता-पुत्र गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिडौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिडौली सादात निवासी युवक अपने पुत्र के साथ गाड़ी से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान यमुना नदी के बांध पर अचानक सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनकी इको गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बांध से नीचे खेत में जा गिरी। हादसे में पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार को ग्राम बिडौली सादात निवासी जिया मेहंदी अपने पुत्र हैदर अली के साथ इको गाड़ी से गांव बिडौली सादात की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे शीतलगढ़ी से आगे यमुना नदी के बांध पर पहुंचे, तभी अचानक सामने से एक अज्ञात युवक तेज रफ्तार बाइक से आ गया। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चालक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी बांध से नीचे खेत में लगभग 10 से 15 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद खेतों में काम कर रहे किसानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और तुरंत शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। इस संबंध में चौकी प्रभारी बिडौली योगेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई सड़क दुर्घटना का मामला नहीं है। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# मनरेगा का नाम बदलने पर विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज रविवार को ओमप्रकाश शर्मा सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में शामली शहर के गांधी पार्क में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे से सांकेतिक उपवास किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर मजदूरों से रोजगार छीनने का आरोप लगाया।



रविवार को शहर के गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपति महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बाहदुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियों ने सांके. तिक उपवास किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व एसआईआर कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से हटाने का काम कर रही है। मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर इसे गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण कर दिया गया है। कहा कि पूरे विश्व में महात्मा गांधी को नमन किया जाता है। ऐसे में भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम से चल रही योजनाओं को खत्म करने पर अमादा हो गई ळै। उन्होंने कहा कि मनरेगा में मजदूरों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, लेकिन अब सरकार इस व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

उन्होंने केंद्र व राज्य के अंशदान में बदलाव पर भी सवाल उठाए और कहा कि पहले केंद्र 90 प्रतिशत और राज्य 10 प्रतिशत खर्च करता था, जबकि अब राज्यों पर 40 प्रतिशत का बोझ डाला गया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के लिए मुश्किल पैदा करेगा। इस अवसर पर बाबूखान, चौधरी सोमदेव, विनोद अत्री, बिजेन्द्रपाल वर्मा, अमित डिंपल शर्मा, शेखरपाल, ज्योति प्रसाद, इसराईल, आदेश कश्यप, मास्टर नरेन्द्र सिंह,डा। पाल सिंह, अशोक जैन, रामपाल पांचाल, यशपाल कश्यप, विनीत शर्मा, मौं। जुल्फान, अखिल शर्मा, मोहम्मद आजम, रविन्द्र आर्य, मोहम्मद मुकीम, सोहि. हल धीमान, जनेश्वर प्रसाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ऊंची हाइट के गन्ना ट्रक व जुगाड़ वाहन बने जानलेवा



**चौसाना।** क्षेत्र की सड़कों पर हर रोज सैकड़ों वाहन दौड़ रहे हैं, लेकिन इनमें से कई वाहन सीधे मौत को न्योता दे रहे हैं। ऊंची हाइट के गन्ने से भरे ट्रक हों या मोटर साइकिल को काटकर बनाए गए जुगाड़ वाहन, न नियमों की परवाह है और न ही प्रशासन का डर। हालात यह हैं कि हादसे हो रहे हैं, बिजली के पोल टूट रहे हैं, आम लोग बाल-बाल बच रहे हैं, फिर भी न पुलिस जाग रही है और न जिम्मेदार विभाग। चौसाना क्षेत्र में गन्ना सीजन के दौरान ऊंची हाइट के ट्रकों का चलन आम हो गया है। ट्रकों पर तय मानकों से कहीं अधिक ऊंचाई तक गन्ना लादा जा रहा है। संतुलन बिगड़ते ही ए ट्रक पलट जाते हैं। बीते एक महीने में गंगारामपुर खेड़की गांव में दो बार गन्ने से भरे ट्रक पलटे, जिससे दो विद्युत पोल टूट गए। इन हादसों में एक महिला और एक स्कूल वाहन चमत्कारिक रूप से बच गया। अगर जरा सी चूक होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसी तरह भड़ी से लक्ष्मीपुरा रोड पर भी दो बार गन्ने से भरे ट्रकों के पलटने से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सड़क किनारे बसे लोगों में डर का माहौल है। हर गुजरता ऊंचा ट्रक किसी अनहोनी का संकेत लगता है।



# अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन की छापेमारी, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, माफिया फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित रजवाहे की पटरी पर अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। हालांकि, पुलिस व प्रशासनिक टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही अवैध खनन में संलिप्त लोग जेसीबी मशीन व अन्य वाहनों को लेकर फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर दिया।रविवार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को सूचना दी गई कि गांव गढ़ी दौलत के रजवाहे की पटरी पर कुछ लोग जेस. ीबी मशीन के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। आरोप है कि खनन माफियाओं द्वारा रजवाहे को पूरी तरह मिट्टी से भर दिया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज के निर्देश पर तहसीलदार अर्जुन सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन प्रशासनिक टीम के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गए।मौके पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया और थाने ले आई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मौके से एक मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है, जिसके खिलाफ थाने पर विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने अवैध खनन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## काली नदी पुल के पास टला बड़ा हादसा

**शामली।** आदर्श मंडी क्षेत्र में काली नदी पुल के पास देर रात रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अनियंत्रित होकर एक कार काली नदी में गिर गई, लेकिन पीआरवी पुलिस की तत्परता से घायल चालक को समय रहते सुरक्षित बाहर निक. ालकर अस्पताल पहुंचा दिया गया। गत रात पीआरवी पुलिस को सूचना मिली कि काली नदी पुल, पोस्टमार्टम हाउस के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे गिर गया है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पता चला कि लाल रंग की कार पुल से अनियंत्रित होकर काली नदी में जा गिरी। कार में चालक विशाल पुत्र श्याम सिंह निवासी फतेहपुर, थाना बाबरी सवार था। हादसे के बाद वह नदी में फंसा हुआ था। पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल अनुज राणा, कांस्टेबल रिंकू कुमार तथा होमगार्ड चालक पंकज कुमार ने चौकी एसटी तिराहा पुलिस के सहयोग से त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए घायल चालक को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल शामली भिजवाया गया। सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय रहते उपचार मिल सका, जिससे उसकी जान बच गई। शामली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, गति सीमित रखें और पूरी सतर्कता बरतें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# इस्सोपुरटील फायरिंग प्रकरण: चौथा आरोपी गिरफ्तार

**पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व खोखा कारतूस बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में हुई फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने चेकिंग के दौरान चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रतन सिंह की दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी। रतन की पत्नी मोनिका उर्फ मोदी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पालेराम से शादी कर ली थी, तभी से गांव के ही फाले सिंह का परिवार पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। कई दिन पूर्व फाले सिंह के पुत्र मनेन्द्र ने मोनिका उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग कर दी थी। पीड़िता ने एसपी शामली को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित महिला ने वीडियो वायरल कर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिका. रियों से जान माल की सुरक्षा गुहार लगाई थी। आरोप है कि एसपी को शिकायत करने के बाद यूपी पुलिस में तैनात सिपाही सुरेन्द्र ने अपने भाई मनेन्द्र, जोगेन्दर व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव तितरवाडा निवासी सोनू पुत्र पालेराम के साथ मिलकर पीड़िता के घर पर पीड़िता के पति रविन्द्र पुत्र पाले राम को मारने की नीयत से फायरिंग की थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मुठभेड़ के दौरान मनेन्द्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि गत गुरुवार को सुरेंद्र पुत्र फाले सिंह व सोनू पुत्र पालेराम निवासी तितरवाडा थाना



कैराना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार की शाम को पुलिस ने चेकिंग के दौरान फायरिंग प्रकरण में फरार चौथे आरोपी जोगि. ंदर उर्फ जोनू पुत्र फाले सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि फायरिंग प्रकरण के चौथे आरोपी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## दो अलग-अलग मामलों में महिला व युवती लापता, थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में दो अलग-अलग मामलों में महिला व युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों को लेकर परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बरामदगी की मांग की है।कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी साजिद पुत्र नफीस ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान घर पर अकेली मौजूद उसकी पत्नी रेशमा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी को शीघ्र बरामद किए जाने की मांग की है। दुसरी और कस्बे के एक अन्य मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने भी थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री घर से नगदी व जेवरात लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पीड़ित ने पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दो अलग-अलग तहरीर प्राप्त हुई हैं। दोनों मामलों में जांच की जा रही है और शीघ्र ही लापता महिला व युवती को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा के नीचे रखा उपवास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आज कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे उपवास रख मनरेगा का नाम बदले जाने का विरोध जताया।

उपवास प्रारंभ होने से पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने महात्मा गांधी जी के नाम को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना से हटाए जाने के भाजपा सरकार के फैसले को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को इस योजना से हटाकर देश के समस्त श्रमिकों, मजदूरो व गरीब ग्रामीणों का अपमान किया है।

जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि गांधी जी के नाम से आरएसएस और भाजपा की असहजता कोई नई बात नहीं। हम देश के श्रमिकों व मजदूरों के हित के लिए मनरेगा के मूल स्वरूप को वापस लाने के लिए संघर्ष करेंगे, जिससे गांधी जी के नाम को पुन: मनरेगा योजना से जोड़ा जाए और मनरेगा बजट का 40% राज्यों पर थोप कर इस राष्ट्रीय रोजगार योजना को समाप्त करने की केंद्र सरकार की साजिश को विफल किया जा सके।




उपवास करने वालों में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, पूर्व प्रदेश सचिवगण अशोक सैनी, राहत खलील व सत्यम भूरियांन सैनी, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्षगण संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, प्रशासन प्रभारी वरुण शर्मा, शाजिया नाज, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, महानगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मुनीष सहगल, विजय शर्मा, नसीब खान, अरविंद बंसल, रणबीर चौधरी, चौधरी गालिब, गुलशेर अल्वी, इकराम खान, मधु सहगल, सर्वजीत सैनी, राजा फरीद, यूनुस, रेखा धीमान, अजय त्यागी, राकेश वर्मा, मनोज शर्मा, धर्मपाल जोशी, श्याम बिहारी शर्मा, शहजाद उस्मानी, अब्दुल्लाह कुरेशी, जमाल अहमद, हाजी एहसान, उपमा सिंह, रीता बबली, शर्मिष्ठा सिंह, संजय यादव, राजन बिरला, मनीष गोदियाल, आयुष गोदियाल, अनुज शर्मा, शुभम शर्मा, सलमान खान, रवि कुमार, हरविंदर सिंह राणा अजय राणा, भानु राणा, नितिन राणा, पवन सिंह, अबरार राव, हर्ष राणा, सागर राना, सागर राणा, रजनीश कुमार, मोहित राणा, अरुण राना, कार्तिक राना, शिव कुमार राणा, रोहित राणा, मनिंदर राणा, करण चौहान, मोहम्मद साकिब, सौरव गर्ग, राकेश मोहन शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# चिकित्सक अपना व्यवहार रखें: जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राज्यमंत्री जसवंत सैनी के प्रतिनिधि कृष्णचन्द सैनी व पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी ने हॉस्पिटल का उद्घाटन करते हुए कहा कि चिकित्सकों का अच्छा व्यवहार और अच्छा उपचार रोगियों के स्वस्थ होने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

ईदगाह बाईपास रोड पर भारत हॉस्पिटल का उद्घाटन राज्यमंत्री जसवंत सैनी के प्रतिनिधि, भाई कृष्णचन्द सैनी व पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती पूनम चौधरी के प्रतिनिधि ,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक का व्यवहार और अच्छा उपचार रोगी के स्वस्थ होने के लिए महत्त्वपूर्ण है।यह प्रयास किया जाना चाहिए कि रोगी को कम कीमत पर अच्छी उपचार मिले। स्थानीय स्तर पर यदि बेहतर ईलाज मिले तो मरीज दूर जाने से बच सकते हैं। हॉस्पिटल प्रबंधक नियाज अहमद ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि बहुत कम कीमत पर अच्छा ईलाज किया जाए। हम अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि डॉ निहारिका शर्मा, डॉ सरफराज और डॉ फरहीन अपनी पूरी योग्यता से कार्य करेंगी।

इस दौरान पूर्व विधायक महीपाल माजरा,राज सिंह माजरा,चौधरी इस्तेखार, आस मोहम्मद सैफी, शाहनवाज सैफी, डॉ अजय सैनी, डॉ तैमूर हसन, आदिल चौधरी, तारिफ चौधरी, डॉ मुंतियाज, हाजी मंसूर कुरैशी, इकराम कुरैशी, अमीर आलम कुरैशी,डॉ वसीम चौधरी,बसंत सैनी आदि काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां करने वाले दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन सुनिश्चित करने की दिशा में थाना फतेहपुर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे इस महत्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति असामाजिक तत्वों पर कड़ी नकेल कसना और उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

थाना प्रभारी विनय शर्मा के कुशल निर्देशन में फतेहपुर की एंटी-रोमियो/मिशन शक्ति टीम की अगुवाई महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर द्वारा निरंतर सतर्क निगरानी रखी जा रही थी। ज्योति किरण तिराहा क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं पर अभद्र टिप्पणियां (फब्तियां कसने) की सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई की।टीम में शामिल हैड कांस्टेबल विपिन पाठक, महिला कांस्टेबल प्रीति और महिला कांस्टेबल शिवानी ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्तों कुर्बान पुत्र शमशाद तथा आरिफ पुत्र मुन्तजीर (निवासी ग्राम कमेशपुर, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर) को दबोच लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या-20/26 दर्ज किया गया है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 (सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य और गाने) के तहत कार्रवाई की गई है।

# महिलाओं को हैल्पलाईन नम्बर बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण और स्वावलंबन को मजबूत करने की दिशा में थाना फतेहपुर क्षेत्र में सक्रिय प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से शुरू हुए इस चरण में पुलिस टीमों द्वारा ग्रामीण स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें महिला चौपाल एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

छुटमलपुर एंटी-रोमियो टीम ने थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुजनावर और हलवाना में महिला चौपाल का सफल आयोजन किया। एंटी-रोमियो प्रभारी महिला उपनि. रीक्षक मिथिलेश राठौर के नेतृत्व में



महिला कांस्टेबल प्रीति और शिवानी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। चौपाल में महिलाओं की समस्याओं को ध्यान से सुना गया और उन्हें सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं, बाल मजदूरी रोकने के उपाय, गुड टच-बैड टच की समझ, साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया। महिलाओं को डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल, अनचाहे लिंक पर क्लिक न करने और अन्य साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए।

अभियान के दौरान क्षेत्र में चेकिंग की गई और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हें आवश्यक हिदायतें दी गई। यह महिला चौपाल मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों को साकार करने वाली एक प्रभावी पहल साबित हुई, जिसमें पुलिस महिलाओं को न केवल सुरक्षित महसूस करा रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक भी बना रही है। सहारनपुर पुलिस ने दोहराया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आए और महिलाएं बिना भय के अपना जीवन जी सकें।

# जानकारी अपटेड की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकास खंड मुजफ्फराबाद सरदाहैडी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की और ब्लॉक लेवल ऑफिसर बीरपाल सिंह तथा बीएलओ श्रीकांत की कार्यशैली की खुलकर तारीफ की ग्रामीणों ने बीएलओ की मेहनत और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सूची जांच प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया।

बीएलओ बीरपाल सिंह ने बताया कि आज प्रारंभिक जांच और सत्यापन का कार्य पूरा हुआ कल से नए मतदाताओं को जोड़ने नाम में संशोधन करने तथा अयोग्य/दोहरे/स्थानांतरित नाम काटने का काम शुरू किया जाएगा।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपनी जानकारी अपडेट कराएं ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे ग्रामीणों में राव दिलशाद अली, राव कामिल राव तजम्मुल राव शहजाद भूपेंद्र सैनी सुभाष, पंचायत मित्र सैय्यद अली धर्म सिंह सुल्तान सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का हिस्सा है, जिसके तहत मतदाता सूची को अपडेट और शुद्ध करने पर जोर दिया जा रहा है। सरदाहैडी के मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गुरू रविदास मंदिर में मूर्ति की स्थापना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव सुचेला देवा स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में गुरु रविदास की मूर्ति स्थापना की गयी। ग्रामीणों द्वारा चिलकाना नगर के बस स्टैंड से गुरु रविदास की मूर्ति को शोभायात्रा के रूप में गांव तक ले जाया गया।

भारतीय शिक्षा चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम गौतम द्वारा क्षेत्र के गांव सुचेला देवा स्थित रविदास मंदिर में स्थापित करने के लिए संत शिरोमणि गुरु रविदास की संगमरमर की मूर्ति भेंट की गयी। रविवार को जैसे ही जयराम गौतम मूर्ति लेकर चिलकाना बस स्टैंड पर पहुंचे तो वहां पर पहले से ही प्रतीक्षारत ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पगडी पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात ग्रामीणों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की मूर्ति को रथ पर सवार कर ढोल व डीजे आदि बजाकर शोभायात्रा निकालते हुए गांव सुचेला देवा स्थित गुरू रविदास मंदिर तक ले जाया गया। जहां महन्त संजय दास द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कर मूर्ति स्थापना करायी गयी ओर अन्त में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पाल्ला भगत, मांगेराम, जितेन्द्र, लालचंद, राजू, पंकज मोर्या, सचिन, कपिल, सुशील, अमरजीत पटना आदि के साथ साथ समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नाले में गिरी कार

**नागल।** मुजफ्फरनगर गागलहेडी हाईवे पर साधारणसिर मोड के निकट देवबंद की ओर से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में जा गिरी जिसे आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार में सवार युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली निवासी सागर पुत्र सुरेश, वरुण पुत्र सुरेश और सागर पुत्र विनोद रविवार को घूमने के लिए घूमने के मसूरी जा रहे थे। जैसे ही उनकी साधारणसिर मोड के निकट पंहुची तो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले मे जा गिरी। कार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल प पंहुचे और उन्हे बाहर निकाला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी पंहुची और घटना की बाबत जानकारी ली। इस घटना मे कार सवार युवकों को मामूली चोट आयी।

# राईन युवा जागृति मंच के शिविर में 25 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मुजफ्फराबाद में राईन युवा जागृति मंच एवं ऑल इंडिया ब्लड डोनर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानवता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 3 से भावी प्रत्याशी तालिब राईन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राईन युवा जागृति मंच एवं ऑल इंडिया ब्लड डोनर ट्रस्ट द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्य सराहनीय हैं, जिनसे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पा रहा है। ऑल इंडिया ब्लड डोनर ट्रस्ट के विपिन शर्मा ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार



व्यक्त करते हुए बताया कि संस्था पूरे देश में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। देहरादून, ऋषिकेश, रुड़की, सहारनपुर, शामली सहित अन्य जिलों में आपातकालीन रक्त की आवश्यकता होने पर संस्था से संपर्क किया जा सकता है।

राईन युवा जागृति मंच के अब्दुल बारी राईन ने कहा कि उनकी संस्था समाजसेवा को उद्देश्य बनाकर कार्य कर रही है और युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित करती रहती है। शिविर के दौरान कुल 25 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

रक्तदान करने वालों में ऋषभ शर्मा, अब्दुल कादिर, अब्दुल हक राईन, अब्दुल माजिद राईन, दुली अंसारी, आरिफ मलिक, शाकिब गाड़ा, विपिन शर्मा, नदीम गाड़ा, इंतजार सलमानी, महताब अली, संदीप गुज्जर, हरिओम शर्मा सहित कई लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में एडवोकेट अखिलेश कौशिक, मुमताज राईन, निखिल कुमार, कमल किशोर समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान किए गए तथा मुख्य अतिथि को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया लोहडी पर्व




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में साधना शिविर एवं लोहड़ी पर्व श्रद्धा, उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया गया।

पंचवटी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। लोहड़ी पर्व पर परंपरागत रूप से अलाव प्रज्ज्वलित कर मूंगफली, रेवड़ी व तिल अर्पित किए गए। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व श्रद्धालुओं ने कन्या भ्रूण हत्या न करने और नारी सम्मान का सामाजिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने नारी शक्ति को समाज की सशक्त नींव बताया। साधना शिविर में साध्वी राधिका भारती जी के सान्निध्य में ध्यान व आत्मिक उन्नति का मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही परम पूज्यनीय आशुतोष महाराज की शिक्षाओं के माध्यम से आत्मबोध, नैतिकता व मानव कल्याण का संदेश प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम नूरमहल (पंजाब) से पधारी साध्वी बहनों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में साध्वी राधिका भारती, साध्वी सदाया भारती, साध्वी ममता भारती, साध्वी प्रभु ज्योति भारती तथा सत्संग आश्रम की साध्वी अंबालिका भारती, साध्वी सोम प्रभा भारती, साध्वी पूजा भारती व साध्वी सुषीला भारती का विशेष योगदान रहा।

अंत में प्रसाद व भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# सनातनी संस्कारों को अपनाने पर जोर




**शाह टाइम्सब्यूरो**

**सहारनपुर।** हिन्दू सम्मेलन (सर्व समाज) में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही सनातनी संस्कारों को अपनाने पर जोर दिया गया।

श्री भूतेश्वर मंदिर के श्रीराम दरबार में आयोजित सम्मेलन की शुरूआत मां सरस्वती वंदना से हुई। जिसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। आशुतोष, पं.प्रगीत कौशिक महाराज, सुभाष, पं.कमल नयन, राघवेंद्र, सुरेश चेतन, दीपक अग्निहोत्री, पं.मोहनलाल शास्त्री, सरदार सिंह, मांगेराम, संजय आदि ने सनातन की परंपराओं का अंगीकार करने का आहवान किया। व्यवस्थाओं में आलोक गर्ग, पंकज बंसल, लक्ष्य, मनोज, पोरूष, निकुंज, जयराम, राजीव अग्रवाल, देवेंद्र बंसल, अजय छाबड, इशू बंसल, राजेंद्र, महेश, अश्वनी शर्मा, सुरेश, मनुज तायल, सुभाष चंद्र, ललित भटनागर, अश्वनी रोहिला, डा.संजय, डा.अनिल, सुरंद्र सैनी, रूद्र शर्मा आदि ने योगदान दिया। मंच संचालन पंकज व राहुल ने किया।

# पोक्सो एक्ट के दो वांछित आरोपियों को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** पोक्सो एक्ट मे वांछित चल रहे दो युवकों को स्थानीय पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव बसेडा -पहाड़पुर अंडरपास के निकट से शुभम पुत्र प्राण सिंह निवासी गांव चंदैना कोली को गिरफ्तार कर लिया जो पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहा था।

इसके अलावा शोयब पुत्र स्वर्गीय मुशर्रफ निवासी मुहल्ला पठानपुरा बेरियान थाना देवबंद को भी तल्हेडी बुजुर्ग से आने वाले मार्ग पर बसेडा के जंगल में पकड लिया। थाना नागल पुलिस के मुताबिक उक्त युवक भी पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहा था।

# बुजर्गों की जांच कर बांटा सामान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जय हिंद सामाजिक संस्था की शाखा अंबेहटा द्वारा बस स्टैंड स्थित जैन धर्मशाला में विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का उद्देश्य 60 वर्ष पूर्ण कर चुके बुजुर्गों की जांच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार कमर की बेल्ट, घुटने की बेल्ट, कमोड चेयर, वॉकर, व्हीलचेयर, कान की मशीन आदि उपलब्ध कराना था। कैंप का उद्घाटन नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया, उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा यदि कोई धर्म है तो वह मानवता की सेवा है और वही काम जय हिंद सामाजिक संस्था कर रही है उन्होंने, संस्था के सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए, इस तरह के कार्य करने के लिए उनकी सराहना की। संस्था के सदस्यो द्वारा पालिका अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष अंकित जैन एवं आशीष शर्मा ने बताया कि कैंप में 50 बुजुर्गों को चिन्हित किया गया जिन्हें राष्ट्रीय वयो श्री योजना के अंतर्गत उन्हें विभिन्न विकलांगताओ से निपटने के लिए उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप में कृत्रिम अंग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार,गुरदीप सिंह और अपूर्वा शर्मा द्वारा मरीज का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर व्यापारी नेता मनोज गोयल हरीश गर्ग इरफान निजामी राजपाल सिंह संस्था सदस्य उज्जवल मित्तल हर्षित आर्य हर्षित मित्तल सुरेश चौधरी दानिश अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधान व पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**अंबेहटा।** नकुड़ थाना क्षेत्र में सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। गांव घाटमपुर के पूर्व प्रधान और उनके पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व नकुड़ थाना क्षेत्र में अंबेहटा पुलिस चौकी की टीम गांव घाटमपुर में एक मामले की जांच और वांछित जिला बदर की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इसी दौरान पूर्व प्रधान और उनके पुत्र ने पुलिस टीम के साथ बदसलूकी की और सरकारी कार्य में बाधा डाली। घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो गई, जिससे मामले ने तूल पकड़ लिया।नकुड़ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। और शनिवार की शाम वांछित पूर्व प्रधान इकराम उर्फ धन्रु उसके पुत्र इसरार उर्फ धौला गिरफ्तारी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया, कानून व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। थाना क्षेत्र में नशा तस्करों और माफियाओं पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# पूर्व सांसद प्रदीप का कैंसर पीड़िता को मदद का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कैंसर पीड़िता के मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर पूर्व सांसद ने पीड़िता के घर जाकर सरकार से हर संभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया है।

गांव बिलासपुर निवासी कैंसर पीड़िता संयोगिता देवी पत्नी भोपाल सिंह कश्यप ने आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर 15 बार से अधिक गुहार लगाई, मगर उसको संतुष्ट नही किया गया। अब पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने पीड़िता के घर जाकर उनका हाल जाना और सरकार से हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। पीड़िता के पति भोपाल कश्यप ने बताया कि पत्नी के कैंसर के इलाज में उनका घर भी बिक गया है। जिससे वे भुखमरी के कगार पर हैए आर्थिक तंगी के कारण दवाइयां तक नही खरीद पा रहे है।

# केन्द्रीय मंत्री से मिले डा. सुरेन्द्र



**अम्बेहटा।** डॉ. सुरेंद्र कुमार बौद्ध ने श्रीमती कमला कुमारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पंचशील भवन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और बिहार में पार्टी की प्रचंड जीत पर बधाई दी गई।

मुलाकात में डॉ. सुरेंद्र कुमार बौद्ध , तेजवीर सिंह राणा , धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र ठेकेदार, बृजेश कुमार , प्रीतपाल सिंह खोसला, विजय कुमार कुशवाहा, शिवकुमार, डॉ. अरविंद कुमार राठौर, शकील खान, अजय पासवान, बटेश्वर यादव, जयकिशन ठाकुर, श्रीमती सुनेना समेत अन्य नेता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने रुकवाया अवैध निर्माण कार्य

## फ्लाई ओवर के नीचे कुछ लोग बना रहे थे पक्का चबूतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फ्लाईओवर के निचे बाबा साहेब अंबेडकर चौक पर कुछ लोगों द्वारा प्रशासन की अनुमती के बिना पक्का चबूतरे का निर्माण कार्य पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रुकवाए जाने पर काफी देर तक वहां विवाद की स्थिति बनी रहने के चलते थाने क्षेत्र की कई पुलिस चौकियों का फोर्स मौके पर बुलाया गया।

स्टेट हाइवे स्थित तल्हेड़ी चुंगी के निकट पीलर नबंर 87-88 के निचे संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का चित्र नगर पालिका परिषद द्वारा चित्र बनवाया गया था। रविवार को इसी चित्र के निचे क्षेत्र के एक गांव के प्रधान के नेतृत्व में वहां चबुतरा बनाया जाने के लिए पक्का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इस दौरान किंही लोगों ने



विरोध स्वरुप स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन जब स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उन्ही लोगों द्वारा मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। जिसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस निर्माण कार्य रुकवाने के लिए वहां पहुंचकर समझाने बुझाने का कार्य किया गया। पुलिस ने निर्माण की स्वीकृति मांगी तो क्षेत्र के उक्त प्रधान ने पीलर नबंर 77-78 के निचे भगवान वाल्मीकि के पक्के निर्माण की बात कही। लेकिन कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने कहा कि वह सरकारी संपत्ति पर शासनादेश के बिना कोई नया निर्माण नहीं होने देंगे। जिसके बाद निर्माण कार्य रुकवाकर वहां पुलिस फोर्स तैनात करदी गई। हालांकि इसी दौराना घटना कवर कर रहे मीडिया कर्मियों के साथ एक चौकी प्रभारी ने कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर अभद्रता की। लेकिन मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने मामले को संभाला। हालांकि उक्त चौकी प्रभारी की विवादित कार्यशैली के चलते पहले भी चर्चित रह चुके हैं।

# नसीम राव ने थामा भीम आर्मी का दामन

**देवबन्द।** सपा के नेता राव नसीम ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देकर भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण कर ली। यह सदस्यता उन्होंने भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन के समक्ष करने के उपरांत भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर राव नसीम ने कहा कि समाज के दबे-कुचले, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों की सच्ची आवाज भीम आर्मी है। मैं अब पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें आगे बढ़ाया था, वे आज पूरी नहीं हो रही हैं। वहीं, भीम आर्मी सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को मजबूती से लड़ रही है। कार्यक्रम में भीम आर्मी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल ।

# अटल कैंटीन योजना के तहत देवबंद में कैंटीन का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गरीब व जरूरतमंद लोगो को कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल कैंटीन योजना के तहत देवबंद में भी खोली गई कैंटीन का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने किया।

पठानपुरा मुहल्ला घास मंडी स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि यह सरकार द्वारा शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है। जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबों, श्रमिकों और जरूरतमंदों को बहुत ही कम कीमत पर पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। संयोजक जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के सचिव कारी आमिर उस्मानी ने बताया कि सरकार के मार्गदर्शन में ये कैंटीन संचालित की जा रही है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रुपये मे प्रतिदिन दोपहर का



पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। गरीबों को इस कैंटीन से लाभ लेना चाहिए। समिति के प्रबंध निद. ेशक मुकीम अब्बासी ने बताया कि रोजाना दोपहर 12 बजे से दो बजे तक पठानपुरा के आशु पैलेस स्थित कैंटीन से भोजन लिया जा सकेगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष मुर्तजा कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष आलोक खटीक, अमरीश त्यागी, पवन धीमान, जोगिंदर सिंह, अमित कुमार, रंजीत वाल्मीकि, नाजिम खान, अब्दुल कादिर गौड़ आदि शामिल रहे।

# कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए असहाय लोगों को वितरित किए कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** असहाय व जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए सामाजिक संस्था साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच के तत्वावधान में श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर हॉस्पिटल में कंबल वितरित किये गए। साहित्य संगम जन जागृति सामा. जिक मंच द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में अस्पताल की चेयरपर्सन साध्वी आशु ने कहा कि मंच द्वारा समय-समय पर समाजसेवा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य सराहनीय हैं। उन्होने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति समाजसेवा को अपनी जिम्मेदारी समझे तो समाज में कोई भी व्यक्ति असहाय व जरूरतमंद न रह सके। मंच संस्थापक अध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही




ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने सभी से इस पुनित कार्य में बढ़ चढकर भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर महामंत्री अदिति वर्मा, ज्योति वर्मा, चारु सिंह, निधि वर्मा, सीमा वर्मा, प्रियंका गर्ग, रजनी, सोनिया, पायल, कीर्ति, रेनू आदि मंच कार्यकर्ता शामिल रहीं।

# हॉस्पिटल के प्रबंधक ने मरीज पर लगाया आरोप

**देवबन्द।** चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाने के बाद अब हॉस्पिटल प्रबंधक ने मरीज पर रुपये ऐठने के लिए झूठे कैस में फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। एक सप्ताह पूर्व नगर के रविदास मार्ग निवासी युवक ने मजनूवाला रोड पर अस्पताल चलाने वाले चिकित्सक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप था कि वह पैर की हड्डी टूटने के बाद उपचार के लिए उक्त चिकित्सक के पास पहुंचा था लेकिन चिकित्सक ने उपचार के लापरवाही बरती जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई जिसके बाद उसे मुजफ्फरनगर में अपना उपचार कराना पड़ा। तहरीर में आरोपी चिकित्सक द्वारा उपचार के नाम पर 45 हजार रुपये ऐंठ लेने का भी आरोप लगाया गया था। इसी मामले में रविवार को अस्पताल प्रबंधक ने उक्त युवक पर रुपये ऐंठने के लिए झूठे मामले में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। तहरीर में कहा गया है कि मरीज को उसकी गंभीर स्थिति के बारे में बताते हुए ऑपरेशन किया गया था और फिर कुछ दिन बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था। लेकिन बाद में कुछ लोगों के बहकावे और रुपये ऐंठने की नियत से अस्पताल की छवि खराब करने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। उक्त मरीज पर दवाई के 15 हजार रुपये अभी भी बकाया है। तहरीर में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है।

# खिचड़ी उत्सव में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में चल रहे खिचड़ी उत्सव में रविवार को श्री राधानवरंगी लाल का श्रृंगार और छदम भेष में दर्शन कर भक्त अभिभूत हो गए।

ठाकुर जी को खिचड़ी, मोदक मेवा, देशी केसर व बादामयुक्त दूध का भोग लगाया गया। श्रीजी शक्ति स्वरूपा की प्रथम मंगला आरती की गई। सुमंगल गान संगीतमय भजन कीर्तन मंडली ने खिचड़ी की पदाव. लियां प्रस्तुत की। जिसने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बाबजूद श्रद्धालु खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करने के लिए मंदिर प्रांगण में आना शुरू हो जाते हैं। श्रद्धालु ठाकुर



जी के श्रृंगार की नित नई छटा देखते है। इस मौके पर लाल जी महाराज, प्रियांशु महाराज, नितिन लाल, नितेश महाराज, विनोद महाराज, मुदित महाराज, अंकित महाराज व वंश महाराज आदि शामिल रहे।

# शादी के तीन दिन बाद नकदी और जेवर लेकर दुल्हन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के महज तीन दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन नकदी और कीमती आभूषण लेकर फरार हो गई, वहीं पीड़ित दूल्हे ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में बिचौलिए को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है और पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है। बेदखेड़ी निवासी नरेंद्र की शादी आठ जनवरी को कस्बे के एक मैरिज होम में कंचन नाम की युवती से धूमधाम से कराई गई थी। बताया गया कि शादी कराने वाले बिचौलिए नदीम निवासी गांव अशरफपुर को दूल्हे पक्ष की ओर से करीब डेढ़ लाख रूपए दिए गए थे। विवाह समारोह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ और दोनों की विदाई के बाद दुल्हन ससुराल आ गई। आरोप है कि 11 जनवरी की रात कंचन अचानक घर से गायब हो गई। जाते समय वह घर में रखे करीब 72 हजार रूपए नकद, सोने चांदी के आभूषण और पति का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि वह एक कार में बैठकर फरार हुई। जब सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में हड़कंप मच गया और दूल्हे पक्ष ने तुरंत उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित नरेंद्र ने थाने में तहरीर देकर अपने साथ ठगी होने का आरोप लगाया है। तहरीर में उसने शादी कराने वाले बिचौलिए की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नदीम को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। मामले को आपसी सहमति से सुलझाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

# डीएम ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा आज दिनांक 11. 1.2026 को विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस पर 10-शामली, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा बीएलओ को मतदेय स्थलों पर निर्वाचक नामावलीं पढकर सुनाने एवं अधिक से अधिक संख्या में नए मतदाताओं को जोडने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ताजपुर सिम्भालका आदि में मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्री सत्येन्द्र सिंह, अपर जिला. धिकारी (वि./रा), शामली, एसडीएम शामली अर्चना शर्मा,




नायब तहसीलदार गौरव आदि सभी संबंधित मौजूद रहे। इसके साथ ही अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल सहारनपुर भानु प्रताप यादव द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस पर 9 थानाभवन, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित मतदेय स्थल उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अपर आयुक्त द्वारा संबंधित से आवश्यक जानकारी ली गई।निरीक्षण के समय पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, तहसीलदार आदि मौजूद संबंधित रहे।

# सहकार भारती का स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्ण मनाया गया। शहर के करोड़ी रोड स्थित सहकार भारती कार्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सहकार से समृद्धि, स्वदेशी विचारधारा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम में सहारनपुर मंडल के विभाग सह संयोजक भरत छोक्कर तथा विश्व हिंदू महासंघ के हस्तिनापुर संभाग प्रभारी पंकज वालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष रविंद्र मलिक उर्फ लवली विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेषपाल सिंह निर्वाल ने की। मंच संचालन जिला महामंत्री जबर सिंह खैवाल ने किया। उन्होने कहा कि सहकार भारती विगत 48 वर्षों से सहक. ारिता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक सशक्तिकरण पहुंच. ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी व्यवस्था किसानों, श्रमिकों, छोटे व्यापारियों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत आधार है और इसके माध्यम से गांव-गांव तक समृद्धि लाई जा सकती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोशल मीडिया संयोजक राहुल कुमार, कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष सोनित निर्वाल, पर्यावरण संयोजक गौरव निर्मल, उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, महिला प्रमुख अनिता बंसल, कपिल पवार, अभिषेक, एथलीट कोच मुकेश कुमार तथा अनमोल कुमार मौजूद रहे।

# फर्जी पुलिस बनकर 25 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराड़ी में खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से 25 हजार रूपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव बुटराड़ी निवासी जयप्रकाश सिंह ने शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे दो युवक पुलिस की वर्दी में उसके घर आए थे। दोनों ने खुद को लांक चौकी पर तैनात बताते हुए उसके बेटे का परि. चत होने का दावा किया। आरोप है कि दोनों युवकों ने पहले उससे पांच हजार रूपए उधार देने की बात कही। इसी दौरान जब वह कमरे के



अंदर रूपए लेने गया तो एक युवक उसके साथ भीतर चला गया और उससे 25 हजार रूपए देने को कहा। आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि वे एक घंटे के भीतर रूपए वापस लौटा देंगे। पीड़ित के अनुसार वह आरोपियों को 25 हजार रूपए दे बैठा, जिसके बाद दोनों वहां से चले गए। काफी देर इंतजार करने के बावजूद वे वापस नहीं लौटे। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने जो मोबा. इल नंबर दिया था, वह भी बाद में बंद आने लगा। ठगी का अहसास होने पर उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आरटीआई में लापरवाही पड़ी भारी, कैराना तहसीलदार पर 25 हजार का दंड

**कैराना।** सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानक. ारी तय समय में उपलब्ध न कराने के मामले में राज्य सूचना आयोग, लखनऊ ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने कैराना तहसीलदार अर्जुन चौहान पर 25 हजार रूपए का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही आद. ेश दिया गया है कि यह राशि उनके वेतन से काटकर वसूल की जाए। यह मामला ग्राम पंचायत बधूपुरा में खसरा संख्या-91 स्थित तालाब पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। इमरान नामक व्यक्ति ने 5 जनवरी 2024 को आरटीआई के माध्यम से तालाब से अतिक्रमण हटाने से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जानकारी मांगी थी। इसमें अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ जारी आदेश, अतिक्रमण हटाने से पहले और बाद की तस्वीरें, अभियान से संबंधित रिपोर्ट, गणना विवरण, हर्जाना वसूली के मांग-पत्र तथा क्षतिपूर्ति से जुड़ी चालान और रसीदों की प्रमाणित प्रतियां शामिल थीं। आवे. दन दिए जाने के बावजूद निर्धारित समयसीमा के भीतर कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद मामला राज्य सूचना आयोग तक पहुंचा। सुनवाई के दौरान आयोग ने तहसीलदार को दोषी माना और 6 जनवरी को उन पर अधिकतम 25 हजार रूपए का जुर्माना लगा दिया। आयोग ने लेखाधिकारी एवं कोषाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि दंड की राशि तहसीलदार के वेतन से पांच समान मासिक किश्तों में वसूल की जाए। संबंधित विभाग में हलचल मची हुई है।राज्य सूचना आयोग का यह निर्णय आरटीआई अधिनियम के सख्त पालन और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# मार्ग चौड़ीकरण व भनेड़ा कनियान से गांगरोड मार्ग के कार्य का शुभारंभ

**शामली।** शामली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव भनेड़ा में शनिवार को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने फीता काटकर एलम-भनेड़ा मार्ग के चौड़ीकरण तथा भनेड़ा-कनियान से डांगरोड मार्ग के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक प्रसन्न चौधरी ने बताया कि एलम-भनेड़ा मार्ग शामली और मुजफ्फरनगर जनपद को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इसके चौड़ीकरण से क्षेत्रीय आवागमन सुगम होगा।वहीं, भनेड़ा-कनियान से डांगरोड तक बनने वाला नया मार्ग गांवों को बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत करना प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें जहां लोगों की यात्रा को आसान बनाती हैं, वहीं व्यापार और कृषि को भी नई गति देती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी व समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूरे कराए जाएंगे।









# विभिन्न सड़क हादसों में चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास पर सड़क हादसा हो गया। मिनी बस द्वारा बाइक को ओवरटेक करने के दौरान बाइक को टक्कर मार दी गई, जिससे बाइक सवार दो युवक व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र निवासी सावन पुत्र रोशन अपने साथी सूरज पुत्र राजेन्द्र के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खरड़ निवासी अपनी बुआ बाला पत्नी जीत सिंह को लेकर अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक एलम बाईपास पर पहुंची, पीछे से आ रही एक मिनी बस ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुसरी और एक अन्य सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी महिला सरोज पत्नी संजय अपने पुत्र ऋतिक के साथ बाइक पर सवार होकर गमी में शामिल होकर अपने गांव लौट रही थी। जैसे ही बाइक सवार दिल्ली.सहारनपुर रोड स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट पहुंची, बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में महिला सरोज गंभीर रूप से घायल हो गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल महिला को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस व व्यापार मंडल की संयुक्त यातायात जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा निक. ाली गई यातायात जागरूकता रैली ने आमजन का ध्यान आकर्षित किया। इस सराहनीय अभियान में व्यापार मंडल ने भी सक्रिय सहयोग करते हुए पुलिस का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। रैली के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरलोडिंग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और ट्रिपल राइडिंग से बचने सहित यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया।रैली के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से नहीं, बल्कि



जन-जागरूकता से संभव है। सड़क पर की गई छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्एक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह नियमों का ईमानदारी से पालन करे।वहीं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात से ही सुरक्षित व्यापार और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे अभियानों में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। नगरवासियों ने भी पुलिस और व्यापार मंडल के संयुक्त प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।यातायात जागरूकता रैली भारतीय स्टेट बैंक से प्रारंभ होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वीर अब्दुल हमीद चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर एसएसआई सुभाष सिंह, अपराध निरीक्षक राजीव कुमार, एसआई देवेंद्र तेवतिया, जुल्फिकार अली, डॉक्टर रश्मिकांत जैन, पूर्व सभासद जहांगीर, संजय मित्तल, लोकेश गोयल, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# आर्याना सबालेंका ने करियर का 22वां खिताब जीता




● **सबालेंका ने 1:18 मिनट में दुनिया की नंबर-26 खिलाड़ी मार्टा कोस्तयुक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल फाइनल में मार्टा कोस्तयुक को हराकर अपने करियर का 22वां सिगल्स खिताब और 2026 का पहला खिताब जीता। सबालेंका ने रविवार शाम को एक घंटे और 18 मिनट में दुनिया की नंबर 26 खिलाड़ी कोस्तयुक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता। कोस्तयुक पर जीत के साथ सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन पूरा किया, जहां उन्होंने अपने पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा।

इससे सबालेंका टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में लगातार खिताब जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं और 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में मैचों में उनका रिकॉर्ड 38 जीत और दो हार हो गया। सबालेंका ने कोस्तयुक की सर्विस तोड़ी, जिन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए तीन टॉप-10 विरोधियों को हराया था, पहले और दूसरे सेट में दोनों में 3-0 की बढ़त बनाई।

यूक्रेनी खिलाड़ी पहले सेट में वापसी करने में कामयाब रही, लेकिन दूसरे सेट में ऐसा नहीं कर पाई, क्योंकि सबालेंका ने बीच में एक ऐस के साथ दो चैंपियनशिप पॉइंट बनाए और पहले ही पॉइंट को एक शक्तिशाली वाइड सर्व के साथ बदल दिया जिसे कोस्तयुक वापस नहीं कर पाई। सबालेंका आगामी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में चार साल में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, जब 18 जनवरी को मेलबर्न में मुख्य ड्रॉ शुरू होगा।

# भारत ने कीवियों को हराया



● **विराट कोहली ने 93 बनाए कप्तान गिल ने फिफ्टी, श्रेयस अय्यर ने 49 रनों की पारी खेली**

**वडोदरा, वार्ता।** टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से बाजी मारी। इस मैच में विराट कोहली ने एक मैच विनिंग पारी खेली। वहीं, श्रेयस अय्यर ने भी चोट के बाद दमदार वापसी की। टीम इंडिया ने साल 2026 की शुरुआत जीत के साथ की। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से बाजी मारी। ये मुकाबला वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला गया। ये कोटांबी स्टेडियम पर खेला जाने वाला पहला मेंस इंटरनेशनल मैच था। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 300 रन बनाए। टीम इंडिया ने इसके जवाब में 49 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने 49 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में विराट कोहली के बल्ले से एक मैच विनिंग पारी देखने को मिली, उन्होंने 93 रन बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने भी 49 रनों का योगदान दिया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाजों डेवन कॉन्वे (56) और हेनरी निकल्स (62) के अर्द्धशतकों के बीच 117 रनों की ओपनिंग के तूफानी 84 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ रविवार को पहले एकदिवसीय 50 ओवरों में आठ विकेट पर 300 रन का मजबूत स्कोर बना लिया था। मिचेल ने 71 गेंदों में अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। कॉन्वे ने 67 गेंदों में छह चौके और एक छक्का मारा, जबकि निकल्स ने 69 गेंदों में आठ चौके लगाये। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिये। कुलदीप यादव ने 52 रन देकर एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड ने आज तक भारत में कोई भी वनडे सीरीज नहीं जीती है। इस बार भी उनके लिए भारत को भारत में हराना टेढ़ी खीर की तरह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मजबूत लीडरशिप स्वस्थ शरीर से ही संभव: मांडविया

**नई दिल्ली/भोपाल, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया की अगुवाई में आज यहां सुबह छह डिग्री सेल्सियस ठंड में युवा लीडर्स सहित एक हजार से अधिक लोगों ने फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल रैली में भाग लिया। इसमें दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद और उभरती हुई अंतर्राष्ट्रीय पहलवान शिवानी पवार भी मौजूद थीं। तीन दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश भर से आए युवा लीडर्स ने भी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 56वें संस्करण में हिस्सा लिया। देश भर में 15 हजार स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल में आयोजित एक मेगा कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के खेल मंत्री सहित कई जाने-माने एथलीटों के साथ साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई।

### टाटा मुंबई मैराथन में शीर्ष इंटरनेशनल धावक हिस्सा लेंगे

**मुंबई, वार्ता।** टाटा मुंबई मैराथन 18 जनवरी को अपने 21वें एडिशन में प्रवेश करेगा, जिसमें कई इंटरनेशनल एथलीट शामिल होंगे जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की रेस में इवेंट रिकॉर्ड को चुनौती देने में सक्षम हैं। वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, मुंबई मैराथन की स्टार्ट लिस्ट में आठ पुरुष और छह महिलाएं हैं, जिनकी पर्सनल बेस्ट टाइमिंग मौजूदा कोर्स रिकॉर्ड से तेज है। मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड 2023 से हैं और पुरुषों की कैटेगरी में इथियोपिया के हेले (2:07:32) और महिलाओं की रेस में एंचियालेम (2:24:15) के नाम हैं। 2026 एडिशन के लिए कुल प्राइज मनी 390,238 डॉलर है। पुरुषों और महिलाओं दोनों की रेस में टॉप तीन फिनिशर्स को क्रमशः 50,000, 25,000 और 15,000 डॉलर मिलेंगे, साथ ही इवेंट रिकॉर्ड तोड़ने वाले एथलीटों को अतिरिक्त 15,000 डॉलर का इंसेंटिव मिलेगा।



## स्वितोलिना ने जीता ऑकलैंड खिताब

वेलिंगटन, वार्ता। टॉप-सीड एलिना स्वितोलिना ने रविवार को अपना 19वां डब्ल्यूटीए खिताब जीता, उन्होंने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एसीबी क्लासिक फाइनल में चीन की वांग शिन्यू को 6-3, 7-6(8) से हराया। 31 साल की यूक्रेनी खिलाड़ी ने सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए, पहले सर्व के 74 प्रतिशत पॉइंट जीते, और मैच का एकमात्र ब्रेक 4-2 पर वांग की सर्विस तोड़कर हासिल किया, जिसके बाद उन्होंने दूसरे सेट का टाईब्रेक जीता। स्वितोलिना ने 2025 के आखिर में चोट के कारण चार मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए डब्ल्यूटीए 250 इवेंट में लगातार पांच मैच जीते। एक घंटे और 42 मिनट तक चले मैच के बाद कोर्ट पर स्वितोलिना ने कहा कि एक और खिताब जीतना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर मेरे लिए साल के बहुत अच्छे अंत के बाद।

# मेदवेदेव-नाकाशिमा ब्रिस्बेन फाइनल में पहुंचे

● **दानिल मेदवेदेव ने अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसेन को हराया**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने फाइनल में पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में उन्हें गौरव हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। टॉप सीड और 2019 के रनर-अप ने शनिवार को अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन पर 6-4, 6-2 से कड़े सेमीफाइनल में जीत हासिल करके अपने 41वें टूर-लेवल फाइनल में जगह बनाई।

हालांकि मेदवेदेव ने 27 अनफोर्स्ड एरर किए, लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में सामना किए गए सभी चार ब्रेक पॉइंट्स को कुशलता से बचाया, जिससे उन्होंने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे ज्यादा फाइनल के लिए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अपनी बराबरी तोड़ी, जो केवल नोवाक जो. कोविच (144) से पीछे हैं। एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। स्कोर मैच को पूरी तरह से नहीं दिखाता है।लेकिन मैं खुश हूं कि सबसे महत्वपूर्ण पलों में, मैं एलेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। मैच जीतने के लिए आपको यही करना होता है।

2025 सीजन के अंत में मेदवेदेव का उत्साहजनक प्रदर्शन, जिसमें अल्माटी में 15 महीने के खिताब के सूखे को खत्म करने से पहले बीजिंग और शंघाई में लगातार सेमीफाइनल शामिल थे, ने 2026 की सकारात्मक शुरुआत के लिए आधार तैयार किया है। वह एक और अमेरिकी ब्रैंडन नाकाशिमा के खिलाफ फाइनल में 2-0 लेक्सस एटीपी हेड2हेड बढ़त के साथ उतरेंगे। इससे पहले, नाका. शिमा ने अपने अच्छे दोस्त अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने चौथे एटीपी टूर फाइनल में जगह बनाई, और 2022 में सैन डिएगो में अपने घर पर पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। इस हफ्ते ब्रिस्बेन में अपने चार मैचों में इस अमेरिकी खिलाड़ी ने एक भी सेट नहीं हारा है। नाकाशिमा ने अपने देशवासी के बारे में कहा कि एलेक्स और मैं असल में बहुत अच्छे दोस्त हैं, हमने पिछले महीने काफी प्रैक्टिस की, इसलिए उसे इन टूर्नामेंट में अच्छा खेलते हुए देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

## वर्ल्ड नंबर-1 शी चोट के कारण बाहर थाईलैंड के विटिडसर्न बने चैंपियन

**कुआलालंपुर, वार्ता।** चीन के वर्ल्ड नंबर 1 शी यूकी रविवार को थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ मलेशिया ओपन फाइनल के दौरान पीठ की चोट के कारण रिटायर हो गए। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन शी दर्द में खेल रहे थे, लेकिन पहला गेम 21-23 से हारने के बाद उन्होंने मैच छोड़ दिया। मैच के बाद उन्होंने कुनलावुत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कुनलावुत हमेशा से बहुत मजबूत खिलाड़ी रहे हैं और अभी दुनिया के टॉप खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके खिलाफ खेलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है, खासकर इस तरह के फाइनल स्टेज पर। महिला सिगल्स फाइनल में, दक्षिण कोरिया की ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग ने चीन की वांग झेई को 21-15, 24-22 से हराया। वांग ने कहा कि दूसरे गेम में उनके पास मैच पलटने के मौके थे, लेकिन अहम पलों में वह चूक गईं। उन्होंने कहा कि जब मैं पिछड़ रही थी, तो मुझे बेहतर टैक्टिकल जवाब देने चाहिए थे। मुझे उम्मीद है कि अगली बार मैं बेहतर प्रदर्शन करूंगी। चीन ने लियू शेंगशु और टैन निंग, और फेंग यानझे और हुआंग डोंगपिंग के जरिए महिला डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के खिताब जीते। लियू और टैन ने महिला डबल्स फाइनल में दक्षिण कोरिया की बाएक हा-ना और ली सो-ही को 21-18, 21-12 से हराया।

# वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में गुलवीर सिंह 40वें स्थान पर रहे

**अमेरिका, वार्ता।** भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में सीनियर पुरुषों की दौड़ में 40वें स्थान पर रहे। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टलहासी शहर में शनिवार को हुई इस चैंपियनशिप में 30:39 सेकंड समय के साथ 40वें स्थान पर रहे।

यह गुलवीर सिंह के करियर में क्रॉस कंट्री रेस में उनका दूसरा सबसे अच्छा समय था, इससे पहले उन्होंने दो साल पहले बेलग्रेड में हुई पिछली वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में 30:07 का समय निकाला था। गुलवीर के साथी भारतीय एथलीट सावन बरवाल 31:37 का समय निक. ालकर टलहासी 2026 में 60वें स्थान पर रहे। टोक्यो 2020 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता युगांडा के जैकब किप्लिमो ने 28:18 का समय निकालकर लगातार तीसरा वर्ल्ड क्रॉस कंट्री खिताब जीता।

इथियोपिया के बेरिहू अरेगावी 18 सेकंड पीछे रहे और लगातार तीसरी बार किप्लिमो के बाद दूसरे स्थान पर रहे। केन्या के डेनियल एबेन्यो 28:45 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की सीनियर रेस की एंट्री लिस्ट में 123 एथलीट शामिल थे, जिनमें से 114 ने फिनिश लाइन पार की। इस बीच, मिश्रित रिले स्पर्धा में, भारत के अजय कुमार सरोज, पूजा, यूनुस शाह और अंकिता 24:13 का समय लेकर 12वें स्थान पर रहे। इससे पहले वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में किसी भी भारतीय टीम ने मिक्स्ड रिले स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया था।

# पयास-सिड्रेला ने मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता



● **मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में जैन और दास ने हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को हराया**

**वडोदरा, वार्ता।** पयास जैन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज 2026 में यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ट्रिपल क्राउन जीतने की कोशिश करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता और रविवार सुबह पुरुष सिगल्स के फाइनल में भी पहुंच गए। वडोदरा में डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज़ का पहला एडिशन, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात ने पेश किया है, टेबल टेनिस एसोसिएशन ऑफ बड़ौदा द्वारा होस्ट किया जा रहा है और यूटीटी द्वारा लागू किया जा रहा है। मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में, जैन और दास ने पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को 8-11, 11-9, 11-3, 11-6 से हराया। इससे पहले, दिल्ली में जन्मे खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आकाश पाल को 11-5, 12-10, 11-9 से हराकर पुरुष सिगल्स के फाइनल में जगह बनाई। पयास जैन, जो अंकुर भट्टाचार्य के साथ पुरुष डबल्स के फाइनल में भी पहुंच गए हैं, अब शीर्ष वरीयता प्राप्त मानुष शाह का सामना करेंगे, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त स्नेहित सुरावज्जुला को 6-11, 11-9, 14-12, 11-5 से हराया। महिला सिगल्स सेमीफाइनल में, अनुषा कुतुंबले ने सातवीं वरीयता प्राप्त सुतीर्था मुखर्जी को 12-10, 11-5, 16-14 से हराया। तीसरे गेम में, अनुषा ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को बदलने से पहले दो गेम प्वाइंट बचाए और कोरिया की रियू हाना के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय किया। बिना वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ी, रियू हाना ने दूसरे सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त सिड्रेला दास को 11-4, 8-11, 7-11, 11-4, 11-9 से हराया।

# रिकलटन के शतक से एमआई केप टाउन ने जेएसके को हराया

● **रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में 113 रन बनाए**

**सैंडटन, वार्ता।** रयान रिकलटन बेटवे एसए20 में एक से अधिक शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। डिफेंडिग चैंपियन एमआई केप टाउन ने वांडरर्स में खेले गए 'एल क्लासिको' मुकाबले में जोबर्ग सुपर किंग्स को 36 रन से हराकर अपने बेटवे एसए20 अभियान को नई जान दी।

रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में नाबाद 113 रन (8 चौके, 9 छक्के) बनाए, जिसकी बदौलत एमआई केप टाउन ने 20 ओवर में 3 विकेट पर विशाल 234 रन बनाए। इसके बाद जॉर्ज लिंडे (2/30) और कगिसो रबाडा (2/34) की सटीक गेंदबाज़ी ने सुपर किंग्स को 5 विकेट पर 198 रन तक सीमित कर दिया। सलामी बल्लेबाज़ रासी वान डर डुसेन ने भी अहम योगदान दिया और 32 गेंदों में 65 रन (4 चौके, 6 छक्के) जड़े। उन्होंने और रिकलटन ने दो सत्र पहले इसी मैदान पर हुई 200 रन की रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की यादें ताज़ा करते हुए इस बार भी सिर्फ 10-2 ओवर में 129 रन की तेजतर्रार साझेदारी की। एमआई केप टाउन के पावर-हिटर्स निक. ोलस पूरन और जेसन स्मिथ अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन रिकलटन ने मेहनत को ज़ाया नहीं जाने दिया। उन्होंने नांद्रे बर्गर के ओवर में लगातार बाउंड्री और एक गगनचुंबी छक्का लगाकर महज 55 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। डेथ ओवरों में उन्हें अफगानिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी करीम जनत का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 11 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाए। जेएसके की रन-चेज़ उस समय झटका खा गई जब कप्तान डु प्लेसिस बल्लेबाज़ी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके।

# पंत एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए



● **ऋषभ पंत अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण हुए बाहर ध्रुव जुरेल को टीम शामिल किया गया**

**वडोदरा, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा कि पंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया। इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। हालांकि पंत की चोट भारतीय टीम के संयोजन को अधिक प्रभावित नहीं करती क्योंकि के एल राहुल एकदिवसीय में पहले से ही नियमित विकेटकीपर हैं। हालांकि पंत अच्छे फॉर्म में थे और दिल्ली की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था। उन्होंने इस दौरान छह पारियों में दो अर्द्धशतक लगाए। वहीं जुरेल भी विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पिछली सात पारियों में छह 50 से अधिक के स्कोर बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। उनकी इस बल्लेबाजी से उत्तर प्रदेश की टीम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। पहले एकदिवसीय के बाद वडोदरा से टीमें राजकोट (14 जनवरी) और इंदौर (18 जनवरी) में खेलेंगी, उसके बाद उनका ध्यान पांच मैचों की टी-20 पर रहेगा, जो नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में खेली जाएगी। यह सीरीज टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही । टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल भारत की टी-20 टीम में नहीं हैं।

एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, के एल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वाशिगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

# यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग 2026 से हुई बाहर



**नवी मुम्बई, वार्ता।** गुजरात जायंट्स (जीजी) की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से बाहर हो गई हैं। भाटिया की उपलब्धता को पहले से ही संशय बना हुआ था क्योंकि अक्तूबर में उनकी एसीएल सर्जरी हुई थी। डब्ल्यूपीएल ने नीलामी से पहले ही तमाम फैंचाइजी को सूचित कर दिया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो उनके लिए रिप्लेसमेंट विकल्प नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद जीजी और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगाई और जीजी ने 50 लाख में उन्हें खरीद लिया। जीजी के कोच माइकल क्लिगर ने सोशल मीडिया पर फैंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आप अच्छी होंगी और अच्छी तरह से रिकवर कर रही होंगी। हमें आपके दोबारा फिट होने और डब्ल्यूपीएल के पांचवें सीजन में बेसब्री से आपकी वापसी का इंतजार है।

## खेलो इंडिया विटर गेम्स के लिए आइस हॉकी ट्रायल आज

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के युवा सेवा और खेल विभाग ने आगामी खेलो इंडिया विटर गेम्स 2026 के लिए राज्य की आइस हॉकी टीमों (पुरुष और महिला) के चयन के लिए ट्रायल की घोषणा की है। विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार ट्रायल सोमवार को होगा। चुनी गई टीमें खेलो इंडिया विटर गेम्स-2026 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिसका पहला चरण 20 जनवरी से शुरू होने वाला है, जबकि दूसरा चरण कश्मीर में खेला जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए आइस हॉकी ट्रायल सुबह 11 बजे शुरू होंगे। इच्छुक खिलाड़ियों से अपने हिमाचली बोनाफाइड सर्टिफिकेट और दो पासपोर्ट आकार की तस्वीरों के साथ शेड्यूल के अनुसार ट्रायल सेंटर पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

# सहकारिता भारतीय संस्कृति का मूल तत्वः आशुतोष

## सहकार भारती के 48वर्षो की यात्रा सेवा, स्वालम्बन व राष्ट्रनिर्माण का प्रतीकः अभय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहकार भारती का 48 वां स्थापना दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाते हुए इस कारवे को आगे बढाने का संकल्प लिया गया।

पंत विहार स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्मण राव इनामदार एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक आशुतोष ने कहा कि सहकारिता भारतीय संस्कृति का मूल तत्व है, जिसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया।



अति विशिष्ट अतिथि सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि सहकार भारती के 48 वर्षों की यात्रा सेवा, स्वावलंबन और राष्ट्रनिर्माण का प्रतीक है। उन्होंने बी-पैक्स, एफपीओ सहित सहकारी संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

विभाग संयोजक हिमांशु पुंडीर ने मंडल में संगठन के विस्तार एवं सहकारी गतिविधियों की जानकारी देते दी। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अंचल चौधरी ने कहा कि सहकार भारती सहारनपुर जिला संगठनात्मक रूप से लगातार सशक्त हो रहा है।

जिला महामंत्री श्यामवीर ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ता होते हैं। संगठन प्रमुख वीरेंद्र तोमर ने कहा कि मजबूत संगठन ही सशक्त सहकारिता की नींव है। सभी प्रकोष्ठों के प्रमुखों एवं प्रदीप चेयरमैन ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रमुख श्रीमती सपना चौधरी, बी-पैक्स प्रकोष्ठ प्रमुख कवर पाल सिंह, एफपीओ प्रकोष्ठ प्रमुख सतपाल सिंह सहित बृजमोहन शर्मा, संजील चौधरी, प्रमोद रावल, बालेश्वर त्यागी, राकेश कुमार, मिनतर पाल, काजल सैनी, श्वेता त्यागी, पारुल, शिवानी, मांगेराम, नरेश चौधरी, श्रवण कुमार, रामकुमार, प्रीतम सिंह, राहुल ठाकुर, नितिन ठाकुर, संजय चौधरी, अनिल प्रधान, वेदपाल, संजय कुराली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीआईजी व एसएसपी ने किया नई क्रिकेट पिच का उदघाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ रखने के लिये मुजफ्फरनगर व सहारनपुर की पुलिस टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया।

पुलिस लाइन में नवनिर्मित क्रिकेट पिच के साथ ही मैच का डीआईजी अभिषेक सिंह व एसएसपी आशीष तिवारी ने फीता काटकर उदघाटन किया। जिसके बाद मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर की पुलिस टीमों के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। दोनों ही टीमों के खलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि खेलकूद गतिविधियां पुलिसकर्मियों में टीम भावना, अनुशासन तथा तनाव प्रबंधन को बढ़ावा देती हैं, जिससे कार्यक्षमता में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा आयोजन को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# सरकार अपने स्कूलों को सुधारेः डा. अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि सरकार निजी स्कूलों की चिंता छोडकर अपने स्कूलों में सुधार करे।

डा.अशोक मलिक ने यह बात बेहट रोड के शांति देवी जूनियर हाई स्कूल में संघ की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मान्यता प्राप्त स्कूलो के बेसिक स्कूलों के शिक्षकों को शिक्षक ही नहीं मानती जबकि हमारे बेहतर प्रदर्शन से 500 से 5000 तक की छात्र संख्या होती है लेकिन जो विद्यालय 50 बच्चों की संख्या का आंकड़ा भी नहीं छू पाते उन टीचरों को शिक्षक मान रही है उन्हीं को विधान परिषद शिक्षक सीट पर वोट देने का अधिकार है और राष्ट्रपति अवार्ड और राज्यपाल अवार्ड दिए



जाते हैं हमें ना राष्ट्रपति अवार्ड और राज्यपाल अवार्ड नहीं दिया जा रहा है और नहीं वोट देने का अधिकार है। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा एवं उपदेश राणा ने कहा की अपार आईडी निजी स्कूलों का सिरका दर्द बन गई है। महामंत्री अरविंद शर्मा और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पवार ने भी विचार रखे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष केपी सिंह प्रवीण कुमार गुप्ता अरुण सैनी मास्टर सतीश शर्मा राजकुमार सैनी मास्टर दुर्गा प्रसाद मास्टर कययूम मास्टर कंवरपाल मास्टर सेराज खान मास्टर दिलदार आशीष सैनी मास्टर पुष्पेंद्र पुंडीर संजय कुलदीप साजिद शमशाद उपस्थित रहे। अध्यक्षता उपदेश राणा व संचालन अरविंद शर्मा ने किया।

# जीवनशैली में बदलाव कर हृदय रोगों से बचेंः डा. सुशील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा.सुशील शर्मा ने कहा कि दैनिक जीवन शैली में आवश्यक बदलाव कर हृदय रोगों से प्रभावी रूप से बचा जा सकता है।

डा.सुशील शर्मा ने यह बात जीपीओ रोड स्थित एक होटल में आयोजित आईएमए की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि हृदयाघात होने की लगभग 90 प्रतिशत संभावना को कुछ महत्वपूर्ण कारकों पर ध्यान देकर रोका जा सकता है। विशेष रूप से यह बताया गया कि रक्त में लिपिड्स (वसा) को नियंत्रित रखने से हार्ट अटैक का जोखिम लगभग 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है, जबकि धूम्रपान करने से इसका खतरा लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। फल एवं हरी सब्जियों के नियमित सेवन से जोखिम कम होने की बात भी कही गई। साथ ही नियमित व्यायाम, शराब एवं तंबाकू से परहेज, रक्तचाप एवं मधुमेह का नियंत्रण अत्यंत आवश्यक बताया गया। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शारीरिक संरचना पश्चिमी देशों के लोगों से भिन्न होती है, जिसके कारण भारत में हार्ट अटैक अपेक्षाकृत कम उम्र में देखने को मिलता है। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह से ग्रसित रोगियों को नियमित रूप से जाँच कराने की सलाह दी गई।



आई.एम.ए. के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने कि वर्तमान समय में हृदय रोग बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए अपनी तोंद व चर्बी को कंट्रोल कर हार्ट अटैक का खतरा लगभग 70 प्रतिशत कम किया जा सकता है। सचिव डॉ. नीरज आर्य द्वारा पिछले माह आई.एम.ए. द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉ. कलीम अहमद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. संजीव मित्तल, डॉ. नरेश नौसरान, डॉ. रेणु शर्मा, डॉ. प्रवीण चावला, डॉ. अंकुर उपाध्याय, डॉ. डी.के. तिवारी, डॉ. रविकांत, डॉ. संजीव मिगलानी, डॉ. रवि ठक्कर, डॉ. महेश ग्रोवर, डॉ अनुज पंवार,डॉ पीयूष त्यागी डॉ अनुशील शर्मा डॉ मनोज आर्य डॉ. महेश चंद्रा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. सुधीर अग्रवाल, डॉ. महेश गोयल, डॉ. अनिल मलिक, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. पूनम मखीजा, डॉ. सुरेश सिंघल, डॉ. अतुल जैन, डॉ. प्रवीण मित्तल, डॉ. शशिकांत, डॉ. अमरजीत पोपली, डॉ. अरुण अनेजा, डॉ. पूनम, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ. संजय कपिल, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. राजीव गर्ग, डॉ. स्वर्णजीत सिंह, डॉ. ऋतु जैन, डॉ. वी.एस. पुंडीर सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

# थानेदारों की तैनाती में भेदभाव कर रही सरकारः अच्छन यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा जिला उपाध्यक्ष अच्छन यादव ने थानेदारों की तैनाती में जातीय भेदभाव का आरोप लगाया है।

अच्छन यादव ने कहा कि जिले के थानों में थानेदारों की तैनाती में पक्षपात किया जा रहा है। पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समुदायों के इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को थानेदार नहीं बनाया जा रहा, जबकि एक विशेष जाति के ही लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सरकार को पीडीए विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार हमें बताएं कि 22 थानो व 85 चौकियो में कितने पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समुदायों के इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर है।

# रूही अंजुम ने 500 जरूरतमंद बच्चों को बांटे गर्म कपड़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कडकडाती ठंड के बीच सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने करीब 500 जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपडों का वितरण किया। साथ ही कहा कि वह समय-समय पर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर करती रहेगी।

रूही अंजुम ने एकता कॉलोनी, हबीबगढ़, चिलकाना अड्डा और शारदा नगर की गलियों में घूम-घूमकर जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपडों का वितरण किया।रूही अंजुम ने कहा कि यह इंसानी फर्ज है जिसे हर संपन्न लोगों को निभाना चाहिये। उन्होंने कहा कि वह हमेशा ही जरूरतमंदों की सेवा करती रही है और आगे भी उनका यह प्रयास जारी रहेगा। जरूरतमंदों की सेवा सबसे बडी सेवा है।

इस दौरान देवांश, मीरा, सलमान, शाहवेज मलिक, जितेंद्र सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# हमलावर युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर में तलवार से हमलाक. रने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हमले में प्रयुक्त तलवार को भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

गत दिवस कि कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर मे परिवार के ही एक ही समुदाय के दो पक्षों मे किसी मामले को लेकर झगड़ा हो गया था जिस में एक पक्ष के युवक ने तलवार से दूसरे पक्ष के युवक पर हमला कर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमलावर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया था, घायल युवक के पिता सुरेन्द्र पुत्र श्याम सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हमलावर युवक की गिरफ्तारी में लगी हुई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि मुखबिर की सूचना ओर आरोपी मुकुल पुत्र रविन्द्र निवासी गांव मूर्तजापुर को गांव बुबका धौलाकुंआ जाने वाले रस्ते से गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर दयालपुर से बुबका आने वाले रस्ते से हमले मे प्रयुक्त तलवार को भी बरामद करली गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी युवक से जब पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि मेरे परिवार के सदस्य जो रिश्ते में मेरे चाचा लगते हैं पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था जिस को लेकर झगड़ा हो गया था मैने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अपने चाचा अंकुज पर तलवार से कई बार हमला कर जख्मी कर दिया।

## दो पकड़े, दो फरार

**तीतरों।** मवेशी चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जबकि दो फरार है। पुलिस ने इस मामले में तीनों मवेशियों को भी बरामद कर लिया है।

गांव कोला खेड़ी संतराम तथा इंद्रपाल के तीन मवेशी चुरा लिए थे। ग्रामीणों ने मवेशियों ले जाने वाली पैड यानि खुर के निशान के सहारे उन्हें जंगल में काफी तलाश किया था। मवेशियों को रास्ते के दौरान ले जाने की घटना गांव धानवा के सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गांव कोला खेड़ी निवासी सोनू तथा धानवा निवासी शौकीन को गिरफ्तार किया है। मोनू और सद्दाम इस मामले में फरार हैं।

थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने तीनों मवेशियों को चोरी करने के बाद शौकीन के घेर में छुपा दिया था। उनका इरादा पशु पैठ में मवेशियों को बेचने का था लेकिन धरे गए।

# 35 नस्लों के डॉग्स ने जीता दर्शकों का दिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आल ब्रिड चैंपियनशिप डॉग एंड कैट स्पोटर्स इवेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से आये 35 नस्लों के डॉगस की भागेदारी रही। जिसमें छोटी नस्ल से लेकर दुर्लभ डॉग ब्रीडस के साथ-साथ कई कैटस ब्रीडस देखने को मिली।

कैनाइन वेलफेयर सोसायटी द्वारा उत्तर रेलवे नाटक क्लब में आयोजित चैंपियनशिप का उदघाटन मंत्री जसवंत सैनी, मेयर डा.अजय सिंह, शहर विधायक राजीव गुंबर, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, ओबीसी आयोग सदस्य मेलाराम पंवार, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व चेयरमैन हरीश मलिक, पूर्व मेयर संजीव वालिया, एससीएसटी आयोग सदस्य महीपाल वाल्मीकि, हेमंत अरोडा, शिवराज अरोडा, सीएमओ डा.प्रवीण ने हवा में गुंबारे उडाकर किया। शो का मुख्य



आकर्षण मेरठ से आया जर्मन शेफर्ड डॉग रहा। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी जा रही है। अपनी शानदार बॉडी स्ट्रक्टर, मूवमेंट और ट्रेनिंग के कारण यह दर्शकों व जजों का दिल जीतने में कामयाब रहा। चेयरमैन सुमित मलिक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित न होकर कैनाइन वेलफेयर रिस्पोंडेबल पैट ऑनरशिप, पशु प्रेम एवं जागरूकता को बढावा देना है। आयोजन समिति में चेयरमैन सुमित मलिक के अलावा, अध्यक्ष आशीष भारद्वाज, महासचिव महीप सिंह, अनिल शैली, अमित थापा, सत्यम चौहान, राहुल खन्ना, पारस धनगर, अंकित चौधरी, अनुज कुमार, साहिल चौधरी, डा.जैय चौधरी, शरू, अंकित धीमान ने व्यवस्थाओं में योगदान दिया।

# कमलजीत प्रधान की गिरफ्तारी एक राजनीतिक साजिशःफरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फरहाद आलम अपने साथियों के साथ कमलजीत प्रधान के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनके भाई विश्वजीत प्रधान से मुलाकात कर पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली। मुलाकात के दौरान प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों पर चर्चा की गई।



इस अवसर पर फरहाद आलम ने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत जिस प्रकार यह पूरा मामला घटित हुआ है, वह बेहद निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाजवादी पार्टी और सर्व समाज इस संघर्ष में कमलजीत प्रधान के साथ मजबूती से खड़े हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी और किसी भी प्रकार के अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ मौजूद साथियों ने भी एकजुटता व्यक्त करते हुए कमलजीत प्रधान को हर संभव सहयोग देने की बात कही।

# नर सेवा ही सच्ची नारायण सेवाः नरेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढोली कदीम।** पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा है कि नर सेवा ही सच्ची नारायण सेवा होती है, जरुरत मंदों की यथायोग्य मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कर्म धर्म नहीं होता है। इस लिए हमें अपने जीवन में हमेशा जरुरत मंदों को मदद करते रहना चाहिए।

उक्त विचार उन्होंने आज गांव जसमौर फतेहपुर में मां शाकुंभरी देवी तीर्थ क्षेत्र उत्थान परिषद ट्रस्ट द्वारा जरुरत मंदों को कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए आयोजित एक निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रकट किये हैं। उन्होंने कहा है कि वेदों में वर्णित है कि जो समर्थ व्यक्ति अपनी शुद्ध कमाई में से असमर्थ और जरुरतमंदों



को मदद करते हैं ईश्वर उन्हें सदैव दसगुना करके लौटाता है। इस लिए हमें समय समय पर जरूरतमंदों की मदद करते रहना चाहिए।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रुप मे सीओ बेहट वैभव पांडे, बैकुंठ दास महाराज इस्कॉन मंदिर, विनय चौहान, डॉक्टर देवेंद्र आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट करते हुए जरुरत मंदों को मदद करने पर जोर दिया है।

अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र चौहान ने की। मंचासीन अतिथियों एवं अन्य अतिथियों के द्वारा क्षेत्र के गरीब लोगों को कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया।


इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डा महिपाल सिंह ने ट्रस्ट का संक्षिप्त परिचय एवं भविष्य की योजनाओं को सभी के सम्मुख रखा और सहयोग की अपील की। इस अवसर पर बाबूराम राठौर, हंसराज गौतम, संजय चौधरी मनीष योगाचार्य, योगेश कुमार, अंकित सैनी, ऋतु सैनी, अनुज कुमार सोनू वर्मा, राकेश, मास्टर नेम चंद, प्रधान विनोद, पंकज, करण सिंह, अशोक, अरुण सैनी, पहल सिंह एडवोकेट, आशीष अग्रवाल, संजय चौधरी, मांगेराम आर्य, राजवीर एडवोकेट, आशीष, प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर सुबे सिंह यादव, समय सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन ट्रस्ट के सचिव संजय कुमार ने किया।

# मयंक ने गुजरात में की भूख हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला और महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में गांधी पार्कों में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण उपवास किये जाने का निर्देश दिया गया था। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को समाप्त करने की कथित कोशिशों के खिलाफ एक मजबूत जनख्रआवाज के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी के महानगर महासचिव मयंक शर्मा भारतीय ने गुजरात के साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी के पवित्र स्थल पर सांकेतिक भूख हड़ताल में हिस्सा लिया।



उन्होंने कहा कि मनरेगा व्यवस्था देश के गरीब और श्रमिक वर्ग के सम्मान व आजीविका से जुड़ा मुद्दा है, जिसे समाप्त करने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। मयंक भारतीय ने अपनी टीम के लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक तरीके से इस जनख्रविरोधी कदम का विरोध दर्ज कराएं।

## खेत से पेड़ उखाड़ने का आरोप लगाया

**चिलकाना।** गांव सीकरी कलां निवासी पीड़ित किसान रमेश चन्द पुत्र स्व. सोहन लाल ने अपने खेत से लिपटिस के पेड उखाड़ फेंकने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी।

पीड़ित का कहना है कि उसने लगभग दो सप्ताह पूर्व अपने खेत में दो मजदूर लगाकर अट्ठाईस रूपये प्रति पेड के हिसाब से छत्तीस पेड यूके लिपटिस के लगवाये थे। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी पड़ोसी किसान ने उसके द्वारा लगवाये गये पेडों को उखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी किसान से पेड उखाड़े जाने के संबंध में बात करने पर उसने दबंगई दिखाते हुए उन पेड़ों को अपने खेत में लगा हुआ बताया। जबकि यह पेड़ पीड़ित किसान के खेत मे लगे हुए थे, पीड़ित किसान ने विपक्षी पर जान बूझ कर नुकसान करने का आरोप लगाया।

# अश्लील तस्वीरों पर रोक

सरकार के दखल देने से ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबॉट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मंत्री को एक लेटर लिखा। सरकार ने इस लेटर की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक्स इस पर कार्रवाई करने के लिए तुरंत सहमत हो गया, उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलती स्वीकार कर ली है। कंपनी का कहना है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी और भारतीय कानूनों का पालन करेगी। प्लेटफॉर्म ने यह भी बताया कि उसने 3500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं, साथ ही 600 से अधिक अकाउंट डिलीट करने की बात कही है। हालांकि राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी अभी एक्स के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही हैं। चतुर्वेदी ने कहा है कि ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से इमेज जनरेशन को पूरी तरह से रोकने के बजाए केवल पेड यूजर तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा है कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनाधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है। हालांकि इस पर एक्स के मालिक ने तीन जनवरी को सफाई देते हुए कहा भी कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसा है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पैन को दोष देना। वह तर्क देते हैं कि कलम यह तय नहीं करता कि क्या लिखा जाएगा, यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। वह आगे यह भी कहते हैं कि आपको क्या मिलेगा यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि उसमें क्या इनपुट दिया जाता है। उनके अनुसार जिम्मेदारी टूल की नहीं उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अश्लील कंटेंट के माध्यम से सबसे ज्यादा प्रभावी महिलाएं व बच्चे हो रहे हैं। जैसाकि प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा भी कि कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और एआई से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। इसमें उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं, उनके अनुसार यह बहुत गलत है और एआई का गंभीर दुरुपयोग है। सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि ग्रोक इस तरह की गलत डिमांड को मान रहा है। यह सिर्फ गलत ही नहीं बल्कि क्राइम है। एआई तकनीक को लेकर जहां उसके विस्तार की बात चल रही है, वहीं उसके दुरुपयोग होने की बातों पर भी बहस हो रही है।

## ...तो फिर कौन सा एसआईआर सही



उप्र में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया, जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, तो फिर कौन सा एसआईआर सही है, दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है, विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई, ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, दोनों में कौन सा एसआईआर सही है और अगर एक ही प्रदेश में एक ही बीएलओ के जरिये किए गए एसआईआर में इतने विरोधाभासी आंकड़े सामने आ रहे हैं तो यह गंभीर चिंता का विषय है। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष सपा**

# क्या ईरान के लिए अब परमाणु परीक्षण जरूरी है





**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों सनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के निर्देश पर जिसतरह वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी कराकस से वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का बलात अपहरण कर उन्हें न्यूयार्क ले जाया गया उसने पूरी दुनिया को न केवल अचंभे में डाल दिया है बल्कि इस घटना ने एक नई विश्व व्यवस्था व नए वैश्विक शक्ति संतुलन के गठन की संभावना को भी प्रबल कर दिया है। कितना आश्चर्य है कि नोबल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी शक्तियों का दुरुपयोग कर इस दुनिया को जंगल राज की तरह चलाना चाह रहे हैं? वेनेजुएला पर की गई गैर कानूनी अमेरिकी कार्रवाई कई संकेतों की ओर इशारा कर रही है।

एक तो यह कि क्या यह विश्व की उदारवादी सोच रखने वाली ताकतों को विश्व की पूंजीवादी व अतिवादी व्यवस्था की ओर से दी जाने वाली यह एक सीधी चुनौती है? गौरतलब है कि ट्रंप परिवार की गिनती भी अमेरिका के बड़े पूंजीवादी घरानों में की जाती है। या फिर यह चीन व रूस जैसे देशों एक साथ ललकारने की ट्रंप की नीति का हिस्सा है और अब कोलंबिया, क्यूबा, मैक्सिको और ईरान जैसे देशों पर अमेरिकी सैन्य या आर्थिक दबाव की आशंका व्यक्त की जा रही है। साथ ही अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर भी अधिग्रहण की धमकी दी जा चुकी है।

ऐसे में दुनिया के सामने दो ही विकल्प बचे हैं एक तो यह कि दूसरे देशों की स्वतंत्रता व संप्रभुता का सम्मान करने वाले सभी देश वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का विरोध करते हुए हर स्तर पर एकजुट होकर अमेरिका का मुकाबला करें। दूसरा यह कि जिसकी लाठी उसी की भैंस वाली अमेरिकी नीति का ही अनुसरण करते हुए पूरी दुनिया ही जंगल राज में बदल जाए। हर ताकतवर देश अपनी पड़ोसी कमजोर देश को निगलने की मानवता व न्याय विरोधी रक्तरंजित योजना पर काम करे। उदाहरण के तौर पर चीन ताइवान को हड़प ले और रूस यूक्रेन पर अपना आधिपत्य स्थापित कर ले? इस्राईल, फिलिस्तीन लेबनान सीरिया पर नियंत्रण कर अपने वृहत्तर इस्राईल के नापाक मंसूबे पर आगे बढ़े और इन्हीं खतरनाक संभावनाओं के बीच एक उपाय यह भी है कि ईरान परमाणु परीक्षण के द्वारा उत्तर कोरिया की तरह एक ऐसी आत्म रक्षक व षनिवारकष रणनीति पर काम करे जो अमेरिका को भी युद्ध से पीछे हटने पर मजबूर कर दे? तो क्या लंबे समय से चले आ रहे तमाम ईरान विरोधी प्रतिबंधों के बावजूद उस के सामने इस समय वैसी ही स्थिति पैदा हो चुकी है कि आत्मरक्षा के लिए अब उसे परमाणु संपन्न देशों के क्लब में शामिल होना जरूरी हो गया है?

गौरतलब है कि गत 13 जून–24 जून 2025 के मध्य चला बारह दिवसीय ईरान–इजराइल युद्ध उस समय शुरू हुआ था जब इजराइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी और ईरान के कई प्रमुख सैन्य अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों व प्रमुख राजनेताओं की हत्या कर दी थी साथ ही अनेक नागरिकों को भी मार दिया था। इजराइल ने उस समय ईरान की वायु सुरक्षा को भी नुकसान पहुंचाया था और कई जगह तो इसे पूरी तरह नष्ट भी कर दिया था। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने भी इस्राईल के समर्थन में 22 जून को तीन ईरानी परमाणु स्थलों पर बमबारी की परन्तु बाद में मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने 550 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और 1,000 से अधिक आत्मघाती ड्रोनों के साथ बड़े पैमाने पर इस्राईल में राजधानी तेल अवीव सहित कई शहरों पर भीषण हमले किए। कम से कम बारह सैन्य, ऊर्जा और सरकारी स्थलों को निशाना बनाया। यहां तक कि कई अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों को भी निशाना बनाया। उस दौरान भी पश्चिमी मीडिया ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामनेई को लेकर बार बार तरह तरह की अफवाह उड़ा रहा था। कभी उन्हें भूमिगत बता देता था तो कभी उनके ईरान छोड़कर भाग जाने की खबर फैला देता था। उस समय भी आयतुल्लाह खामनेई जनता को संबोधित करने के लिए सार्वजनिक रूप से दिखाई देते थे और पिछले दिनों भी बिल्कुल वैसा ही दृश्य देखने को मिला। इस बार भी भूमिगत होने व मास्को भागने की तैयारी जैसी अफवाहों के बीच गत शुक्रवार को पुनः आयतुल्लाह खामनेई जनता के सामने आए तथा बेखौफ होकर खुद अमेरिका को ही हिदायत व नसीहत करते सुने गए परन्तु ट्रंप के नेतृत्व वाला वर्तमान अमेरिका वेनेजुएला की घटना के बाद तो पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। दुनिया में सबसे अधिक तेल भण्डार रखने वाले अमेरिका को विश्व के अन्य तेल उत्पादक देशों से अपनी शर्तों पर तेल चाहिए। चाहे इसके लिए कोई भी बहाना बनाकर किसी राष्ट्रपति का अपहरण तक क्यों न करना पड़े। जाहिर है ईरान भी वेनेजुएला की ही तरह दुनिया के उन गिने चुने तेल उत्पादक देशों में एक है जो अमेरिका को सर्वशक्तिमान भी नहीं मानता और न ही उसकी श्वैश्विक थानेदारी श को स्वीकार करता है। जबकि 1979 की ईरानी इस्लामिक क्रांति से पहले का रजा शाह पहलवी का ईरानी शासन अमेरिका का पिठ्ठू शासन था। उसी समय से ईरान न केवल अमेरिकी बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा लगाए गई अनेक प्रतिबंध भी झेलता आ रहा है जोकि निश्चित रूप से ईरान की अर्थव्यवस्था को बेहद कमजोर कर रहा है। इन प्रतिबंधों के बावजूद अपने अत्यंत सीमित संसाधनों के बल पर ईरान ने शिक्षा,विज्ञान यहां तक कि अंतरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में जो तरक्की की है उसी की झलक गत वर्ष के बारह दिवसीय ईरान–इजराइल युद्ध में भी देखने को मिली परन्तु अब बात इस्राईल की नहीं बल्कि ईरान को सीधे अमेरिका चुनौती दे रहा है। ईरान में चल रहे सरकार विरोधी व अमेरिका–इस्राईल समर्थित प्रदर्शनों को लेकर अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो अमेरिका ईरान पर बड़े हमले करेगा। ऐसे में ईरान,अमेरिकी हमलों से बचने के लिए आखिर कौन सी रणनीति अपना सकता है? क्या ईरान द्वारा परमाणु परीक्षण किया जाना भी इन्हीं संभावनाओं में एक सबसे प्रमुख है? क्या निकट भविष्य में ईरान भी परमाणु परीक्षण कर परमाणु क्लब में शामिल हो जाएगा ताकि अमेरिका व इजराइल जैसे देशों को सैन्य हमले से रोका जा सके? यदि ईरान में उपजे सत्ता विरोधी प्रदर्शनों के बीच ईरान रूस और चीन जैसे सहयोगी देशों की मदद से परमाणु परीक्षण करता है तो इससे ईरान की जनता में सुरक्षा, स्वाभिमान तथा राष्ट्रवाद बढ़ेगा तो बढ़ेगा ही साथ ही वहां आंतरिक राष्ट्रीय एकता भी बढ़ेगी। इसके अलावा ईरान का क्षेत्रीय प्रभाव भी बढ़ेगा साथ ही अमे. रिकी एक ध्रुवीयता का विरोध करने वाले देशों को भी मजबूती मिलेगी। इसके अलावा दशकों से अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण दबाव का सामना करती आ रही ईरान की अर्थव्यवस्था में इस परीक्षण से श्रब्ब्व। के रूप में कई नई संभावनाएं भी खुल सकती हैं। वैसे भी उत्तर कोरिया द्वारा किए गए परमाणु परीक्षण के बाद ही ट्रंप–की उत्तर कोरिया राष्ट्रपति किम जोंग के साथ 27–28 फरवरी 2019 को वेतनाम के हनोई में मुलाकात हुई थी। गोया आज की दुनिया में खासकर अमे. रिकी वर्चस्व वाली दुनिया में यदि किसी देश को अपना अस्तित्व बचाकर रखना है तो उसका परमाणु संपन्न देश होना जरूरी हो चुका है। अन्यथा कभी भी इराक–वेनेजुएला–गजा–सीरिया–लेबनान यानी कहीं भी कुछ भी हो सकता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैसे हल हो भारत में दूषित जल की समस्या

**आंकड़े बताते है कि पश्चिमी देशों के अनुभव काफी उपयोगी साबित हुए हैं। स्विट्जरलैंड में शहरी जल उपचार की गुणवत्ता सर्वोच्च है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वहां का नल का पानी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। वे अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रित करते हैं, जो कई देशों में अपनाया जाता है। यूरोप में 'ब्लू रिवोल्यूशन' रणनीति कुशल उपयोग, अपशिष्ट कमी और पारिस्थितिक संतुलन पर जोर देती है। प्रबंधित एक्विफर रिचार्ज (एमएआर) जैसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिसमें नदी तलों को समायोजित करना, बैंक फिल्ट्रेशन, सतही पानी का वितरण और रिचार्ज कुओं का उपयोग शामिल है।**



**विनीत नारायण**

भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, आज दूषित जल के एक गंभीर संकट से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से 2025–2026 में, दूषित नल के पानी से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और 34 मौतें हुईं, जो 26 शहरों में फैली हुई हैं। यह आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि वे एक बड़ी राष्ट्रीय समस्या की ओर इशारा करते हैं। भारत की प्रमुख नदियां, जैसे गंगा और यमुना, औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित सीवेज और कृषि अपवाह से बुरी तरह प्रदूषित हैं। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है और लगभग 70 प्रतिशत भूजल स्रोत दूषित हैं। दूषित जल की समस्या भारत में बहुआयामी है। मुख्य कारणों में अनुपचारित सीवेज सबसे बड़ा है, जो नदियों और भूजल को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, कृषि से निकलने वाले कीटनाशक और उर्वरक, तथा उद्योगों से निकलने वाले रसायन जैसे भारी धातु और विषाक्त पदार्थ जल स्रोतों को नष्ट कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, कपड़ा और चमड़ा उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट कई नदियों को प्रभावित कर रहा है। 163 मिलियन भारतीयों के पास सुरक्षित पेयजल की पहुंच नहीं है और 21 प्रतिशत संक्रामक रोग जल से संबंधित हैं। हाल ही में इंदौर और अन्य शहरों के घटनाक्रमों ने इस समस्या को और उजागर किया है। इंदौर में दूषित पानी से कम से कम 8 मौतें हुईं, लेकिन रिकॉर्ड दिखाते हैं कि 18 परिवारों को मुआवजा दिया गया। यह असंगति सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। पूरे देश में टाइफाइड जैसे रोग फैल रहे हैं, जो दूषित पानी से जुड़े हैं। आर्थिक रूप से, यह संकट उत्पादकता को प्रभावित करता है, क्योंकि बीमारियां कार्यबल को कमजोर करती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से, यह जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचाता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है। 2025–2027 में जल की कमी भारत के लिए सबसे बड़ा पर्यावरणीय जोखिम साबित हो सकती है। यदि इसे नजरअंदाज किया गया, तो 'डे जीरो' की स्थिति कई राज्यों में आ सकती है।

सरकार की उदासीनता इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। केंद्र सरकार पर आरोप है कि वह स्वच्छ जल और स्वच्छ हवा प्रदान करने में विफल रही है। विपक्षी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष के अनुसार मुख्य कारणों में कमी नियमों की है, अत्यधिक निजीकरण, सरकारी भ्रष्टाचार और सामान्य उपेक्षा शामिल हैं। मध्य प्रदेश में इंदौर घटना के बाद नगर आयुक्त को हटाया गया और दो अधिकारियों को निलंबित किया गया, लेकिन विपक्ष इसे केवल प्रतिक्रियात्मक कदम मानता है। राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार चुनावी वादे जैसे 'हर घर जल' योजना लागू तो हुई, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। दिल्ली जल बोर्ड को सख्त जांच के निर्देश दिए गए, लेकिन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की कमी पाई गई है। भ्रष्टाचार के कारण फंड का दुरुपयोग होता है और स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा अभी भी पुराना है। सीवेज और पेयजल लाइनों की मिश्रण जैसी समस्याएं आम हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, जल गुणवत्ता 2025–26 में एक प्रमुख चुनौती है, लेकिन इस गंभीर चुनौती को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) को स्थानांतरित करने के बजाय सरकार को अधिक सक्रिय होना चाहिए। यह उदासीनता न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करती है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ाती है, क्योंकि इससे गरीब तबके के लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। दूषित जल की समस्या का समाधान संभव है, यदि बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया जाए। सबसे पहले, स्रोत पर प्रदूषण को रोकना जरूरी है। उद्योगों को अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए बाध्य किया जाए। कृषि में जैविक खेती को प्रोत्साहित करें ताकि रसायनों का अपवाह कम हो। सीवेज उपचार को 100 प्रतिशत बनाना चाहिए, जो वर्तमान में अपर्याप्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सदैव प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद के मूलमंत्र



**योगेश कुमार गोयल**

वर्तमान परिवेश में समाज के चारों ओर अपराध और भ्रष्टाचार का जो मकड़जाल फैलता जा रहा है, वह घुन की तरह देश की जड़ों को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है। इस दूषित वातावरण का सबसे गहरा असर युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो बेरोजगारी, अनिश्चित भविष्य और नैतिक विचलन के कारण हताशा व निराशा से जूझ रहा है। ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि युवा सही मार्ग से न भटके। इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उनमें राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराना, उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना और समुचित मार्गदर्शन देना समय की मांग है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगि. कता और भी बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत की आजादी की लड़ाई में जिन युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर क्रांति का बीजारोपण किया, वे ही आज की स्वतंत्रता की नींव बने।

भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरू जैसे असंख्य युवाओं ने देश की आन–बान और शान के लिए अपने निजी सुखों का त्याग कर सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। दुर्भाग्यवश, आधुनिक युग में हम स्वार्थपरता के कारण इन क्रांतिकारी जीवन गाथाओं को विस्मृत करते जा रहे हैं और अनजाने में ही भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसीलिए ऐसे महान और क्रांतिकारी युवाओं के जीवन आदर्शों से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है ताकि वह समाज में व्याप्त गंदगी से स्वयं को बचाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर सके। आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक और युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाने का उद्देश्य भी यही है। अल्पायु में ही अपने विचारों और ओजस्वी चिंतन से विश्वभर में विशिष्ट पहचान बनाने वाले विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के शाश्वत स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मनोमस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए। स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के महान प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें उनके ओजस्वी विचारों, तेजस्वी व्यक्तित्व और राष्ट्रोत्थान के प्रति अटूट विश्वास के कारण जाना जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा शक्ति के चरित्र, साहस और संकल्प पर निर्भर करता है। वे बार–बार कहा करते थे कि उनकी सारी आशाएं देश के युवा वर्ग पर टिकी हुई हैं क्योंकि वही समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। विवेकानंद आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। उनके विचार न केवल आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत थे बल्कि पूर्णतः व्यावहारिक और युगानुकूल भी थे। भारतीय नवजागरण के अग्रदूत के रूप में उन्होंने युवाओं को आत्महीनता, भय और हीनभावना से बाहर निकालकर आत्मगौरव और आत्मविश्वास से भरने का कार्य किया। उनका विश्वास था कि जब तक युवा अपने भीतर छिपी शक्ति को नहीं पहचानेंगे, तब तक राष्ट्र का वास्तविक उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं को यह बोध कराया कि वे कमजोर नहीं हैं बल्कि उनमें असीम सामर्थ्य विद्यमान है।

केवल 39 वर्ष के अल्प जीवनकाल में स्वामी विवेकानंद मानवता को विचारों की ऐसी अमूल्य धरो. हर सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका कहना था कि भविष्य उन्हीं युवाओं का है, जिनका चरित्र .ढ़ हो, बुद्धि प्रखर हो और जिनके मन में दूसरों की सेवा के लिए त्याग और समर्पण की भावना हो। वे मानते थे कि आज्ञाकारिता, अनुशासन और कर्त्तव्यबोध से ही युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकते हैं। विवेकानंद ने सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया और देश को सुदृढ़ बनाने का दायित्व उसी के कंधों पर रखा। उनके अनुसार, राष्ट्र निर्माण केवल शासन या संस्थाओं का काम नहीं बल्कि प्रत्एक जागरूक युवा का नैतिक कर्तव्य है। वे युवाओं से अपेक्षा करते थे कि वे केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और देश के व्यापक हित में सोचें और कार्य करें। उनका जीवन स्वयं इस बात का उदाहरण था कि संकल्प, साधना और सेवा के माध्यम से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं को निर्भीक बनने, कठिनाईयों से न घबराने और निरंतर कर्मरत रहने का संदेश दिया। उनका मानना था कि कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान युवक–युवतियां मिलकर समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। वास्तव में, विवेकानंद का संपूर्ण दर्शन युवाओं को आत्मबोध, राष्ट्रबोध और मानवबोध से जोड़ने का अनुपम प्रयास है, जो उन्हें एक श्रेष्ठ व्यक्ति और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# ग्रीनलैंड पर हमले का प्लान बना रहे ट्रम्प

## स्पेशल कमांडो को जिम्मेदारी सौंपी, जनरल बोले: राष्ट्रपति की जिद 5 साल के बच्चे जैसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया है। डेली मेल के मुताबिक ट्रम्प ने जाइंट स्पेशल आप. रेशंस कमांड (जेएसओसी) को यह जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि सैन्य अधिक. ारी इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं। वे इसे कानूनी रूप से गलत मानते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की यह रुचि घरेलू राजनीति से भी जुड़ी हो सकती है। इस साल के अंत में मिड-टर्म चुनाव होने वाले हैं और रिपब्लिकन ससंद पर नियंत्रण खोने से डर रहे हैं। इसलिए ट्रम्प कोई बड़ा कदम उठाकर लोगों का अर्थव्यवस्था की समस्याओं से ध्यान हटाना चाहते हैं। डेली मेल को एक राजनयिक सूत्र ने बताया कि, श्जनरलों को लगता है कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड योजना बेतुकी और गैरकानूनी है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति की जिद एक पांच साल के बच्चे से निपटने जैसा है। अमेरिका

**अमेरिका ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे नाटो के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है**

ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे नाटो के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। साथ ही यूरोपीय नेताओं के साथ सीधा टकराव हो सकता है, जिससे नाटो गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच सकता है।

कुछ यूरोपीय अधिकारियों का मानना है कि ट्रम्प के आसपास के कट्टरपंथी एमएजीए गुट का असली मकसद नाटो को अंदर से खत्म करना है, क्योंकि संसद उन्हें नाटो से बाहर निकलने की इजाजत नहीं देगी। इसलिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करके यूरोपीय देशों को नाटो छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ट्रम्प नाटो को खत्म करना चाहते हैं, तो यह शायद सबसे आसान तरीका हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुता. बिक, ट्रम्प लंबे समय से नाटो को अनुचित मानते हैं। उनका मानना है कि अमेरिका इसमें सबसे ज्यादा पैसा और संसाधन खर्च करता है, जबकि यूरोपीय देश अपने जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य को पूरा नहीं करते। पहले कार्यकाल में, उन्होंने नाटो सहयोगियों से भुगतान बढ़ाने की मांग की और कहा कि अगर वे नहीं मानेंगे तो अमेरिका उनकी रक्षा नहीं करेगा। 2024 चुनाव अभियान में, ट्रम्प ने कहा कि वे रूस को उन नाटो सदस्यों पर जो चाहे करने की अनुमति देंगे जो पर्याप्त खर्च नहीं करते। ट्रम्प का मकसद 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को बढ़ावा देना है। जिसमें वे अमेरिकी करदाताओं के पैसे को विदेशी सुरक्षा पर कम खर्च करना चाहते हैं। साथ ही यूरोप को अपनी रक्षा खुद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प नाटो को कमजोर करके रूस के साथ बेहतर संबंध बनाना चाहते हैं।

# ट्रम्प को झटका: कोर्ट ने वॉशिंगटन व ओरेगन में मतदान संबंधी आदेश रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन और ओरेगन में डाक द्वारा मतदान से जुड़े ट्रम्प प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अधिकांश प्रावधानों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ट्रम्प प्रशासन मतदान नियमों को सख्त करने की को. शिशों में जुटा हुआ था। सिएटल स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश जान एच. चुन ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को चुनावों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं है। ट्रम्प प्रशासन नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना चाहता था। सभी मतपत्रों को चुनाव दिवस तक प्राप्त करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने माना कि ये प्रावधान राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। जज ने अपने आदेश में कहा कि चुनावों को विनियमित करने का अधिकार केवल राज्यों और कांग्रेस के पास है।




मुंबई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुकूल ऑफ आर्ट की एक छात्र ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर आधारित कागज से बनी पोशाक पहने हुए

# ताइवान ने द्वीप के पास चीन के सैन्य विमान और नौसैनिक जहाज देखे

**ताइपे।** ताइवान ने रविवार को द्वीप के पास परिचालन कर रहे चीन के चार सैन्य विमान और छह नौसैनिक जहाज़ देखे है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह करीब छह बजे द्वीप के आसपास चार चीनी सैन्य विमान, छह नौसैनिक जहाज़ और एक आधिकारिक जहाज़ की गतिविधियां देखी। मंत्रालय ने कहा कि एक विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गया। ताइवान ने विमान और नौसैनिक जहाज़ भेजकर इसका जवाब दिया और चीनी गतिविधि पर नज़र रखी।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से ड्रोन घटना पर मांगा स्पष्टीकरण

**सोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले ड्रोन के बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया है। यह जानक. ारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने रविवार को दी। कोरिया वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति की उप निदेशक किम यो जोंग ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया की अधिकारी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय की इस सार्वजनिक घोषणा की सराहना की।

### उत्तरी अफ्रीका के देशों में बर्बर नववर्ष एनयार का उत्साह

**नई दिल्ली।** दुनिया के अधिकांश देशों में जहां नए साल का जश्न अब थम चुका है, वहीं बर्बर समुदाय (अमाज़ीग) के लोग अपने पारंपरिक नववर्ष (एनयार) की तैयारियां धूमधाम से कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तरी अफ्रीका के अल्जीरिया, मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र, माली, नाइजर आदि देशों में रहने वाले अमाज़ीग (बर्बर) समुदाय के लोगों का पारंपरिक नववर्ष वर्ष 12 जनवरी को शुरू होता है। यह नववर्ष प्राचीन बर्बर कैलेंडर से संबंधित है, जो जूलियन कैलेंडर पर आधारित है। बर्बर कैलेंडर की शुरुआत लगभग 950 ईसा पूर्व मानी जाती है, जब बर्बर मूल के राजा शेशनक प्रथम ने मिस्र पर विजय प्राप्त कर शासन संभाला।

### फ्रांस में हिमस्खलन में दो स्कीयरों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के सावोई विभाग (क्षेत्र) के वैल-डी' इसेरे में ऑफ-पिस्ट स्कीइंग करते समय हिमस्खलन में फंसने से शनिवार को दो फ्रांसीसी स्कीयरों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। फ्रांस के दैनिक अखबार ले फिगारो ने वैल-डी 'इसेरे पर्यटन के बयान का हवाला देते हुए कहा कि दोनों पीड़ित 2.5 मीटर बर्फ के नीचे दबे हुए थे और बचाव दल उन्हें ढूंढने और उन तक पहुंचने में कामयाब होने के बाद भी उन्हें बचा नहीं पाए।

# ट्रम्प को बताया ईरान पर हमले का प्लान

## अधिकारियों ने ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी, अमेरिकी राष्ट्रपति का फैसला लेना बाकी

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है। वहीं, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या इजरायल ने ईरान पर हमला किया, तो दोनों को सख्ती से जवाब देंगे। दूसरी तरफ टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमे. रिका और इजरायल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूर रहने को कहा।

पजशकियान का कहना है कि अधिक. ारी प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे, लेकिन देश में फैलते जा रहे हैं और दंगाई पूरे समाज को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। पजशकियान ने कहा कि हम लोगों की समस्या का समाधान करेंगे, लेकिन दंगाइयों के एक समूह को पूरे समाज को खत्म करने की इजाजत नहीं दे सकते। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को राष्ट्रपति का एक साक्षात्कार प्रसारित किया, जिसमें पजशकियान ने यह बातें कहीं। ईरान पर अमे. रिकी हमले की आशंका को लेकर इजरायल हाई अलर्ट पर है। रायटर्स ने इजरायली सूत्रों के हवाले से बताया है कि हालात को देखते हुए इजरायली सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इजरायल और ईरान जून में 12 दिन की जंग लड़ चुके हैं, जिसमें अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर हवाई हमले किए थे। शनिवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बातचीत में ईरान में अमेरिकी दखल की संभावना पर चर्चा हुई। अमेरिकी अधिकारी ने काल की पुष्टि की, लेकिन बातचीत के मुद्दों का खुलासा नहीं किया। ईरान ने अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई पर तीखी चेतावनी जारी की है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा है कि अगर प्रदर्शनकारियों को लेकर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो अमेरिकी सेना और इजरायल दोनों ईरान के निशाने पर होंगे। यह पहला मौका है जब ईरानी नेतृत्व की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई में इजरायल को भी सीधे तौर पर निशाना बनाए जाने की बात कही गई है। ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। ईरान के अटार्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को 'खुदा का दुश्मन' माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी ईरानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन हुए। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी ने ईरानी दूतावास का इस्लामी गणराज्य का झंडा हटाकर 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले इस्तेमाल होने वाला झंडा फहरा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी ने शेर और सूरज के निशान वाला तिरंगा झंडा लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह झंडा कई मिनट तक दूतावास पर लगा रहा, जिसके बाद उसे हटा दिया गया। यह झंडा ईरान में शाह के शासनकाल के दौरान इस्तेमाल किया जाता था। प्रदर्शन के दौरान 'डेमोक्रेसी फार ईरान' और 'फ्री ईरान' जैसे नारे लगे। लंदन पुलिस ने कहा कि झंडा हटाने की घटना के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकी जा सके और ईरानी दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



**ईरानी राष्ट्रपति बोले: अमेरिका व इजरायल दंगे भड़का रहे, ईरान पर हमले की आशंका को लेकर इजरायल हाई अलर्ट पर**

### अमेरिका ने हमला किया, तो हम इजरायल, अमेरिका दोनों पर हमला करेंगे: ईरान संसद अध्यक्ष ग़ालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की मजलिस (संसद) के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर ग़ालिबाफ ने कहा है कि अगर अमेरिका उनके देश पर हमला करता है तो वे भी इजरायल और अमेरिका दोनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। कैस्पियन पोस्ट की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, ग़ालिबफ ने एक आपातकालीन बैठक के दौरान कहा कि इजरायल और अमे. रिका का सामना करने के अलावा ईरान आर्थिक, संज्ञानात्मक-मनोवैज्ञानिक और 'सैन्य-आतंकवाद' के मोर्चे पर भी जंग लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है, तो वह इजरायल और पूर्वी एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमला करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर अमेरिका हमारे ऊपर सैन्य हमला करता है तो उनके कब्जे के दोनों क्षेत्रों यानी इजरायल और अमेरिकी सैन्य-नौसेना ठिकाने हमारे निशाने पर आ जाएंगे। ग़ालिबाफ ने कहा कि हम खुद को कार्रवाई के बाद प्रतिक्रिया देने तक सीमित नहीं मानते हैं। हम खतरे के किसी भी ठोस संकेत के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

# मादुरो ने अमेरिकी हिरासत से बेटे को भेजा संदेश

## 'योद्धा हूं', मजबूत बना हुआ हूं

**काराकस।** वेनेजुएला के सांसद निकोलस मादुरो ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अपने वकीलों के जरिए संदेश भेजा है। इसमें कहा गया है कि वह ठीक हैं और अमेरिकी हिरासत में होने के बावजूद मजबूत बने हुए हैं।

ग्वेरा ने वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं को संबोधित किया कि वकीलों ने हमें बताया कि वे मजबूत हैं और हमें उदास नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया पिता ने संदेश में कहा है कि हमलोग ठीक हैं। मैं योद्धा हूं। राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस, फिलहाल अमे. रिका में हैं। अमेरिकी सेना ने गत तीन जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था। इन हमलों की दुनिया भर में निंदा की गई और चिंता जताई गई है। ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता टूटे नहीं हैं, साथ में यह भी जोड़ा कि सरकार और उसके समर्थक 'एकजुट हैं और मजबूती से खड़े हैं'। उन्होंने कहा कि शाविज्मो (पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की विचारधारा) की ताकत एकता में है। चाहे कुछ भी हो जाए, हमें एकजुट रहना होगा। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने शनिवार को मादुरो और उनकी पत्नी की वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया। मिरांडा राज्य में एक सामुदायिक कार्यक्रम में बोलते हुए सुरोड्रिग्ज ने कहा कि वेनेजुएला के नेतृत्व या शासन कार्यक्रम के बारे में कोई अनिश्चितता नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां कोई अनिश्चितता नहीं है। वेनेजुएला के लोग ही सब कुछ संभाल रहे हैं। यहां एक सरकार है, जो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की है। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने शांति, स्थिरता और देश के भविष्य की गारंटी के लिए एकता बनाए रखने की अपील की।



**अमेरिकी सेना ने गत तीन जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था**

# बांग्लादेश में 10 पार्टियां कर सकती है गठबंधन

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी 10 अन्य दलों के साथ मिलकर गठबंधन करने की तैयारी कर रही है। इनमें जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश और नेशनल सिटिजन पार्टी शामिल हैं।

इन दलों का कहना है कि वे सीट बंटवारे के समझौते के काफी करीब पहुंच गए हैं। जल्द ही सभी 11 दलों की एक साथ बैठक भी हो सकती है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव है। नेताओं का कहना है कि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख 20 जनवरी से पहले सीट बंटवारे को लेकर समझौते की घोषणा हो सकती है। एनसीपी पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम ने बुधवार को कहा कि एक-दो दिनों के भीतर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। जमात, इस्लामी आंदोलन और एनसीपी के अलावा इस गठबंधन में बांग्लादेश खिलाफत मजलिस, खिलाफत मजलिस, बांग्लादेश खिलाफत आंदोलन, आमार बांग्लादेश पार्टी, बांग्लादेश नेजाम-ए-इस्लाम पार्टी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी, जातीय गणतांत्रिक पार्टी और बांग्लादेश डेवलपमेंट पार्टी भी शामिल हैं। शुरुआत में गठबंधन में आठ दल थे, लेकिन बाद में एनसीपी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और आमार बांग्लादेश पार्टी इसमें शामिल हो गईं।

**इनमें पूर्व पीएम खालिया जिया की भी पार्टी**

# इस्लामाबाद में गैस सिलेंडर विस्फोट में आठ की मौत, 11 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक रिहायशी इमारत में गैस सिलेंडर फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा भी शामिल है। इस घटना में 11 अन्य घायल हुए हैं। इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन ने रविवार को बताया कि विस्फोट स्थानीय समय के अनुसार आज तड़के करीब दो बजे एक रिहायशी इमारत में हुआ, जहां शादी की रस्म चल रही थी। विस्फोट के कारण इलाके में दहशत फैल गई। इसके कारण आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारी ने बताया कि अब तक मलबे के नीचे फंसे 19 लोगों को बचाया गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिसिसिपी में बच्चे और पादरी समेत छह लोगों की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. नूर के रूप में हुई

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के क्ले काउंटी में एक सनकी हमलावर ने कहर बरपाते हुए अपने परिवार के कुछ सदस्यों और एक पादरी सहित छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार रात हुई इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. मूर के रूप में हुई है। शेरिफ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमले की शुरुआत डेविड हिल रोड स्थित एक घर से हुई, जहां डारिका मूर ने अपने पिता ग्लैन मूर (67), भाई क्विटन मूर (33) और चाचा विली एड गाइन्स (55) को गोलियों से भून दिया। इसके बाद आरोपी अपने भाई का ट्रक लेकर कुछ दूरी पर स्थित एक अन्य रिश्तेदार के घर पहुंचा, जहां उसने अपनी सात वर्षीय चचेरी बहन की बेरहमी से हत्या कर दी। चश्मदीदों के मुता. बिक, वहां मौजूद एक अन्य छोटा बच्चा उसका शिकार होने से बच गया। हत्या का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। आरोपी इसके बाद पास के एक चर्च पहुंचा और वहां मौजूद पादरी बैरी ब्रैडली और उनके भाई सैमुअल ब्रैडली की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह पादरी की कार छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की और आधी रात के करीब एक रोडब्लॉक के दौरान आरोपी को हथियार सहित धर दबोचा। क्ले काउंटी के शेरिफ एडी स्कॉट ने इस घटना को एक भयानक पारिवारिक त्रासदी बताया है। हालांकि अभी तक सामूहिक हत्याकांड के पीछे के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए वे आरोपी के खिलाफ मृत्युदंड की मांग करेंगे। इस घटना के बाद स्थानीय समुदाय में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मानना है कि मूर ने अकेले ही यह काम किया। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया



**चश्मदीदों के मुताबिक वहां मौजूद एक अन्य छोटा बच्चा उसका शिकार होने से बच गया, हत्या का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका**

# वेनेजुएला में अमेरिकी एक्शन से कनाडा में बढ़ी चिंता

## एक्सपर्ट बोले: ट्रम्प की धमकी बेवजह नहीं, वे मिलिट्री हमला कर सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वेनेजुएला में हालिया कार्रवाइयों के बाद कनाडा में भी डर और चिंता का माहौल है। अमेरिकी सेना हाल ही में वेनेजुएला में घुसकर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयार्क ले आई थी। इस बीच ट्रम्प के पुराने बयान और धमकियां फिर चर्चा आ गई जो उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए दी थीं।

कनाडा के अखबार द ग्लोब एंड मेल में छपे एक लेख में कहा गया है कि कनाडाई लोगों को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए कि ट्रम्प उनके देश के खिलाफ भी मिलिट्री प्रेशर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस लेख के लेखक और कनाडाई प्रोफेसर थामस होमर-डिक्सन ने कहा कि अगर कनाडा के खिलाफ किसी तरह का सैन्य दबाव डाला जाता है, तो यह साफ होना चाहिए कि इसकी कीमत बहुत भारी होगी। कनाडा की तरह ही ट्रम्प ग्रीनलैंड को भी अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ग्रीनलैंड और कनाडा में कई समानताएं हैं।

दोनों लोकतांत्रिक हैं, आर्कटिक इलाके में स्थित हैं और नाटो जैसे सुरक्षा संगठन का हिस्सा हैं, जिस पर ट्रम्प अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। इसी वजह से कनाडा खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कनाडा सरकार को सुरक्षा मामलों में सलाह दे चुके वेस्ली वार्क ने कहा कि ओटावा के कई अधिकारी अब भी यह मानने को तैयार नहीं हैं कि हालात इतने बदल चुके हैं। वेस्ली के मुताबिक, वेनेजुएला और ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के कदम कनाडा के लिए आखिरी चेता. वनी हैं। ये दिखाते हैं कि अमेरिका अब वैसा देश नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सत्ता में आने के बाद से ही अमेरिका पर निर्भरता कम करने की कोशिशें शुरू कर दी थी। वे अब चीन के साथ व्यापार बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हाल ही में कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड और डेनमार्क की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने ट्रम्प की कनाडा से जुड़ी पुरानी धमकियों पर कोई टिप्पणी नहीं की। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका की तरफ से कनाडा पर सीधा सैन्य हमला होना मुश्किल है, लेकिन आर्थिक दबाव डाला जा सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर स्टेफनी कार्विन ने कहा कि अमे. रिका अब पहले से ज्यादा आसानी से कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है, अगर ऐसा करना राष्ट्रपति की इच्छा के मुताबिक हो। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर ट्रम्प के दबदबे के बाद यह साफ है कि अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए ज्यादा आक्रामक हो सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी के ही प्रोफेसर फिलिप लागासे ने एक और आशंका जताई। उनके मुताबिक, अगर कनाडा किसी बड़ी आपदा



**इस बीच ट्रम्प के पुराने बयान और धमकियां फिर चर्चा में आ गईं, जो उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए दी थीं**





